राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 96
लखनऊ, शनिवार 06 दिसंबर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- र 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



ब्रांड उत्तर प्रदेश की पहचान बनने के बाद अब लॉन्च होगा ओडीओपी-2 : योगी 03

साइबर क्राइम पुलिस ने फ्रॉड किए गए 46,551 रुपए कराए वापस 10

## उत्तर प्रदेश के 29 प्रतिभागियों का एक्सपोजर विजिट के लिए चयन

▸ प्रदेश की पंचायतों में नवाचार आधारित विकास की खुलेगी नई राह

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा पंचायतों को अधिक सक्षम, आत्मनिर्भर और नवाचारी बनाने के उद्देश्य से महाराष्ट्र राज्य में 07 से 11 दिसम्बर 2025 तक आयोजित पांच दिवसीय एक्सपोजर विज़िट हेतु प्रदेश के 23 जनपदों से कुल 29 प्रतिभागियों को चयनित किया गया है।

यह दौरा ग्राम पंचायतों में हो रहे उत्कृष्ट व सफल नवाचारों को प्रत्यक्ष देखने, समझने और उन्हें अपने क्षेत्रों में लागू करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम का समन्वय यशदा, पुणे द्वारा किया जाएगा, जो देश भर में उच्चस्तरीय प्रशिक्षण संस्थान के रूप में विख्यात है।

प्रतिभागियों को महाराष्ट्र की उन पंचायतों में ले जाया जाएगा, जहां ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, ओएसआर जनरेशन, सामाजिक उद्यमिता, बायोगैस-आधारित ऊर्जा मॉडल तथा सामुदायिक सहभागिता जैसी नवाचारी कार्यप्रणालियों ने स्थानीय विकास को एक नई दिशा दी है।

## 103 वर्ष बाद बदला हाईस्कूल व इण्टर की कॉपियों का लेआउट

### नकल माफियाओं की कमर तोड़ने के लिए बोर्ड ने उठाया सख्त कदम, प्रदेश की चार सरकारी प्रेसों में छप रही 2.60 करोड़ कॉपियां

▸ कॉपियों की अदला बदली की गुंजाइश पूरी तरह से होगी खत्म : बोर्ड सचिव

समृद्धि न्यूज



प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी और रामपुर जिले में स्थित गवर्नमेंट प्रेस यानी राजकीय मुद्रणालय से कराया जा रहा है उत्तर पुस्तिकाओं का प्रकाशन

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड ने 10वीं और 12वीं की परीक्षा को नकल विहीन कराने और नकल माफिया की कमर तोड़ने के लिए अब तक कई कड़े कदम उठाए हैं।

यूपी बोर्ड के 103 वर्ष से भी पुराने इतिहास में इस बार नकल रोकने के लिए हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं यानी कापियों के लेआउट को ही पूरी तरह से बदल दिया है। यूपी बोर्ड ने ऐसा इसलिए किया है ताकि कॉपियों की अदला बदली न की जा सके। इन कापियों में सुरक्षा के कड़े प्रावधान भी किए गए हैं। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह का दावा है कि इससे कापियों की अदला-बदली की गुंजाइश पूरी तरह से खत्म हो जाएगी।

यूपी बोर्ड की वर्ष 2026 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं इस बार 18 फरवरी से 12 मार्च की बीच आयोजित की जाएंगी। यूपी बोर्ड की परीक्षा में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट को मिलाकर 52 लाख 30 हजार 297 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, जिसमें हाईस्कूल में 27 लाख 50 हजार 945 और इंटरमीडिएट में 24 लाख 79 लाख 352 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इन परीक्षार्थियों के लिए यूपी बोर्ड करीब 2 करोड़ 60 लाख उत्तर पुस्तिकाओं यानी कापियों की छपाई करा रहा है। यह उत्तर पुस्तिकाएं परीक्षा से पहले जनवरी माह में जिलों में भेज दी जाएंगी।

**इस बार कॉपियों के कलर में भी किया गया बदलाव**

यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि इंटरमीडिएट की बी कॉपी 12 पेज की होगी जो कि ग्रीन कलर की होगी, जबकि हाईस्कूल की ए कापी ब्राउन कलर की होगी और यह 18 पेज की होगी। वहीं बी कापी भी ग्रीन कलर की होगी और 12 पेज की होगी। इन कापियों में खास बात यह होगी कि हर पेज पर माध्यमिक शिक्षा परिषद का मोनोग्राम अंकित होगा, ताकि किसी तरह से कॉपियों की अदला बदली या डुप्लीकेसी न की जा सके। कॉपियों में पहले से ही कलर कोडिंग और सिलाई की व्यवस्था होती थी, ताकि कापियों के पन्ने न बदले जा सकें लेकिन इस बार कापियों के कलर में भी बदलाव किया गया है। इंटरमीडिएट की ए कॉपी 24 पेज की होगी। जिसके प्रथम पेज पर मजेंटा कलर से डिटेल प्रिंटिंग की गई होगी।

इसके पूर्व जहां कॉपियां चौड़ाई में होती थी। वहीं इस बार परीक्षार्थियों को लम्बाई के ले आउट में कॉपियां मिलेगी यानी कि जिस तरह की कापियों में छात्र आमतौर पर लिखते हैं। उसी तरह से उन्हें लिखने का मौका मिलेगा। यूपी बोर्ड के इतिहास में कॉपियों के लेआउट में पहली बार बदलाव किया जा रहा है।

## भारत-रूस के बीच 16 समझौते

### रूसी नागरिकों को 30 दिनों का ई-टूरिस्ट वीजा मुफ्त व ग्रुप टूरिस्ट वीजा मुफ्त में देगा भारत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और रूस के बीच शुक्रवार को सात क्षेत्रों में 16 समझौतों और करार पर हस्ताक्षर हुए और 5 घोषणाएं की गईं। दोनों देशों में प्रवासन और गतिशीलता, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा, समुद्री सहयोग और ध्रुवीय जल, उर्वरक, सीमा शुल्क और वाणिज्य, शिक्षा तथा मीडिया क्षेत्र में सहयोग पर सहमित बनी।

भारत-रूस आर्थिक सहयोग के रणनीतिक क्षेत्र के विकास के लिए 2030 तक के कार्यक्रम पर सहमत हुए हैं। भारत रूसी नागरिकों को आपसी आधार पर 30 दिनों का ई-टूरिस्ट वीजा मुफ्त और रूसी नागरिकों को ग्रुप टूरिस्ट वीजा मुफ्त में देगा। वहीं, रूसी पक्ष ने इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस में शामिल होने के लिए फ्रेमवर्क एग्रीमेंट अपनाने का फैसला किया है। इसके अलावा दोनों देशों ने 'इंडिया. फैब्रिक ऑफ़ टाइम' प्रदर्शनी के लिए समझौते पर भी सहमति की घोषणा की। ये समझौते भारत-रूस सहयोग को व्यापक, आधुनिक और व्यावहारिक स्वरूप देने के लिए महत्वपूर्ण आधार प्रदान करते हैं। कुशल भारतीय कार्यबल के रूस में सुरक्षित और सुव्यवस्थित आवागमन के लिए बनाए गए ढांचे से दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को लाभ मिलेगा।

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और विज्ञान में जानकारी व विशेषज्ञों का आदान-प्रदान शोध और नवाचार को नई गति देगा। खाद्य सुरक्षा समझौता स्वच्छता और गुणवत्ता मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करेगा। भारतीय सेफ़ारर्स के लिए पोलर वॉटर प्रशिक्षण, समुद्री क्षेत्र में संयुक्त अन्वेषण, अनुसंधान और बंदरगाह सहयोग क्षमता निर्माण को मजबूत करेंगे। यूरिया संयंत्र की संयुक्त पहल कृषि क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करेगी। कस्टम्स जानकारी के आदान-प्रदान से व्यापार प्रक्रिया सरल होगी, जबकि डाक एवं ई-कॉमर्स सहयोग छोटे उद्योगों को नई संभावनाएँ मिलेंगी। शिक्षा, कौशल विकास, छात्र आदान-प्रदान और मीडिया सहयोग दोनों देशों के लोगों एवं संस्थागत संबंधों को और सुदृढ़ करेंगे।



**कृषि मंत्रियों की बैठक में कृषि व्यापार को बढ़ावा देने पर जोर**

**नई दिल्ली।** भारत और रूस के कृषि मंत्रियों की आज यहां हुई बैठक में कृषि व्यापार को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। दोनों पक्षों ने मौजूदा सहयोग पर चर्चा की और भविष्य के सहयोग के क्षेत्रों की रूपरेखा भी तैयार की। मंत्रालय के मुताबिक कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यहां कृषि भवन में रुस की कृषि मंत्री ओक्साना लुट के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इसमें दोनों पक्षों ने मौजूदा सहयोग पर चर्चा की और भविष्य के सहयोग के क्षेत्रों की रूपरेखा तैयार की। शिवराज सिंह ने बढ़ते द्विपक्षीय कृषि व्यापार पर प्रकाश डाला, जो वर्तमान में लगभग 3.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर है। उन्होंने और अधिक संतुलित व्यापार की आवश्यकता पर बल दिया और भारतीय आलू, अनार और बीजों के निर्यात से संबंधित लंबे समय से लंबित मुद्दों के समाधान के लिए रूस का धन्यवाद किया।

**अमेरिकी प्रतिबंधों को दरकिनार कर तेल क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे भारत-रूस**

शिखरवार्ता के बाद जारी रूस से कच्चा तेल खरीदने को लेकर अमेरिकी सरकार की ओर से लगाए गए प्रतिबंधों का सीधा उल्लेख नहीं करते हुए संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि ऊर्जा क्षेत्र, भारत और रूस की रणनीतिक साझेदारी का प्रमुख स्तंभ है। दोनों देशों ने तेल, तेल उत्पाद, तेल शोधन क्षमता, प्रोद्योगिकी और क्षेत्रों के विकास में आपसी सहयोग को और बढ़ाने का फैसला किया। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि ऊर्जा, द्विपक्षीय व्यापार का प्रमुख हिस्सा तथा संप्रभु देश के रूप में रूस और भारत अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और जनकल्याण सुनिश्चित करेंगे। भारत और रूस के व्यापारिक संबंधों को कमजोर करने के पश्चिमी देशों के प्रयासों का मुकाबला करने के लिए दोनों देश भुगतान की वैकल्पिक प्रणाली सुनिश्चित करने पर सहमति व्यक्त की। इसके तहत द्विपक्षीय व्यापार को बाधा रहित रूप से संचालित करने के लिए अपने -अपने देशों की राष्ट्रीय मुद्रा का उपयोग जारी रखने का फैसला किया गया। दोनों देश अपनी भुगतान प्रणालियों के बीच तालमेल भी कायम करेंगे।

## पान मसाला-सिगरेट पर अब लगेगा नया टैक्स : निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली।** सिगरेट-पान मसाला जैसे प्रोडक्ट पर सरकार अब एक्स्ट्रा टैक्स लगाएगी। एक्स्ट्रा टैक्स से आने वाले पैसे को नेशनल सिक्योरिटी के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। यह जानकारी शुक्रवार को लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दी। लोकसभा में शुक्रवार को हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल पास हो गया। इस बिल के पास होने के बाद पान मसाला जैसी चीजें महंगी हो जाएंगी। बिल पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कारगिल लड़ाई तैयारी की कमी की वजह से हुई। आर्मी जनरलों ने बताया था कि 1990 के दशक की शुरुआत से बजट की कमी की वजह से आर्मी के पास सिर्फ 70-80% ऑथराइज्ड हथियार, गोला-बारूद और इक्विपमेंट थे। हम नहीं चाहते कि भारत में वह स्टेज फिर कभी वापस आए। वित्त मंत्री ने बिल पेश करते हुए कहा कि सेस किसी भी आवश्यक वस्तु पर नहीं, बल्कि स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाली हानिकारक वस्तुओं पर लगाया जाएगा। उन्होंने कहा विधेयक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आम नागरिकों पर बोझ डाले बिना राष्ट्र की सुरक्षा के लिए जरूरी चीजों के लिए फंड मिले। वित्त मंत्री ने कहा कि इस बिल से प्राप्त राजस्व को विशिष्ट स्वास्थ्य योजनाओं के लिए राज्यों के साथ साझा किया जाएगा।





विशेष श्रद्धांजलि सभा

प्रेरक उपस्थिति

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

गरिमामयी उपस्थिति

केशव प्रसाद मौर्य — उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश | ब्रजेश पाठक — उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

स्वतंत्र देव सिंह — मंत्री, जलशक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण, उत्तर प्रदेश | जयवीर सिंह — मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति, उत्तर प्रदेश | असीम अरुण — राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, उत्तर प्रदेश

सुषमा खर्कवाल — महापौर, लखनऊ | डॉ. लालजी प्रसाद 'निर्मल' — सदस्य, विधान परिषद

एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

दिनांक : 6 दिसंबर, 2025 | समय : प्रातः 9:30 बजे | स्थान : भारतरत्न बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर महासभा कार्यालय परिसर, हजरतगंज, लखनऊ

बाबा साहेब के विचारों के प्रति संकल्पित सरकार

✦ जीरो पॉवर्टी योजना का नाम बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर रखा गया ✦ लखनऊ में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण (बाबासाहेब की 25 फीट ऊंची प्रतिमा की स्थापना, पुस्तकालय, शोध केंद्र, अत्याधुनिक प्रेक्षागृह एवं संग्रहालय) ✦ श्रमिकों एवं वंचितों के बच्चों की उत्तम शिक्षा हेतु सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन ✦ डॉ. भीमराव आंबेडकर छात्रावास योजना (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्रों को शिक्षा में सहायता के लिए छात्रावासों का पुनर्निर्माण और नवनिर्माण) ✦ प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की तस्वीर लगाना अनिवार्य ✦ कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नामकरण पुनः डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय

विशेष आकर्षण
- बौद्ध भिक्षुओं द्वारा अस्थिकलश कक्ष में बुद्ध वन्दना एवं त्रिशरण पंचशील का पाठ
- बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के अस्थिकलश पर पुष्पांजलि

▶ लाइव प्रसारण DD NEWS & Youtube.com/DDNEWS

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP


## संक्षिप्त समाचार

### रिजर्व बैंक ने रेपो दर 0.25 प्रतिशत घटाई

मुंबई। रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बाजार की उम्मीद के मुताबिक रेपो दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक के बाद शुक्रवार को नीतिगत दरों की घोषणा करते हुए कहा कि समिति ने सर्वसम्मति से रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर इसे 5.25 प्रतिशत करने का फैसला किया है जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। उन्होंने बताया कि मुद्रास्फीति निम्नतम स्तर पर बनी हुई है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर ऊंची बनी हुई है। इससे केंद्रीय बैंक के पास नीतिगत ब्याज दरों में कटौती का मौका है।

### भारत को मिला पांचवां जीई-404 इंजन

**नई दिल्ली।** अमेरिकी इंजन निर्माता कंपनी जीई एयरोस्पेस ने शुक्रवार को स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) मार्क-1 ए के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को पांचवां जेट इंजन सौंप दिया। इस वित्त वर्ष के अंत तक भारत को 12 जीई-404 इंजन मिलने की उम्मीद है। एचएएल को मार्च से नए विमान की आपूर्ति करनी थी, लेकिन इसमें लगने वाले इंजन की अमेरिका से आपूर्ति में देरी की वजह से इंतजार लंबा हो गया। अब इंजन को लेकर बुनियादी समस्याओं का समाधान होने के बाद विमान के उत्पादन में तेजी आने की उम्मीद बढ़ी है।

## डीजे के विवाद में दूल्हे के साले ने लोगों को रौंदा, तीन की मौत

सपा नेताओं ने पहुंचकर पीड़ित परिजनों को दिलाया ढांढस

समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद/कायमगंज/कासगं।** जनपद कासगंज के गंजडुंडवारा के एक पैलेस में शादी समारोह में डीजे पर नाचने से रोकने पर युवक ने लोगों पर कार चढ़ा दी। जिससे तीन की मौत हो गई थी और शादी की खुशियां मातम में बदल गयी। जिसके बाद बेहद सादगी से फेरे और शेष रस्में पूरी कर शादी सम्पन्न हुई।

कोतवाली क्षेत्र के गॉंव मीरपुर निवासी मनोज यादव की पुत्री दीक्षा यादव का विवाह जनपद कासगंज के थाना गंजडुडवारा क्षेत्र के गाँव नगला मंशा निवासी सपा नेता विकास यादव पुत्र रामसनेही यादव के साथ तय हुआ था। दीक्षा यादव व विकास यादव दोनों के परिजन जडुडवारा क्षेत्र के कादरगंज रोड स्थित जेड पैलैस में पहुंचकर विवाह समारोह की तैयारी करने लगे। विवाह समारोह में डीजे बजाने को लेकर कौशल यादव पुत्र राम चन्द निवासी नगला मलखान थाना जैथरा जनपद एटा से विवाद हो गया। विवाद के दौरान सुरेश, गिरीश व बृजेश बाहर आकर बीड़ी पीने लगे, तभी कौशल ने शराब के नशे में कार चढा दी। कार की चपेट में आने से दूल्हे के ताऊ सुरेश चन्द उम्र 48 वर्ष, चाचा गिरीश चन्द्र उम्र 42 वर्ष निवासी नगला मंसा तथा मौसा बृजेश उम्र 40 वर्ष निवासी नगला सामती थाना उझानी जनपद बदायूं गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। जिन्हे उपचार के लिए मेडीकल कालेज अलीगढ लेकर पहुंचे। जहां उपचार के दौरान तीनों लोगों की मौत हो गई थी। देर शाम सुरेश और ब्रजेश का दाहसंस्कार बदायूं में हुआ। तीनों के परिवारों में मातम छा गया। सुरेश अपने पीछे पत्नी सूरजमुखी और छः बच्चो को छोड गए। गिरीश चन्द्र की पत्नी पहले ही मौत हो चुकी है, दो बेटे है, जो अब अनाथ हो गये। हादसे के बाद कौशल यादव फरार हो गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक भोजराज अवस्थी ने गिरफ्तारी के लिए दविशें दी। वहीं सपा से पटियाली विधायक नादिरा सुल्तान, जिलाध्यक्ष विक्रम यादव, पूर्व विधायक रामेश्वर यादव ने नगला मशा पहुंच कर मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की।



मृतकों के फाइल फोटो

# ग्राम पंचायत सचिवों ने शुरू किया सत्याग्रह

## सभी सचिव विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप से लेफ्ट हो गए तथा मांगो के न माने जाने पर 15 दिसंबर से भुगतान का डोंगल भी जमा कर देंगे

▸ ग्राम सचिवों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध, किया प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज



**मिहींपुरवा, बहराइच।** आनलाइन उपस्थिति,मूल विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य विभागों के कार्यो के थोपे जाने के विरोध में ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारीयो ने शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया है। सभी कर्मचारियों ने काला फीता बांधकर इस नई व्यवस्था का विरोध जताया।मिहींपुरवा विकास खंड मुख्यालय पर ग्राम पंचायत सचिवों ने गैर विभागीय कार्यों के विरोध में अपना शांतिपूर्ण सत्याग्रह पांचवें दिन भी जारी रखा।

विकासखंड मिहींपुरवा में ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति ने गैर विभाग के कार्यों के बढ़ते बोझ और अनावश्यक दबाव के खिलाफ आंदोलन शुरू किया है। सीमित के पदाधिकारी ने बताया कि फील्ड रिस्पांस सिस्टम और विभागीय कार्यों के अतिरिक्त लगातार गैर विभागीय कार्य कराए जा रहे हैं इसे नियमित विकास कार्य और ग्राम पंचायत की मूल जिम्मेदारियां प्रभावित हो रही हैं। जिसके चलते प्रदेश नेतृत्व ने आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया है। इस संबंध मे मुख्यमंत्री को संबोधित दस सूत्री ज्ञापन खंड विकास अधिकारी विनोद यादव को सौपा। सचिन ने अपनी विरोध रणनीति को चार चरणों में बनता है जो 1 दिसंबर से शुरू होकर 15 दिसंबर तक चलेगा पहले चरण में 1 से 4 दिसंबर तक सभी सचिवों ने काली पट्टी बांध शासकीय के कार्य किया। 5 दिसंबर से उन्होंने पूर्ण कार्य बहिष्कार का रास्ता अपनाया है। इस दौरान सभी साथियों ने शासकीय मोबाइल ग्रुप से लेफ्ट ले लिया है तथा 15 दिसंबर के बाद डोंगल भी जमा कर देने को कहा है। ग्रामीण विकास व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ग्राम सचिवों का कहना है कि सरकार और उच्च अधिकारियों को कई बार अवगत कराने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ है अब वह शांतिपूर्ण सत्याग्रह के माध्यम से अपनी मांगों को मजबूती से रख रहे हैं। सीमित ने स्पष्ट किया है कि आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा ग्राम पंचायत स्तर पर आवश्यक और जनहित के कार्य प्रभावित नहीं होंगे लेकिन अनावश्यक और गैर विभाग के कार्यों का विरोध रहता से जारी रहेगा आंदोलन के दौरान अधिकारी और सचिव प्रतिदिन अपनी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करा कर अपनी एकजुटता प्रदर्शित करेंगे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष ब्लॉक अनिल मौर्य,मंत्री अर्जुन सोनकर, ग्राम विकास संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष सुशील सिंह तथा ब्लॉक मंत्री शैलेश सिंह, बृजराज पाण्डेय, मनीष चौधरी,अनुज पाल, विजय शर्मा, दयानंद, संदीप चौधरी,दीपक चौधरी, विजय वर्मा, शहनवाज अहमद,विनय जाटव समस्त ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में पत्नी के बाद पति की मौत, दो साल की बेटी हुई अनाथ

**बहराइच।** एक सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई। खैरीघाट थाना क्षेत्र के बरदहा बाजार निवासी दिलीप पटवा की शुक्रवार सुबह लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी सुमन की मंगलवार को हुए हादसे में मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। यह हादसा मंगलवार रात करीब 8 बजे हुआ, जब दिलीप कुमार अपनी पत्नी सुमन के साथ नानपारा से कॉस्मेटिक का सामान खरीदकर लौट रहे थे। कोतवाली नानपारा क्षेत्र के कोटवा गांव के समीप नहर के पास उनकी बाइक को गन्ने से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुमन की मौके पर ही मौत हो गई। दिलीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां से बेहतर इलाज के लिए उन्हें लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया था। दिलीप कुमार गांव-गांव घूमकर कॉस्मेटिक का सामान बेचते थे और इसी से अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके छोटे भाई रेनू पटवा ने बताया कि मृतक दंपति अपने पीछे दो वर्ष की एक मासूम बेटी छोड़ गया है, जो अब अनाथ हो गई है।

## एसडीएम ने कन्छर व गंगवल ग्राम पंचायत का किया औचक निरीक्षण



समृद्धि न्यूज

**पयागपुर, बहराइच।** विधानसभा क्षेत्र पयागपुर-287 में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत उपजिलाधिकारी पयागपुर अश्वनी कुमार पाण्डेय ने ब्लॉक विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत कन्छर एवं गंगवल का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां मौजूद बीएलओ के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की तथा उनके द्वारा भरे गए पत्रकों की जांच की। एसडीएम ने बताया कि कुछ बीएलओ का कार्य संतोषजनक पाया गया, जबकि कुछ बीएलओ के कार्यों में कमियाँ पाई गईं। संबंधित कर्मियों को तत्काल सुधार हेतु निर्देश दिए गए। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी विशेश्वरगंज कमलेश कुमार मिश्र, नायब तहसीलदार विशेश्वरगंज शैलेश अवस्थी, सीडीपीओ दीपा गुप्ता, सुपरवाइजर सुशील कुमार मिश्र, प्रभात सिंह, विजय प्रभात चौहान सहित कुछ स्थानीय मतदाता उपस्थित रहे। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विशेष पुनरीक्षण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरी पारदर्शिता के साथ पूरा किया जाए, ताकि मतदाता सूची शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाई जा सके।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कैसरगंज इलाके में शुक्रवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी थी। जिससे दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया है। यह दुर्घटना कैसरगंज इलाके में चक पिहानी चौराहे के पास हुई। एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार श्रीपाल (20) कैसरगंज और प्रेमलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। कैसरगंज पुलिस के पहुंचने से पहले ही श्रीपाल की मौत हो चुकी थी। गंभीर रूप से घायल प्रेमलाल को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने लखनऊ रेफर कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

### जंगली जानवर ने मासूम पर किया हमला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के कैसरगंज क्षेत्र में शुक्रवार भोर में दिल दहला देने वाली घटना हुई। ग्राम पंचायत गोड़हिया नंबर तीन के मजरा मल्लाहनपुरवा में एक जंगली जानवर घर में घुसकर पांच वर्षीय अनुष्का निषाद पर हमला कर गया। बच्ची गहरी नींद में थी, तभी जानवर उसे मुंह में दबाकर भागने लगा। अनुष्का की चीख सुनते ही परिवार और ग्रामीण लाठी-डंडों के साथ मौके की ओर दौड़े। पीछा बढ़ता देख जंगली जानवर थोड़ी दूरी पर बच्ची को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। ग्रामीणों का कहना है कि हमला करने वाला जानवर भेड़िया था। हमले में अनुष्का के पीठ और शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर घाव आए हैं। उसे तत्काल कैसरगंज स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर उसके इलाज में जुटे हैं। इस घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग भी हरकत में आ गया। प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह ने बताया कि विभाग की टीम मौके पर भेज दी गई है और जंगली जानवर की तलाश जारी है, ताकि क्षेत्र में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

### सड़क पर कील गाड़ने को लेकर हुए मार पीट में सात घायल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के केवल पुर ग्राम में सड़क पर कील गाड़ने को लेकर विवाद हो गया।जिस में दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और जमकर मार पीट किया गया। दोनो पक्ष से सात लोग घायल हो गए। घटना की तहरीर कोतवाली देहात में दी गई। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के केवल पुर ग्राम के निवासी 34 वर्षीय सुनील कुमार 31 वर्षीय रामेश्वर 18 वर्षीय संजय कुमार 17 वर्षीय प्रदीप कुमार दूसरे पक्ष से राम बिहारी उस की 48 वर्षीय पत्नी सावित्री देवी 20 वर्षीय पुत्र विशाल घायल हो गए। घायल अवस्था में रामेश्वर ने बताया कि राम बिहारी का पुत्र विशाल सड़क पर कील गाड़ रहा था। जिस को मना किया था। उसी को लेकर दोनों पक्ष में कहासुनी हो गई थी।शुक्रवार के दिन रामेश्वर सुनील कुमार प्रदीप कुमार संजय खेत में गन्ना लाद के ट्रैक्टर ट्रॉली से आ रहे थे।तभी राम बिहारी ने रास्ते में रोक कर हमला कर दिया। जिसमें दोनों पक्ष में सात लोग घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष से मार पीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### सीचसी में डॉक्टरों की भारी कमी, मरीज परेशान

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** लाखों की आबादी के बोझ से दबा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला में चिकित्सकों के कमी का दंश झेल रहा है ।अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ, महिला चिकित्सक तथा हड्डी रोग विशेषज्ञ की कमी है।जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं है जिसकी मांग काफी अरसे से की जा रही है मजबूरी में मरीजों को निजी पैथालाजी पर जांच करानी पड़ती है ।अस्पताल में तीस बेड व बीस कोविड बेड से लैस है। सीएचसी उतरौला में अधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश सिंह, डा0 योगेंद्र यादव, डा0 संजय कुमार, डा0 विनय कुमार, डा0 यासिर खान व डॉक्टर सत्यम समेत छह चिकित्सकों की तैनाती है।अस्पताल में कुल ग्यारह नर्स संविदा पर काम कर रही हैं । लैब टेक्निशियन का कार्य तारिक, विमल, उमेश व शिवम देख रहे हैं । एक्सरे टेक्नीशियन गयासुद्दीन देख रहे है प्रति दिन लगभग सैकड़ों पीड़ितों का एक्सरे जांच की जाती है। अस्पताल में फिनीटोयन टेबलेट, रेस्पेयरी डोन टेबलेट, व निकथामाइड इंजेक्शन, अमीनोफाइलिंग इंजेक्शन तथा मेडाजोलाम इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है। सीएचसी अधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश सिंह ने बताया कि मौसम के बदलाव से मरीजों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है प्रतिदिन पांच सौ से छह सौ तक ओपीडी देखी जा रही है।

### यूटा की रुपईडीह कार्यकारिणी का गठन, ब्लॉक अध्यक्ष बने प्रवेश

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन यूटा की रूपईडीह कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसके अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय कौड़िया द्वितीय में सहायक अध्यापक के रूप में कार्यरत प्रवेश चंद्र तिवारी को सर्वसम्मति से ब्लॉक अध्यक्ष नामित किया गया, नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता शिक्षकों के हित में कार्य करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करना है।

## विस नानपारा का 92.69 प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण

▸ नानपारा के 109 बीएलओ ने किया शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण, 02 दिन लगेगा शिविर, बूथों पर होगी खुली बैठक

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** विधानसभा नानपारा का अभी तक कुल 92.69 प्रतिशत कार्य गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो चुका है अब एसडीएम ने एक और नई पहल करते हुए कुल बचे 7.31: कार्य को भी गुणवत्तापूर्ण कराने के उद्देश्य से कल से विधानसभा नानपारा के प्रत्येक बूथ पर 06 दिसम्बर और 07 दिसंबर को पूर्वान्ह 10:00 बजे से 04:00 बजे तक विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) के अंतर्गत प्रत्येक मतदेय स्थल पर कैंप लगाने के निर्देश दिए हैं। कल से लगने वाले कैंप में सभी बूथ लेबलि अधिकारी और बूथ लेबिल एजेन्ट उपस्थित रहेंगे।

कैंपों में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में अभी तक जिन मतदाताओं का गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुआ है अर्थात जो एएसडी में बताये जा रहे है उनके नाम कल प्रत्येक बूथ पर बीएलओ के द्वारा बूथ लेबिल एजेन्ट की उपस्थिति में व अन्य क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में पढ़कर सुनाए जाएंगे जिससे किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से न छूट सके। बूथों पर प्रपत्र वितरण से फीडिंग तक का कार्य किया जाएगा। उप जिलाधिकारी ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि बूथ लेबिल अधिकारी को अपने परिवार का सदस्य मानते हुए एसआइआर में सहयोग करें।

उन्होंने शिविर में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करते हुए सहयोग की अपील करते हुए कहा कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में बूथ लेबिल एजेन्टों प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के लिए जागरूक करें ताकि नो मैपिंग व अनकलेक्टिव मतदाताओं तक बूथ लेवल अधिकारियों की पहुंच आसान हो सके। उन्होंने कहा कि बीएलओ व मतदाता के बीच बीएलए द्वारा सेतु की भूमिका निर्वहन करने से शत-प्रतिशत मतदाताओं का प्रपत्र भरवाने में आसानी होगी।

एसडीएम ने बताया कि आयोग द्वारा निर्गत संशोधित समयसारिणी के अनुसार सभी नगर व ग्रामवासियों से अपील की कि स्वयं तथा अपने परिवार के गणना प्रपत्र भर कर संबंधित बूथ के बीएलओ को उपलब्ध करा दे। इस राष्ट्रीय अभियान में अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने बताया कि सभी बूथों पर बीएलओ तैनात है। यदि किसी मतदाता द्वारा अभी तक गणना प्रपत्र बीएलओ को नहीं दिया गया है, अथवा उन्हें प्रपत्र नहीं प्राप्त हुआ है या गुम हो गया है तो ऐसे मतदाता 06 व 07 दिसंबर 2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे अपने बूथ पर पहुंचकर प्रपत्र प्राप्त कर उसे भरकर जमा कर सकते है।

## मिशन शक्ति के तहत आयोजित हुआ चौपाल महिलाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक करने के लिए चौपालें आयोजित की गईं। जिले के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों ने प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूलों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों के साथ-साथ खेत और खलिहानों में भी महिला पुलिस कर्मियों की ओर से चौपालें लगाईं। इन चौपालों का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और स्वावलंबन के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

इन चौपालों के दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टॉप सेंटर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना और मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त, पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की गई। इनमें वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, इमरजेंसी कॉल/पैनिक बटन (मोबाइल पर डेमो), सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन 102, एम्बुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। इन नंबरों के बारे में पंपलेट बांटकर महिलाओं को जागरूक किया गया।

## नर्सिंग कॉलेज की छात्रा का प्रेमी गिरफ्तार



समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधी क्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में नगर कोतवाली पुलिस टीम ने आरोपी अभि युक्त तहसीनरजा पुत्र वसीम को गोंडा लखनऊ रोड स्थित ग्राम बैरागीपुरवा के पास से गिरफ्ता र कर लिया है।

बताते हैं कि एक दिसम्बर को एससीपीएम नर्सिंग कालेज की बीएएमएस द्वि तीय वर्ष की छात्रा द्वारा छात्रावास के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गयी थी। सूचना पर स्थानीय पुलिस व अधिकारियों के द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया था। शव के पंचायत नामा की कार्यवाही कर पोस्ट मार्टम हेतु भेजा गया था।मृतका के पिता मोह म्मद जहीन खां पुत्र मो.अमीन खां की लिखित तहरीर के आधार पर नामजद अभियुक्त तहसी न रजा के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।विवेचना के दौरान ज्ञा त हुआ कि विपक्षी तहसीन रजा मृतका की मो बाइल फोन के माध्यम से लगातार प्रताड़ित करता था तथा उससे अश्लील बातें करता था तथा अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देता था। इसी प्रताड़ना से तंग आकर छात्रा ने एससीपीएम नर्सिंग कॉलेज के हॉस्टल में आ त्महत्या कर ली थी।पांच दिसम्बर को कोतवा ली नगर पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान दोषी पाए गए आरोपी अभियुक्त तहसीन रजा पुत्र वसीम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार होम गार्ड की मौत

**गोंडा।** नगर कोतवाली क्षेत्र के बहराइच मार्ग स्थित मारुति चौराहे के पास शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे के आस पास ड्यूटी आ रहे बाइक सवार होम गार्ड जगजीवन यादव को ट्रक ने कुचल दिया जिस से उस की मौके पर ही मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही होम गार्ड के जवानों में दुख की लहर दौड़ गई। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है । कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के पड़री शंकर गांव के निवासी 58 वर्षीय जगजीवन यादव पुत्र भगवान दत्त शुक्रवार की सुबह बाइक से ड्यूटी आ रहा था। मिस्रौलिया चौकी मारुति चौराहे के पास पहुंचा ही था।तभी विपरीत दिशा से आ रही ट्रक ने साइड मार दिया जिस घायल हो गया। इलाज के।लिए उन्हें मेडिकल कालेज लाया चिकित्सक ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र अमर नाथ ने बताया कि उस के पिता जगजीवन यादव सिटी मजिस्ट्रेट के यहां ड्यूटी थी। घर से वहीं आ रहा था। मृतक के चार बच्चे है। होम गार्ड की मौत की खबर मिलते ही जिले के होम गार्ड में शोक की लहर दौड़ गई।

## इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के तेल डिपो को बंद करने के विरोध में कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज





**गोंडा।** कर्मचारियों ने गोंडा सांसद और विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के कार्यालय पर एकत्र होकर अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने तेल डिपो चालू करो, हमारी मांगें पूरी करो जैसे नारे लगाए। उनकी मुख्य मांग है कि गोंडा में संचालित डिपो को बंद न किया जाए।

क्योंकि इससे लगभग 500 छोटे कर्मचारियों सहित कई लोगों की आजीविका जुड़ी हुई है। कर्मचारियों के अनुसार, डिपो मैनेजर पिछले कई महीनों से उन्हें बता रहे हैं कि डिपो को लखनऊ स्थानांतरित किया जा रहा है और उन्हें कहीं और काम तलाशना चाहिए। डिपो से डीजल और पेट्रोल खाली कर दिया गया है, और इसे बंद करने की घोषणा की गई है। कर्मचारियों का कहना है कि कम वेतन पर लखनऊ जाकर नौकरी करना उनके लिए संभव नहीं होगा।कर्मचारियों ने बताया कि यह तेल डिपो 1995-1996 में तत्कालीन मंत्री और विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के पिता स्वर्गीय कुंवर आनंद सिंह द्वारा गोंडा में स्थापित कराया गया था।

वे चाहते हैं कि उनके बेटे के कार्यकाल में यह डिपो बंद न हो। गोंडा सांसद प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्रा ने पुष्टि की कि उन्हें कर्मचारियों से ज्ञापन मिला है, जिसे विदेश राज्यमंत्री को भेज दिया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे भी प्रयास करेंगे कि गोंडा का तेल डिपो बंद न हो और कर्मचारियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, ताकि स्वर्गीय राजा आनंद सिंह की विरासत बनी रहे।

## उत्साह के साथ प्रशिक्षण ले रहे एनसीसी कैडेट

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** नकापुर में स्थित आश्रम पद्धति विद्यालय सिसवा में चल रहे 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर में कमान अधिकारी एवं कैंप कमांडेंट करनल सुनील कपूर के ओपनिंग एड्रेस के साथआज दूसरे दिन एनसीसी कैडेट द्वारा सैनिक ड्रिल का अभ्यास किया गया एवं उन्हें अनुशासित रहते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। ट्रेनिंग के साथ ही साथ नेतृत्व के विषय में व्याख्यान देते हुए लेफ्टिनेंट संजय शुक्ला ने किस तरह अपने अंदर नेतृत्व की क्षमता पैदा किया जाए इस पर वृहद जानकारी दी।

लेफ्टिनेंट बीके तिवारी ने कम्युनिकेशन स्किल के बारे में बताते हुए कहा कि सेना में कम्युनिकेशन से ही समस्त प्रक्रियाएं संचालित होती है। गोंडा यातायात मुख्यालय से आए हुए ट्रैफिक इंस्पेक्टर बलराम सिंह ने कैडेटों को यातायात के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी एवं यह बताया कि सुरक्षित आवागमन किस तरह से किया जाए और नियम का पालन करते हुए वाहन चलाया जाए। अंत में सभी कैडेटो को 18 वर्ष से कम उम्र होने पर वाहन न चलाने की शपथ भी दिलाई। टीम को बटालियन की तरफ से स्मृति चिन्ह देखकर मेजर डॉक्टर राजेश द्विवेदी ने धन्यवाद व्यापित किया।

डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल रण योद्ध सिंह ने 10 दिवसीय प्रशिक्षण सेवा में सैनिक अभ्यास के साथ विभिन्न तरह के प्रतियोगिताएं संपन्न कराने हेतु दिशा निर्देश जारी किए और कैडेटों के अंदर छुपी हुई प्रतिभाओं को पहचानते हुए उसे निखारने का काम करने हेतु सभी को महत्वपूर्ण टिप्स दिए। बटालियन सूबेदार अनंगपाल सिंह संपूर्ण शिविर का दायित्व संभालते हुए ट्रेनिंग प्रभारी हवलदार कृष्ण कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस प्रशिक्षण शिविर में कैप्टन एन के मिश्रा, लेफ्टिनेंट संजय कुमार शुक्ला, लेफ्टिनेंट आनंद पांडे, केयरटेकर उदयभान, अरविंद कुमार भी मौजूद रहे।

**निरीक्षण** शहर के विभिन्न नगर निकायों, प्रमुख चौराहों, रैन बसेरों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित अलाव स्थलों का निरीक्षण

## जरूरतमंदों की सहायता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता

▸ अलाव की निरंतर उपलब्धता, रैन बसेरों की करें नियमित निगरानी

समृद्धि न्यूज





**गोण्डा।** जनपद में तीव्र होती शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए जनमानस को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक एवं प्रभावी कदम उठाए गए हैं।

जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती प्रियंका निरंजन के निर्देशानुसार प्रशासन की टीम ने देर रात्रि क्षेत्र में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी श्री आलोक कुमार, जिला आपदा विशेषज्ञ श्री राजेश श्रीवास्तव तथा जनपद के सभी उपजिलाधिकारीगण ने देर रात शहर के विभिन्न नगर निकाय क्षेत्रों, प्रमुख चौराहों, रैन बसेरों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित अलाव स्थलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने उपलब्ध कराई गई व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया तथा आवश्यकतानुसार स्थल पर ही सुधार के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि रैन बसेरों में ठंड से बचाव हेतु पर्याप्त व्यवस्था की गई है तथा जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाने के लिए कंबल, गर्म बिस्तर, स्वच्छ जल एवं प्रकाश की समुचित सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन पर भी अलाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे रात में ठंड से परेशान यात्रियों एवं राहगीरों को राहत मिल सके। जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने सभी संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये हैं कि शीतलहर के कारण किसी भी नागरिक को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। और सभी रैन बसेरा का प्रचार प्रसार भी कराये जिससे जनमानस को रेन बसेरा की जानकारी मिल सके उन्होंने कहा कि अलाव की निरंतर उपलब्धता, रैन बसेरों की नियमित निगरानी, तथा जरूरतमंद लोगों तक समय पर सहायता पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी तैयारियां समय से पहले पूर्ण कर ली जाएं और किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन ने जनपदवासियों से भी अपील की है कि यदि कहीं अलाव, रैन बसेरा या अन्य सार्वजनिक सुविधाओं में कमी दिखाई दे तो तत्काल स्थानीय प्रशासन या जिला कंट्रोल रूम जिसका नंबर 05262-230125 व 05262-358560 पर सूचित करें, जिससे त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। शीतलहर की चुनौती का सामना करने हेतु गोण्डा प्रशासन पूर्ण सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है तथा जनमानस की सुरक्षा एवं सुविधा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# ब्रांड उत्तर प्रदेश की पहचान बनने के बाद अब लॉन्च होगा ओडीओपी-2

## ओडीओपी योजना को विस्तार देना समय की मांग, ओडीओपी व ओडीओसी मिलकर यूपी को लोकल से ग्लोबल की दिशा में देंगे नई गति

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि ब्रांड उत्तर प्रदेश की पहचान बन चुकी एक जनपद- एक उत्पाद योजना अब अपने अगले चरण ओडीओपी 2.0 टू के माध्यम से स्थानीय उद्योग, स्वरोज़गार और निर्यात को नई ऊंचाई देने के लिए तैयार है।

उन्होंने ओडीओपी को अब और अधिक व्यापक, व्यावसायिक और परिणामोन्मुखी स्वरूप में आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2018 में प्रारंभ ओडीओपी योजना आज उत्तर प्रदेश के निर्यात और स्थानीय उद्योगों की रीढ़ बन चुकी है। अब तक 1.25 लाख से अधिक टूलकिट वितरित किए जा चुके हैं। लगभग 6 हजार करोड़ रुपये से अधिक का ऋण वितरण किया जा चुका है। लगभग 8 हजार से अधिक उद्यमियों को प्रत्यक्ष विपणन सहायता दी गई है।

### साथ ही प्रशिक्षण, ऋण सुविधा का विस्तार करने पर दिया जोर

### एक जनपद-एक व्यंजन योजना से जुड़ी है यूपी की सांस्कृतिक आत्मा

शुक्रवार को हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बदलते वैश्विक बाजार, आधुनिक मांग, तकनीकी उन्नयन, गुणवत्ता और पैकेजिंग की नई आवश्यकताओं को देखते हुए ओडीओपी को अब और अधिक व्यापक, व्यावसायिक और परिणामोन्मुखी स्वरूप में आगे बढ़ाने की जरूरत है। ओडीओपी 2.0 के माध्यम से सरकार का लक्ष्य होगा कि प्रदेश के पारंपरिक उत्पाद बड़े बाज़ार, निर्यात और स्थायी रोजगार का मजबूत आधार बनें। उन्होंने प्रत्येक जनपद की विशिष्ट खाद्य परंपरा को भी एक संगठित पहचान देने की दिशा में एक जनपद-एक व्यंजन की अवधारणा को साकार करने की भी जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि एक जनपद-एक व्यंजन योजना उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक आत्मा से जुड़ी हुई है। प्रदेश के हर क्षेत्र में खान-पान की कुछ न कुछ विशिष्ट परंपरा है। कहीं हलवा अच्छा है तो कहीं की दालमोठ। उन्होंने कहा कि हर जिले के विशेष व्यंजनों की मैपिंग कर उनकी गुणवत्ता, स्वच्छता, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और विपणन को सुदृढ़ किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडीओपी और ओडीओसी मिलकर उत्तर प्रदेश को लोकल से ग्लोबल की दिशा में नई गति देंगे।

### उद्यमियों को आगे बढ़ाने पर अधिक ध्यान देने की जरूरत

मुख्यमंत्री ने ओडीओपी 2.0 को लेकर कहा कि यह अब केवल एक योजना नहीं, बल्कि स्थायी रोजगार, स्थानीय उद्यम और निर्यात को नई ऊँचाई देने का सशक्त माध्यम बने। अब उन इकाइयों और उद्यमियों को आगे बढ़ाने पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है, जिन्होंने पहले चरण में उत्कृष्ट कार्य किया है, ताकि वे अपने व्यवसाय का और विस्तार कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि योजनाओं को इस तरह आगे बढ़ाया जाए कि तकनीक, पैकेजिंग, गुणवत्ता और बाजार सहित चारों मोर्चों पर उत्तर प्रदेश के उत्पाद सशक्त रूप में स्थापित हों।

# लखनऊ चिड़ियाघर में नई सुविधाएं, बच्चों के लिए लगे आकर्षक व सुरक्षित झूले

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) में ईको-टूरिज़्म को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग ने 1.91 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इसके तहत जू परिसर में कई विकासात्मक काम तेज़ी से किए जा रहे हैं। यह जानकारी शुक्रवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

परियोजना का उद्देश्य जू को अधिक आकर्षक, पर्यावरण-संगत और बच्चों के लिए अनुकूल बनाना है। इसी क्रम में हाल ही में बच्चों के मनोरंजन के लिए आकर्षक झूले (किड्स प्ले इक्विपमेंट) लगाए गए हैं, जिससे यहां आने वाले परिवारों और स्कूली बच्चों के लिए अनुभव और अधिक मनोरंजक व रोचक हो गया है। ये झूले सुरक्षित, मॉडर्न डिजाइन और अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखकर स्थापित किए गए हैं। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्राणी उद्यान में प्राकृतिक माहौल को और खूबसूरत बनाने के लिए बांस का फर्नीचर सेट भी लगाया जा रहा है, जिसमें बैठने की व्यवस्था, गज़ेबो-स्टाइल सेटअप और ओपन रेस्टिंग पॉइंट शामिल हैं। इससे पार्क का हरित व ईको-फ्रेंडली लुक और बेहतर होगा। साथ ही परिसर में दिशा निर्देश देने के लिए साइनेज सिस्टम को आधुनिक रूप दिया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### प्रतिबंधित कफसिरप केस में आरोपियों पर जल्द हो कठोर कार्रवाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कफसिरप मामले पर जांच एजेंसियां लगातार कार्रवाई कर रही हैं। इस बीच सपा विधायक रागिनी सोनकर ने सरकार से आरोपियों पर जल्द से जल्द कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। मीडिया से मुखातिब रागिनी सोनकर ने कहा, यह बहुत गंभीर मामला है और मेरा मानना है कि यह सामूहिक हत्या है। देश के हर कोने से बच्चों की मौत हुई है और बुजुर्ग लोगों ने भी अपनी जान गंवाई है। सरकार को सीधे या परोक्ष रूप से जिम्मेदार लोगों के खिलाफसख्त कार्रवाई करनी चाहिए और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करना चाहिए। घटना में जितने लोग भी जुड़े हैं, चाहे वे प्रत्यक्ष रूप से हों या अप्रत्यक्ष रूप से हों, सरकार किसी को छोड़े नहीं। जो लोग सीधे तौर पर जुड़े हैं, वे अभी पुलिस पकड़ से बाहर हैं। रागिनी सोनकर ने कहा, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी कुछ दिन पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और मीडिया के माध्यम से इस मुद्दे को उठाया था। सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने भी यही मामला उठाया। उम्मीद है कि आने वाले विधानसभा सत्र में विपक्ष इस मुद्दे पर चर्चा करेगा।

### बंगाल जा रहे हिंदूवादी नेताओं को पुलिस ने रोका

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ से मथुरा और मुर्शिदाबाद जा रहे विश्व हिंदू रक्षा परिषद के लोगों को पुलिस ने रोक लिया। परिषद के लोग बाबरी विध्वंस को लेकर शौर्य यात्रा निकाल रहे थे। परिषद के अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा कि अयोध्या के बाद अब मथुरा की बारी है। शौर्य यात्रा के लिए 50 गाड़ियों का काफिला गोमतीनगर में तैयार था। पूजा-पाठ, मंत्रोच्चार के बाद शंखनाद के साथ यात्रा जैसे ही चली, पुलिस ने रोक दिया। परिषद का कहना है कि हिंदू समाज अब अपने धार्मिक स्थलों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए पहले से अधिक जागरूक और संगठित हो गया है। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद विधायक हुमायूं कबीर ने कहा है कि बाबरी मस्जिद बनवाएंगे। वो जहां भी मस्जिद बनवाएंगे हम वहां राम मंदिर बनवा देंगे। परिषद के अध्यक्ष गोपाल राय ने बताया दो टीमें बनाई गई थीं। एक टीम श्री कृष्ण जन्मभूमि मथुरा जाती और दूसरी मुर्शिदाबाद जाती। यह यात्रा केवल प्रतीकात्मक नहीं बल्कि हिंदू आत्म सम्मान की पुनर्स्थापना का भी संकल्प है।

### सहायक लेखाधिकारी से लेखाधिकारी पद पर जल्द हो पदोन्नति

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार उ.प्र. लेखा एवं लेखा परिक्षा सेवा परिसंघ की एक आपात बैठक परिसंघ के अध्यक्ष सुशील कुमार ''बच्चा'' की अध्यक्षता में हुयी जिसमें लम्बित चल रहे सहायक लेखाधिकारी से लेखाधिकारी के पद पर जल्द पदोन्नति किये जाने का मुद्दा उठाया गया। परिसंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार ''बच्चा'' तथा महामंत्री शरद शुक्ला ने बताया कि सहायक लेखाधिकारी की पदोन्नति लेखाधिकारी के पद पर काफी समय से लम्बित होने से लेखा संवर्ग में काफी नाराजगी है जब कि मुख्य सचिव के स्पष्ट आदेश है कि पदोन्नति में बिल्कुल विलम्ब न हों। इस संबंध में निदेशक कोषागार विजय कुमार से मुलाकार कर विस्तृत चर्चा भी हुयी जिसके बाद उन्होंने बताया कि वित्त विभाग द्वारा उठायी गयी आपत्तियों का निराकरण कराकर जल्द शासन को प्रस्ताव भेजा जायेगा। बैठक में संरक्षक सतीश कुमार पाण्डेय, बल्दाऊ श्रीवास्तव, दिलीप सक्सेना, संजय कुमार पाण्डेय, मनोज श्रीवास्तव, जेपी त्रिवेदी, हरीश चौधरी आदि मौजूद रहे।

### एयरपोर्ट पर इंडिगो कर्मियों और यात्रियों में झड़प

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्रियों ने लगातार दूसरे दिन हंगामा बरकरार है। यहां शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे इंडिगो के काउंटर पर कर्मियों से यात्रियों के बीच झड़प हो गई। यात्रियों का कहना था कि फ्लाइट कैंसिल रहती है, इसके बावजूद बोर्डिंग पास दिए जा रहे हैं। मोबाइल में फ्लाइट चेक-इन के मैसेज भी आ रहे हैं। सिडनी जा रही महिला ने बताया कि मैं यहां शादी में आई थी, होटल से निकली तो ऑनलाइन बोर्डिंग पास भी निकाल लिया। लेकिन जब यहां आकर देखा तो डिस्प्ले पर सभी फ्लाइट कैंसिल दिख रही हैं। अगर ऑनलाइन भी कैंसिल दिखाते तो यहां तक आने में समय तो बर्बाद न होता। यहां अंदर नहीं घुसने दे रहे हैं, न बैठने की जगह है, न सामान रखने की। यात्रियों का कहना है- मिस-मैनेजमेंट के चलते कैंसिल फ्लाइट का भी बोर्डिंग पास दे दिया गया। जब इंडिगो काउंटर पर कर्मचारियों से जानकारी करने की कोशिश की जाती है तो वे सही जवाब नहीं देते। अगर उनसे रिफंड मांगो तो टिकट आगे बढ़ाने को कहा जाता है।

### सचिवालय में आठ विशेष सचिव के पदों की बढ़ोत्तरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सचिवालय प्रशासन द्वारा बताई जाने वाली आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए आठ विशेष सचिव के पदों की बढ़ोतरी कर दी गई। प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन मनीष चौहान द्वारा इस आशय का आदेश जारी कर दिया गया है। ज्ञात हो कि सचिवालय सेवा संवर्ग में समूह क के अनुसचिव के 158 पद, उप सचिव के 85, सयुक्त सचिव के 80 और विशेष सचिव के 35 पद सृजित है। ऐसे में कार्यों के अनुपालन के लिए विशेष सचिव की विशेष आवश्यकता को देखते हुए यह बढ़ोत्तरी का निर्णय लिया गया।

### छठी के छात्र की हार्ट अटैक से मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में छठी क्लास के एक छात्र की शुक्रवार सुबह हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह महानगर स्थित मोंट फोर्ट इंटर कॉलेज का छात्र था। टीचर ने बताया छात्र ने ढाई घंटे तक इंग्लिश का पेपर दिया। उसके बाद पानी पीने के लिए उठा। पानी पीने के बाद बेहोश होकर गिर गया। स्कूल में उसे प्राथमिक उपचार दिया गया, हालत में सुधार नहीं होने पर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे की पहचान छात्र अमेय सिंह उर्फ आरव के रूप में हुई। वह महानगर स्थित मोंट फोर्ट इंटर कॉलेज का छात्र था। कॉलेज के टीचर उसे भाऊराव देवरस सिविल अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने काफी देर तक उसे सीपीआर दिया। लेकिन आरव की बॉडी में कोई हरकत नहीं हुई।

### लखनऊ नगर निगम में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आम लोगों से ज्यादा व्यापारी और पार्षद दिखे मौजूद

# नगर आयुक्त से वार्ड में लोगों के सड़क पर कूड़ा फेंकने की शिकायत

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। लखनऊ नगर निगम में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में इस बार आम लोगों से ज्यादा व्यापारी और पार्षद मौजूद दिखे। व्यापारियों ने फतेहगंज गल्ला मंडी में भाजपा पार्षद के जबरन गेट लगवाने का विरोध किया।

वहीं, बीजेपी पार्षद ने मेयर और नगर आयुक्त से उनके वार्ड में लोगों के सड़क पर कूड़ा फेंकने की शिकायत की। इस पर कांग्रेस पार्षद ने उनकी चुटकी ली, कहा कि हमें जॉइन कीजिए, साथ में धरना देंगे। इंदिरानगर से पहुंचे एक फरियादी ने कहा कि उसका हाउस टैक्स 10 गुना ज्यादा आया है। 900 वर्ग फीट घर का टैक्स 45 हजार रुपए भेज दिया गया है। इसकी शिकायत करने पर अधिकारियों ने मौके पर आकर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। मेयर सुषमा खर्कवाल ने अधिकारियों से नवंबर में हुए समाधान दिवस की रिपोर्ट मांगी। उन्होंने पूछा कि 1 महीने बाद भी रिपोर्ट उनको नहीं सौंपी गई है। फतेहगंज गल्ला मंडी के व्यापारी ओम शंकर मिश्रा ने कहा पार्षद गिरीश गुप्ता पूरी तरह से गलत काम कर रहे हैं। पहले भी उन्होंने गेट बनाने की कोशिश की थी, लेकिन उसे सभी ने रुकवा दिया था। अब फिर से मंदिर के नाम पर गेट बनवाने की कोशिश कर रहे हैं। इससे लोगों को समस्या हो रही है। हाईकोर्ट का डिसीजन भी है कि सड़क पर बिना अनुमति के धार्मिकता के नाम पर गेट नहीं बनाया जा सकता। व्यापारी संदीप मिश्रा ने कहा गेट से सड़क सिकुड़ जाएगी।



### रक्षा मंत्री के प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी से मिले व्यापारी

व्यापारी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी का पत्र लेकर भी पहुंचे, जिसमें गेट को निरस्त करने की बात कही गई। इंदिरानगर सेक्टर-9 के रहने वाले अजय वर्मा समाधान दिवस में शिकायत करने पहुंचे। उन्होंने बताया उनका 900 स्क्वायर फीट में घर है। अभी तक उनका हाउस टैक्स 4,500 रुपए आता था लेकिन इस बार अक्टूबर के महीने में 45,000 रुपए का हाउस टैक्स आया है। इसके चलते परेशानी पढ़ गई है। मामले में नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत की तो उन्होंने मौके पर विजिट कर समस्या का निस्तारण करने का आश्वासन दिया है। तिलकनगर पार्षद राजीव बाजपेई ने कहा कि उनके वार्ड में राम नगर कूड़ा घर के पास लीकेज है। इसके कारण कूड़ा लोग सड़क पर डाल रहे हैं। मौके पर शिकायत के बाद समस्या का निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया है। कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने तिलकनगर वार्ड से लीकेज की समस्या का शिकायत करने पहुंचे भाजपा पार्षद राजीव बाजपेई पर तंज कसा।

### अमीनाबाद-कैसरबाग में निर्माणाधीन पार्किंग का निरीक्षण

लखनऊ। लखनऊ नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शुक्रवार सुबह अमीनाबाद और कैसरबाग में निर्माणाधीन पार्किंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की गति और गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सबसे पहले नगर आयुक्त अमीनाबाद स्थित घंटाघर पार्किंग पहुंचे, जहां उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति जानी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि पार्किंग निर्माण को निर्धारित समय सीमा में हर हाल में पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्र में बढ़ती पार्किंग समस्या से लोगों को शीघ्र राहत मिल सके। मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण स्थल पर पड़े सभी सीएनडी वेस्ट को तत्काल हटाया जाए।

# दिव्यांग बच्चों के साथ देखभाल करने वालों के लिए भी कदम उठा रही सरकार

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। स्पार्क-इंडिया के ज्योति किरण स्कूल एवं एक प्रयास केंद्र में 5 दिसंबर 2025 को विश्व दिव्यांग सप्ताह उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) हिमांशु शेखर झा, दिव्यांगजन आयुक्त, उत्तर प्रदेश सरकार रहे।

विशिष्ट अतिथियों में श्री सी.वी. सिंह, उपाध्यक्ष, स्पार्क-इंडिया; ग्रुप कैप्टन अजय सिंह, भारतीय वायु सेना, तथा कल्पना सिंह, अध्यक्ष, एएफडब्ल्यूए, मेमौरा एयर फोर्स स्टेशन, लखनऊ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत एक प्रयास केंद्र में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों—नृत्य, कविता और नारों—के साथ हुई। इसके उपरांत



मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) हिमांशु शेखर झा ने ज्योति किरण स्कूल में आयोजित समारोह में सहभागिता की। उन्होंने दिव्यांग बच्चों के देखभालकर्ताओं के धैर्य, समर्पण और प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार दिव्यांग बच्चों के साथ-साथ उनके देखभालकर्ताओं के लिए भी अनेक सकारात्मक कदम उठा रही है। मुख्य अतिथि ने स्पार्क-इंडिया द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

# यूपी में कितने प्रतिशत एसआईआर हुआ, आंकड़े जारी करे आयोग

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में चल रहे विशेष मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग व राज्य प्रशासन से मांग की है कि प्रदेश में अब तक जितना भी एसआईआर हुआ है, उसके आंकड़े आज प्रकाशित किया जाए।

अखिलेश यादव ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा, उप्र में कितने प्रतिशत एसआईआर हुआ है, इसका आँकड़ा आज प्रकाशित किया जाए। उन्होंने कहा कि बीएलओ पर जानलेवा दबाव हटाकर अतिरिक्त अधिकृत लोगों को समयावधि के अनुरूप इस काम पर लगाया जाए। साथ ही सुनिश्चित किया जाए कि सत्ताधारियों के दल और उनके संगी-साथी



पिछले दरवाजे से इस काम में अब नहीं हैं और न आगे कभी होंगे। अखिलेश यादव ने मांग की कि इस बात की पक्की जांच-पड़ताल हो कि हर विधानसभा में पीडीए समाज के कितने लोगों को वोटर लिस्ट से हटाने की साजिश की जा रही है, हर हाल में इसे होने से रोका जाए। गौरतलब है कि इससे पूर्व अखिलेश यादव ने निर्वाचन आयोग से मांग की थी कि मतदाता पंजीकरण केन्द्रों (वीआरसी) पर कई वर्षों से कार्यरत यादव और मुस्लिम समुदाय के कम्प्यूटर ऑपरेटरों को जातिगत आधार पर सेवा से हटाए जाने की कार्रवाई तुरंत रोकी जाए और जिन्हें हटाया गया है उन्हें बहाल किया जाए। इस बावत पार्टी की तरफ से मुख्य निर्वाचन अधिकारी को शिकायती ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक और नेताओं के दबाव में निर्वाचन प्रक्रिया में लगे कर्मचारियों के साथ भेदभाव हो रहा है।

### अखिलेश को नहीं मिली आंबेडकर परिनिर्वाण दिवस मनाने की अनुमति

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा के लिए अखिलेश यादव को लखनऊ पुलिस की अनुमति नहीं मिली। यह सभा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 6 दिसंबर को आयोजित की जानी थी। गुरुवार शाम तक पुलिस ने अप्रूवल नहीं दिया, जिससे कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। यह जानकारी पार्टी पदाधिकारियों ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने कहा कि पुलिस ने बीजेपी के दबाव में अनुमति नहीं दी। पार्टी नेताओं ने सरकार पर दलित समाज की आवाज दबाने और राजनीतिक कार्यक्रम रोकने का आरोप लगाया है। सपा के नेताओं का कहना है कि 6 दिसंबर के कार्यक्रम के लिए जुपिटर हॉल को फीस जमा करके रिजर्व करा लिया गया था। अब ऐनवक्त पर बताया जा रहा है कि तिथि बदल दी गई है। और तो और, अनुमति प्रक्रिया भी पूरी नहीं की गई। लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से जारी पत्र के अनुसार, समाजवादी पार्टी से जुड़े आयोजक गौरव कुमार ने 6 दिसंबर 2025 को जुपिटर हॉल (1500 क्षमता) के लिए 4,36,390 रुपए का शुल्क जमा कर हॉल बुक कराया था। सक्षम अधिकारी की मंजूरी 30 सितंबर को दे दी गई थी।

# यूपी में इनक्यूबेशन सेंटर बने विकास के अग्रदूत

### प्रदेश में 8 वर्षों में विकसित हुआ सशक्त इनक्यूबेशन इको सिस्टम, युवाओं को मिला रोजगार उद्यम व नवाचार का नया अवसर

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने पिछले आठ वर्षों में इनक्यूबेशन आधारित नवाचार को नई पहचान दी है। आज प्रदेश में कुल 76 इनक्यूबेशन सेंटर सक्रिय हैं। ये केंद्र विद्यार्थियों और युवाओं को विचार से उद्योग तक पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया में सहयोग देते हैं।

सरकार का उद्देश्य हर जिले में ऐसा माहौल तैयार करना है जहां युवा सुरक्षित और संगठित तरीके से उद्यम शुरू कर सकें। इसी लक्ष्य के तहत वित्तीय सहायता तकनीकी मार्गदर्शन और विशेषज्ञ नेटवर्क उपलब्ध कराया जा रहा है। इन केंद्रों ने युवाओं में उद्यमिता की भावना को मजबूत किया है और उन्हें जोखिम लेने का आत्मविश्वास दिया है। राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार पिछले आठ वर्षों में इन केंद्रों से जुड़े हजारों युवाओं ने अपनी पहचान बनाई है। कृषि तकनीक शिक्षा स्वास्थ्य सेवा और डिजिटल सेवाओं जैसे क्षेत्रों में काम करने वाले कई स्टार्टअप प्रदेश के भीतर और बाहर अपनी उपयोगिता सिद्ध कर चुके हैं। स्टार्टअप ने रोजगार भी बढ़ाया है और स्थानीय समस्याओं के समाधान भी प्रदान किए हैं। यूपी के आर्थिक ढांचे को नई दिशा मिली है। स्टार्टअप विशेषज्ञ विनीत का कहना है कि यूपी सरकार स्टार्टअप को बढ़ावा देने का ठोस प्रयास कर रही है। इन्क्युबेटर्स की स्थापना से स्टार्टअप्स को बड़ी मदद मिलती है। स्टार्टअप्स को बहुत दिक्कतें आती है, ऐसे में इन्क्युबेटर्स बड़े सहायक होते हैं। इनक्यूबेशन सेंटर उत्तर प्रदेश में विकास और अवसरों के नए द्वार खोल रहे हैं। यह नेटवर्क न केवल उद्यमिता को गति दे रहा है बल्कि प्रदेश को आत्मनिर्भर और नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था की ओर भी अग्रसर कर रहा है।


यूपी में वर्ष 2017 से पहले इनक्यूबेशन सेंटरों की संख्या लगभग 12 से 15 के बीच थी। यह केंद्र केवल चुनिंदा विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों तक सीमित थे न इनके विस्तार की कोई स्पष्ट नीति थी और न ही स्टार्टअप इकोसिस्टम को लेकर कोई स्पष्ट संरचना थी। वर्ष 2017 में योगी सरकार ने स्टार्टअप नीति लागू की और पूरे राज्य में इनक्यूबेशन नेटवर्क का व्यापक विस्तार शुरू किया। परिणाम स्वरूप आज प्रदेश में 76 इनक्यूबेशन सेंटर सक्रिय हैं।

### अनाधिकृत वेंडिंग के खिलाफ विशेष अभियान



**लखनऊ,समृद्धि न्यूज** । उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं व्यवस्थित सेवाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उत्तर रेलवे, लखनऊ कुलदीप तिवारी के दिशा निर्देश मे अनाधिकृत वेंडिंग के विरुद्ध नवम्बर माह मे विशेष अभियान चलाया गया। मण्डल द्वारा संचालित इस विशेष जांच अभियान के दौरान विभिन्न स्टेशनों एवं ट्रेनों पर व्यापक निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान अनधिकृत वेंडिंग में संलिप्त पाए गए 16 वेंडरों पर कुल 7,900 का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त 11 वेंडरों को आगे की आवश्यक कार्रवाई हेतु रेलवे सुरक्षा बल के सुपुर्द किया गया।लखनऊ मण्डल यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा तथा रेलवे परिसरों में स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे अभियानों को भविष्य में भी निरंतर जारी रखा जाएगा।

श्रद्धांजलि सभा
एवं
तेहरवीं संस्कार



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिता जी
श्री परागू लाल जी
अपना सांसारिक जीवन पूर्ण कर परमधाम को प्रस्थान कर गए हैं।
उनकी आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है।
दिनांक 14.12.2025 | समयः अपरान्ह 1:00 बजे
कार्यक्रम स्थलः बेला कुटी निकट पैतृक ग्राम अगौना बुजुर्ग, पुवायां
जनपद शाहजहाँपुर उ0प्र0
श्री मिथिलेश कुमार कठेरिया सांसद राज्यसभा (पुत्र)
श्रीमती शकुन्तला देवी पूर्व विधायक (पुत्रवधू)
श्री सुरजन लाल पूर्व ब्लाक प्रमुख (पुत्र)
श्रीमती नीलम देवी ब्लाक प्रमुख (पुत्रवधू)
पौत्र-पौत्रवधू
अंकुर एवं दामिनी
अंकित एवं रजनी
अजितेन्द्र कठेरिया, डॉ सौरभ कठेरिया, नितिन कठेरिया
पौत्री
आस्का एवं पारुल
सम्पर्क सूत्रः- 9455270000, 7985954068, 9565810066

कार्यक्रम

### दिव्य कला प्रदर्शनी में 70 सरकारी-गैर सरकारी संस्थाओं ने लगाए स्टॉल

# दिव्यांगजन सशक्तीकरण के लिए योगी सरकार समर्पित

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में तीन दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यक्रम का समापन किया।

विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा 3 से 5 दिसम्बर तक तीन दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यक्रमों के सफल समापन पर मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास, पुनर्वास और आत्मनिर्भरता के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्रदेश में समावेशी एवं सुलभ समाज के निर्माण हेतु सरकार की योजनाएँ और कार्यक्रम लगातार मजबूत हो रहे हैं और दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास सतत गति से आगे बढ़ रहे है। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के प्रति पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है।

विभाग भविष्य में इस प्रकार के व्यापक कार्यक्रमों का और विस्तार करेगा ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगजन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। तीन दिवसीय कार्यक्रमों के दौरान प्रदेशभर में जागरूकता रैलियाँ, परिचर्चाएँ, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, सहायक उपकरण वितरण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ तथा कौशल विकास और रोजगार से संबंधित गतिविधियाँ आयोजित की गई, जिनमें बड़ी संख्या में दिव्यांगजन, संस्थाएँ, विशेषज्ञ तथा सामाजिक संगठन शामिल हुए। 3 दिसम्बर को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठानलखनऊ के जुपिटर हॉल में राज्य स्तरीय समारोह का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 30 व्यक्तियों, संस्थाओं, नियोक्ताओं और श्रेष्ठ दिव्यांग कार्मिकों को राज्यस्तरीय पुरस्कार प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने 500 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल और विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए, दिव्य कला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और विशेष विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए। अन्य पिछड़ा वर्ग के कक्षा 9 से 12 तक के 5,33,285 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण-पत्र तथा कंप्यूटर प्रशिक्षण एवं विवाह अनुदान योजना के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

### लोकतंत्र का जनजागरण है मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया : धर्मपाल

**लखनऊ।** बीजेपी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने शुक्रवार को मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा एवं योजना बैठक में आगरा तथा मथुरा जिला एवं महानगर के अभियान जिला संयोजक, मंडल अध्यक्ष, बीएलए-1 के साथ संवाद किया। धर्मपाल सिंह ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया लोकतंत्र का जनजागरण है। एसआईआर केवल प्रशासनिक औपचारिकता नही है बल्कि चुनावी प्रक्रिया को प्रमाणिक बनाने की आधारशिला है।प्रदेश महामंत्री संगठन ने कहा कि संगठनात्मक तालमेल, तकनीकि दक्षता, निरन्तर मॉनीटरिंग एवं सतत जनसम्पर्क से यह अभियान जन-जन का अभियान बना है। बीएलए-1, बीएलए-2 तथा बूथ प्रवासी को समन्वय और कार्य विभाजन के साथ बूथ अध्यक्षों को साथ लेकर प्रत्येक मतदाता तक पहुंचने की रणनीति बनाकर काम करना है। सम्पर्क, सत्यापन और सूचना के आदान-प्रदान से अभियान में पारदर्शिता, तीव्रता और प्रमाणिकता आएगी।

## खबरें एक नजर में

### किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पुवायां-शाहजहांपुर।** भाकियू आराजनैतिक गुट के कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। साथ ही कहा अगर किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नही किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन (आराजनैतिक) गुट के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम चित्रा निर्बाल को ज्ञापन सौंपा। दिए हुए ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने बताया कि रामपुर कलां से नवाजपुर जाते समय रास्ते मे पानी भरा रहता है जिसमे आने जाने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है उसे तत्काल सही कराया जाए, धान मिल मालिकों के द्वारा किसानों का धान तो औने पौने दामों में खरीद तो लिया गया है लेकिन अभी तक धान मिल स्वामियों के द्वारा किसानों का भुगतान नही किया गया है जिन पर कार्यवाही करके किसानों का भुगतान दिलवाया जाएं, आवारा पशुओं को लेकर किसान परेशान है जबकि डीएम धर्मन्द्र प्रताप सिंह का आदेश है कि खण्ड विकास अधिकारी आवारा पशुओं को पकड़वाकर गौशालाओं में भेजे लेकिन डीएम के आदेश को ठेंगा दिखाया जा रहा है ऐसे अधिकारियों पर कार्यवाही की जाए। ज्ञापन देने बालों में जिलाध्यक्ष संदीप सिंह, मंडल उपाध्यक्ष मुकेश पाण्डेय, कुलबन्त सिंह, रविन्द्र त्रिवेदी, मुन्ना खान, मिथुन पाण्डेय, आशीष बाजपेयी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चचिया ससुर पर फ्रॉड करने का आरोप

**पुवायां-शाहजहांपुर।** गांव कोप निवासी पवन कुमार ने एसपी को देकर बताया कि उसकी शादी जिला सीतापुर के थाना पिसावां के गांव पड़रा पड़री में शादी हुई थी। लेकिन उनके चचिया ससुर मेरठ में रहकर मजदूरी करते है। उन्होंने फोन करके कहा कि 4 बीघा जमीन है जिसे 13 लाख रुपये बिक्री कर देंगे अगर तुम्हें लेनी है तो 13 लाख रुपए खाते में डाल दो। जिसके बाद 21 अप्रैल को नेहा के खाते से 8 लाख 50 हजार रुपये आर टी एस किए, उसके बाद 29 फरवरी को 56 हजार रुपये खाते में व 10 फरवरी को 49 हजार रुपये डाले लेकिन जब जमीन का बैनामा करने के लिए कहा तो चचिया ससुर व चचिया सास ने बैनामा करने से इनकार कर दिया।

### जलालाबाद में जमीन के विवाद में गोली मारी, हमलावर भागा



**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** जमीन के विवाद में रुस्तमपुर चक गांव में 50 वर्षीय जगदीप सिंह को हमलावर ने गोली मार दी और भाग गया। फायर उनके कंधे पर लगा। नगरिया सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। अर्शदीप सिंह ने बताया कि पिता जगदीप सिंह का थाना सदर बाजार क्षेत्र के चिनौर के एक व्यक्ति से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। केस सिविल कोर्ट में विचाराधीन है। बृहस्पतिवार की रात करीब नौ बजे आरोपी तीन-चार लोगों के साथ घर के दरवाजे पर गोली लगने से घायल जगदीप गंभीर रूप से घायल को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया। आया। उसने ललकारते हुए कहा कि जमीन खाली कर दो नहीं तो परिवार समेत मार देंगे। इसके बाद कहासुनी होने पर गोली चला दी। गंभीर रूप से घायल हुए जगदीप को परिवार वाले सीएचसी लेकर आए। यहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। इंस्पेक्टर राजीव तोमर ने बताया कि मामला संज्ञान में है। पुलिस को मौके पर भेजा है। तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### जलालाबाद से लखनऊ के लिए सीधे बस सेवा शुरू



**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर के परिवहन निगम ने जलालाबाद से लखनऊ के लिए सीधी बस सेवा शुरू की है। यह बस सांडी, संडीला होते हुए लखनऊ पहुंचेगी, जिससे यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। लंबे समय से इस सेवा की मांग की जा रही थी। जलालाबाद तहसील के लोगों को पहले लखनऊ जाने में परेशानी होती थी। उन्हें या तो डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ता था, या रोडवेज बस पकड़ने के लिए शाहजहांपुर आना पड़ता था। शाहजहांपुर से ट्रेन की सुविधा भी उपलब्ध थी। अब लोगों को कस्बे से ही बस उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। जलालाबाद के स्टेशन प्रभारी बबीता मिश्रा ने बताया कि यह बस जलालाबाद से सुबह सात बजे रवाना होगी। यह हुल्लापुर, सांडी, हरपालपुर, माधवगंज, मल्लावा और संडीला होते हुए लखनऊ पहुंचेगी। यह बस लखनऊ दिन के 11:00 बजे पहुंचेगी। लखनऊ से यह बस दोपहर एक बजे हरदोई होते हुए शाहजहांपुर आएगी और फिर जलालाबाद के लिए प्रस्थान करेगी। जलालाबाद से लखनऊ तक का किराया 287 रुपये निर्धारित किया गया है।

# डीएम ने एसआईआर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की, कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में सभी ईआरओ, एईआरओ एवं सुपरवाइजरों के साथ बैठक बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने जनपद में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अन्तर्गत नगर क्षेत्र के बूथवार फार्म प्राप्त, डिजिटाइजेशन, मैपिंग एवं एएसडी कार्य की प्रगति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि बचे हुए फार्म घर-घर से प्राप्त कर डिजिटाइजेशन, मैपिंग एवं एएसडी कार्य 2 दिनों में शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि मैपिंग कार्य में गति बढ़ाई जाए। जिला स्तरीय अधिकारी अपने कार्यालय में बीएलओ के साथ बैठक कर सभी कार्य अपनी देखरेख में संपन्न कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि पुनरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुनरीक्षण के सभी कार्यों को प्राथमिकता से निर्धारित समय से पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारीयों को निर्देशित किया है कि गणना प्रपत्रों के शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन, मैपिंग की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए। इस अवसर पर नगर आयुक्त डॉ विपिन कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## झोपड़ी में आग लगाने का आरोप, हजारों का नुकसान



**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** जलालाबाद क्षेत्र के गांव गुलडिया में गुरुवार की रात करीब 11 बजे अज्ञात लोगों ने झोपड़ी में आग लगा दी। गांव निवासी अरुण कुमार की झोपड़ी जलकर राख हो गई। अरुण कुमार ने शुक्रवार 9 बजे बताया कि बीते दिन वह अपनी भांजी की शादी में मीरापुर कटरा गए हुए थे। उनकी झोपड़ी गांव के किनारे बनी हुई है। उनके पीछे किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी झोपड़ी में आग लगा दी। जिससे झोपड़ी के अंदर रखे आलू एवं घुइया का बीज सहित इंजन का सामान, घर गृहस्थी का सामान बिस्तर आदि व बगल में लगा हुआ भूसा एवं पुआल का कूप जल गया। आग की ऊंची उंची लपटे देखकर आसपास के ग्रामीणों ने समर चलकर पानी से आग बुझाई और ग्रामीणों ने बगल में ही

- पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट, केबल मौका मुआयना हुआ

खड़े उनके ट्रैक्टर को हटाया यदि ट्रैक्टर जल जाता तो बहुत बड़ा नुकसान हो जाता। इस आग से उनके करीब तीस हजार का सामान चलकर राख हो गया। सूचना मिलने के बाद ग्राम प्रधान विमलेश कुमार मौके पर गए और उन्होंने इसकी सूचना तहसील के लेखपाल को दी। लेखपाल ने गांव पहुंचकर मुआयना करने के बाद रिपोर्ट प्रशासन को देने की बात कही हैं।

## पीएम स्वनिधि योजना का पुनर्गठन, समयसीमा 31 मार्च 2030 तक बढ़ी

शाहजहांपुर। पीएम स्वनिधि योजना का पुनर्गठन किया गया है और इसकी समयसीमा को सरकार द्वारा 31 मार्च 2030 तक बढ़ा दिया गया है। इससे रेहड़ी-पटरी वालों को कार्यशील पूंजी के साथ और अधिक सहायता मिलेगी। अब यह योजना शहरी क्षेत्रों और जनगणना कस्बों को भी कवर करेगी। इसमें ऋण राशि बढ़ाई जाएगी। पहली किस्त में 15,000 तक, दूसरी किस्त में 25,000 तक और कैशबैक प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे। योजना का लक्ष्य 1.15 करोड़ लाभार्थियों तक पहुंचना है। इसके पुनर्गठन से अधिक विक्रेताओं को फिर से काम शुरू करने, आगे बढ़ने और ऋण तक आसान पहुंच के साथ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। पुनर्गठित योजना में प्रमुख परिवर्तन विस्तारित अवधि ऋण 31 मार्च, 2030 तक चालू रहेगा। बता दें कि अब इसमें केवल वैधानिक कस्बों के अलावा जनगणना कस्बे और अर्ध-शहरी क्षेत्र भी शामिल हैं। बढ़ी हुई ऋण राशि में प्रथम किश्त 15,000 तक, दूसरी किश्त 25,000 तक तथा तीसरी किश्त शेष 50,000 रुपये है। जानकारी देते हुए अपर नगर आयुक्त एवं पीओ डूडा एसके सिंह ने बताया कि उक्त योजना में कैशबैक प्रोत्साहन, डिजिटल खुदरा, थोक भुगतान पर 1,600 तक। नये लाभार्थी को 50 लाख नये स्ट्रीट वेंडरों को शामिल करने का लक्ष्य है। साथ ही योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा निकट बाबा विश्वनाथ मंदिर के पास एवं अपने नजदीकी नगर निकाय से अपनी बैंक पासबुक, आधार कार्ड और आधार से लिंक्ड मोबाइल नंबर लेकर संपर्क कर सकते हैं।

## सीडीओ ने 20 बीडीओ-एडीओ पंचायत की सैलरी पर लगाई रोक

- जीरो पावर्टी सर्वे व फार्मर रजिस्ट्री परफॉर्मेंस खराब होने पर लिया एक्शन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शासन स्तर से जनपद में चल रहे जीरो पावर्टी सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री में बार बार चेतावनी के बाद भी ब्लाक स्तर पर अच्छी परफॉर्मेंस न करने वाले 20 बीडीओ व एडीओ पंचायत पर सीडीओ डा. अपराजिता सिंह द्वारा बड़ा एक्शन लिया गया है।



सीडीओ द्वारा इन सभी का वेतन रोकते हुए कार्य में लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी किया है। बता दें कि यह कार्यवाही जलालाबाद, तिलहर व सदर तहसील में की गई है। सीडीओ की कार्यवाही से ब्लाक स्तरीय अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए सीडीओ ने बताया कि विकास भवन से निरंतर ब्लाक पर चल रहे, कामकाजों की मानीटरिंग की जा रही है।

विकास कार्यों व जनहित से जुड़े कार्यों में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही अन्य ब्लाकों की भी रिपोर्ट तलब की गई है। अगर कोई गड़बड़ी, लापरवाही सामने आती है, तो सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### ग्राम पंचायत अधिकारी निलंबित, डीपीआरओ ने की कार्रवाई

**जैतीपुर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।** विकास योजनाओं में लापरवाही और वित्तीय अनियमितता पर जिला पंचायत राज अधिकारी ऋषि पाल सिंह ने ग्राम पंचायत अधिकारी संगीता यादव को निलंबित कर दिया है। उन पर ब्लॉक की अमरेड़ी ग्राम पंचायत में विकास कार्यों में रुचि न लेने, मनरेगा के कार्यों में धनराशि की मांग किए जाने एवं शौचालय एवं आवास योजना के लाभार्थियों से स्वयं व अपने पति के द्वारा धन राशि मांगने सहित पात्र लाभार्थियों को अपात्र करने के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से रुपयों की मांग करने की ऑडियो रिकॉर्डिंग प्राप्त होने पर अनियमितता की प्रथम दृष्टया पुष्टि होने पर कार्रवाई हुई है। निलंबित होने पर उन्हें खंड विकास अधिकारी तिलहर के कार्यालय से संबद्ध किया गया है। वहीं उन पर लगे आरोपों की जांच के लिए अलग से अधिकारी नामित किए जाएंगे।

## कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग, सौंपा ज्ञापन



**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांतीय मंत्री अर्पित भामाशाह के नेतृत्व दर्जनों कार्यकर्ताओं ने तहसील दार अनुराग दुबे को ज्ञापन सौंप कर बताया कि ग्रांम पंचायत रामपुर वैन की गाटा संख्या 495/0.372 हे. हड़वाड़ की भूमि व गाटा संख्या 279 मरघट की भूमि है। जिस पर स्थानीय लोगों ने अवैध कब्जा कर छप्पर आदि डालकर नल भी लगा लिए हैं और अवैध रूप से रहने लगे हैं। इस अवैध निर्माण व कब्जा को हटाए जाने हेतु ग्रामवासी कई महीनो से प्रशासन को अवगत करा रहे थे, लेकिन प्रशासन ने आधा अधूरा अवैध कब्जा हटाया था मरघट भूमि से अवैध कब्ज़ां हटाए जाने व साथ ही मरघट एवं हड़वाड़ की भूमि की बाउंड्री वॉल कराए जाने की मांग की ज्ञापन लेने के बाद तहसील ने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही जांच कर कर उचित कार्रवाई कराई जाएगी व कब्जा हटाया जाएगा। ज्ञापन देने बालों में रामरक्ष पाल सिंह, बरिहर जगदीश छोटेलाल सोनपाल रोहित सक्सेना भूपेंद्र राणा सुरजीत यादव नीरज सिंह एडवोकेट रवि पाल वर्मा एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

## शीशे से भरे ट्रक के सामने अचानक आया छुट्टा पशुओं का झुंड, ट्रक पलटा, लाखों का शीशा हुआ चकनाचूर



- शीशे की बिक्री और ट्रांसपोर्ट टैक्स बचाने को शीशे को छिपाने के लिए बड़ी संख्या में लादे गए थे रजाई-गद्दे

**मिर्जापुर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

बृहस्पतिवार की रात करीब एक बजे मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाइवे पर थाने के निकट हाइवे पर अचानक आए छुट्टा पशुओं के झुंड को बचाने में शीशे से भरा ट्रक असंतुलित होकर बिजली के खंभे को तोड़ता हुआ खाई में जाकर पलट गया। जिससे ट्रक में भरा लगभग बीस लाख का शीशा टूटकर चकना चूर हो गया। ट्रक चालक/ स्वामी इलाहाबाद निवासी गयासुद्दीन ने बताया कि वह हरिद्वार से लगभग 20 लाख रुपए का इमारती शीशा ट्रक में भरकर प्रयागराज ले जा रहा। रास्ते में मिर्जापुर थाने के निकट अचानक छुट्टा पशुओं का झुंड भागता हुआ सामने आ गया। पशुओं को बचाने में ट्रक असंतुलित होकर बिजली के खंभे को तोड़ता हुआ हाइवे किनारे गहरी खाई में जाकर पलट गया। अचानक हुए हादसे में वह और उसका हेल्पर पूरी तरह सुरक्षित हैं। दुर्घटना की सूचना मॉल के स्वामी को दे दी गई है। शीशे के ऊपर बड़ी संख्या में रजाई गद्दे लदे होने की जानकारी देते हुए ट्रक चालक ने बताया कि यह गद्दे रजाई एक व्यापारी से अतिरिक्त किराया लेकर रास्ते में लाद लिए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक में लड़े शीशे को छिपाने के लिए लगभग एक डीसीएम भर रजाई गद्दे लादे गए हैं। जिससे शीशे की बिक्री और ट्रांसपोर्ट में टैक्स चोरी की प्रबल आशंका व्यक्त की जा रही है। फिलहाल इस दुर्घटना में बिजली का खंभा टूटने से बिजली विभाग का भी नुकसान होने के साथ ही बिजली उम्भोक्ताओं को भी नुकसान हुआ है। समाचार लिखे जाने तक पलटा हुआ ट्रक और चकनाचूर शीशा मौके पर पड़ा हुआ है। जबकि रजाई गद्दे, दरी, चादरें दूसरी डीसीएम में भरकर ले जाई जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शी इस दुर्घटना में बड़े पैमाने पर जीएसटी चोरी की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। जिसकी जांच की सख्त आवश्यकता है।

## बीएसए के साथ बच्चों की मुस्कान से महका विद्यालय, मनाया तिथि भोज

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शासन की मंशानुरूप परिषदीय विद्यालयों में समुदायिक सहभागिता को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से भावलखेड़ा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय नईबस्ती में शनिवार को वह दृश्य देखने को मिला, जिसने यह साबित किया कि छोटी-सी पहल भी बच्चों के जीवन में बड़ी खुशी भर सकती है। तिथि भोजन के अवसर पर, विद्यालय में कुल 110 छात्र-छात्राऐं उपस्थिति थें शासन की मंशा के अनुरूप परिषदीय विद्यालयों में सामुद विद्यालय में पाँच बच्चों का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके बाद कक्षा 1 के कृष्णा, कक्षा 2 की जोहा, कक्षा 3 के आयुष, कक्षा 4 की शिवांगी और कक्षा 5 की बेबी ने केक काटा। हैप्पी बर्थडे टू यू की धुनों के बीच जब बच्चों ने मोमबत्तियाँ बुझाई तो वातावरण खुशी, अपनत्व और उत्साह से भर गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता स्वयं उनके साथ बैठकर भोजन करने पहुँचीं। उन्होंने बच्चों को गिफ्ट और चॉकलेट देकर आशीष स्वरूप स्नेह प्रदान किया, मानो एक अभिभावक ही बच्चों के सामने बैठा हो। बच्चों के साथ बैठकर भोजन करते हुए दिव्या गुप्ता ने कहा, कोई भी शिक्षक या ग्रामवासी अपने किसी भी विशेष अवसर पर विद्यालय के बच्चों के साथ तिथि भोज कर सकता है। यह केवल आयोजन नहीं, बल्कि समाज को विद्यालय से जोड़ने और नन्हें




बच्चों के जीवन में सुखद अनुभव भरने का श्रेष्ठ कार्य है। तिथि भोजन का मुख्य उद्देश्य सामुदायिक सहभागिता को बढावा देना है जिसके अन्तर्गत कोई भी जनसामान्य अपना जन्मदिन अपने पाल्य का जन्मदिन वौवाहिक वर्षगाँठ, जैसा आयोजन विद्यालय में छात्र छात्राओं के साथ मना सकता है। इस कार्यक्रम में विद्यालय परिसर के बाहर बच्चो को भोजन ग्रहण कराने की अनुमति नही है। यदि समुदाय का कोई सदस्य विद्यालय परिसर में डायनिंग शेड का निर्माण कराने के साथ साथ छात्र-छात्राओं को खाने हेतु सर्विंग प्लेट, डिनर शेट, केसरोल , बर्तन पीने के पानी हेतु प्यूरीफायर आदि का योगदान भी कर सकता है। इसके अतिरिक्त यदि कोई सदस्य नगद धनराशि देना चाहे तो उसे मध्यान्ह भोजन निधि खाते मे जमा करा सकता है। बाल-सुलभ उल्लास के बीच विद्यालय में विशेष भोजन तैयार किया गया, जिसमें बच्चों के साथ सभी अतिथियों ने बैठकर सहभागिता की। यह दृश्य उस सामूहिकता का प्रतीक बना, जिसकी आज शिक्षा व्यवस्था को सबसे अधिक आवश्यकता है। इस आयोजन के केंद्र में रहे प्रधान अध्यापक राजकुमार तिवारी, जिन्होंने अपने प्रयासों से विद्यालय को समुदाय का घर बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल की। कार्यक्रम में एमडीएम जिला समन्वयक निश्चय सिंह, शिक्षकगण शिवकुमार, प्रेक्षा अवस्थी, कल्पना सिंह, गौरी मिश्रा, मोहनी, किरन, रामचंद्र तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुधीर कुमार सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस स्नेहिल आयोजन ने दिखाया कि विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान भर नहीं, बल्कि भावनाओं, संस्कारों और सामाजिक एकता के संवर्धन का केंद्र है। छोटी-सी कोशिश ने नन्हे-मुन्नों की दुनिया में स्नेह, उत्साह और स्मृतियों का उजास भर दिया, जो शायद जीवन भर उनके साथ रहे।

### द मसूरी इंटरनेशनल स्कूल में साइंस आर्ट एवं रोबोटिक्स एग्ज़िबिशन का आयोजन

# चंद्रयान के रोवर की चंद्रमा पर सजीव लैंडिंग का प्रदर्शन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय द मसूरी इंटरनेशनल स्कूल में साइंस आर्ट एवं रोबोटिक्स एग्ज़िबिशन का सफल आयोजन किया गया। द मसूरी इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार विज्ञान, आर्ट एवं रोबोटिक्स विभाग की ओर से भव्य साइंस एग्ज़िबिशन का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। प्रदर्शनी का उद्घाटन शहर के एसपी राजेश द्विवेदी द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नवीकरणीय ऊर्जा, जल संरक्षण, रोबोटिक्स, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, पर्यावरण संरक्षण, स्मार्ट सिटी मॉडल आदि विषयों पर आधारित अत्यंत नवाचारी और आकर्षक प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए। पिसीकल्चर, हॉर्टिकल्चर, ग्रीन हाउस, लाइवस्टॉक, एपिकल्चर, सीटी स्कैन मशीन, बार्न हाउस, हाइड्रोपोनिक्स, बायोगैस प्लांट, डिस्टिलेशन, पॉल्यूशन कंट्रोल, डेवास्टेटिंग इफेक्ट्स ऑफ एटॉमिक बम, नेचुरल फार्मिंग, स्कूल बिल्डिंग प्रोजेक्ट एंड सम लाइव एक्सपेरिमेंट्स, एसिड रेन, ग्रीन एनर्जी आदि मॉडल्स प्रदर्शित किए गए।



कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विज्ञान विभाग के मुख्य अध्यापक फराज अहमद द्वारा तैयार किए गए चंद्रयान के रोवर की चंद्रमा पर सजीव लैंडिंग का प्रदर्शन रहा, जिसे उपस्थित अतिथियों ने खूब सराहा। विद्यालय के अन्य विज्ञान आर्ट एवं रोबोटिक्स के शिक्षक सुबोध शुक्ला, ऑचल शर्मा, इमरान खान, सुजाता गुप्ता, नेहा अली, समन खान, अर्शी खान, रूमा खान, आदित्य, सुधांशु दीक्षित, फ़ैज़ा खान, रितेश वर्मा आदि का सहयोग रहा। एसपी ने कक्षा 10 के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित 'कॉस्मेटिक फैक्ट्री' मॉडल की विशेष रूप से प्रशंसा की तथा उत्साहवर्धन हेतु उन्हें नकद पुरस्कार भी प्रदान किया। विद्यालय के साइंस विभाग, आर्ट विभाग एवं रोबोटिक्स की ओर से विभिन्न रोचक मॉडल प्रस्तुत किए गए, जिन्हें अभिभावकों एवं आगंतुकों ने अत्यधिक सराहा। सभी ने विद्यार्थियों की सृजनशीलता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार क्षमता की खुलकर प्रशंसा की। विद्यालय के आलोक अंचल, अंशुल अंचल एवं प्रधानाचार्या जूही खान ने इस अवसर पर कहा इस प्रकार की प्रदर्शनी विद्यार्थियों में शोध-क्षमता विकसित करने और विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने में अत्यंत सहायक होती है। द मसूरी इंटरनेशनल स्कूल, शाहजहांपुर प्रतिभाओं को मंच देने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। विद्यालय के आलोक अंचल एवं अंशुल अंचल ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आयोजकों को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### गाड़ी में पत्थर मारकर शीशा तोड़ने का आरोप

**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** नगर के मोहल्ला अशफाक नगर निवासी साजेब ने बताया कि वह अपनी मां के साथ शाहजहांपुर आवश्यक कार्य से गया था। बाहर से वापस आने के बाद अपनी गाड़ी गली में खड़ी कर दी। तभी सबनाज पत्नी आसिफ व फैसल निवासी मोहल्ला अशफ़ाक ने गाड़ी पर पत्थर फेंक कर शीशा तोड़ दिया। जिसकी शिकायत पीड़ित ने कोतवाली जलालाबाद में लिखित प्रार्थना पत्र देकर की और कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि इसकी जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाए। पीड़ित ने मीडिया को बताया कि इस महिला ने मोहल्ले में आतंक मचा रखा है। मोहल्ले में लगे कैमरे की निगरानी को लेकर लगातार कैमरा हटवाने के लिए लड़ाई झगड़ा करती रहती है यह सारी घटना कैमरे में कैद हो गई। इधर हल्का इंचार्ज ने बताया कि जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 10 करोड़ 77 हजार की जीएसटी चोरी करने पर तीन आरोपी गिरफ्तार

**एसपी ने प्रेसवार्ता कर किया खुलासा, दिल्ली, प्रयागराज के हैं आरोपी**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना रोजा पुलिस, एसओजी और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने एक बड़े फाइनेंशियल फ्रॉड गैंग का भंडाफोड़ करते हुए 10 करोड़ 77 लाख रुपये की जीएसटी कर चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओ में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया।

पुलिस के अनुसार गिरोह सोशल मीडिया, विशेषकर इंस्टाग्राम पर लोन दिलाने का झांसा देकर लोगों के आधार कार्ड, पैन कार्ड, बिजली बिल जैसे दस्तावेज प्राप्त कर लेता था। इसके बाद फर्जी हस्ताक्षर कर कूटरचित रेंट एग्रीमेंट तैयार करता था और उन्हीं दस्तावेजों के आधार पर बोगस जीएसटी फर्म बनाकर उनके नाम से बैंक में करंट खाते खुलवाता था। इन फर्जी फर्मों के माध्यम से बड़े पैमाने पर फर्जी खरीद-बिक्री दिखाकर जीएसटी पोर्टल पर फर्जी आईटीसी पास की जाती थी, जिससे वास्तविक व्यापारियों को गैरकानूनी लाभ पहुँचता था और सरकार को भारी राजस्व हानि होती थी। 5 दिसंबर को मुखबिर की सूचना पर



पुलिस टीम ने अटसलिया पुल के पास घेराबंदी कर काली महिंद्रा गाड़ी को रोका और उसमें सवार तीनों आरोपी गौरव यादव निवासी रोहिणी दिल्ली, सिद्धार्थ पाण्डेय निवासी प्रयागराज, दीपक शाह निवासी बादली, दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस को भारी मात्रा में फर्जी दस्तावेज, 200 से अधिक फर्जी रेंट एग्रीमेंट, 39 पैन कार्ड व आधार कार्ड की प्रतियां, 13 बैंक खातों के स्टेटमेंट, फर्जी नोटरी मोहरें, 39 एटीएम कार्ड, महंगी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और करीब 35 लाख की महिंद्रा इलेक्ट्रिक कार बरामद हुई। रोजा पुलिस ने मामला दर्ज किया और आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। पुलिस टीम में निरीक्षक वीरेंद्र सिंह प्रभारी गैंगस्टर सेल, निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार प्रभारी स्वाट, उपनिरीक्षक मनोज कुमार सर्विलांस सेल, उपनिरीक्षक जगत सिंह, उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह और हेड कांस्टेबल नरेश आदि शामिल रहे।

**पूछताछ में क्या बोले आरोपी**

मुख्य आरोपी गौरव यादव ने बताया कि वे फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जीएसटी फर्मों की चेन बनाते थे ताकि जीएसटी विभाग की पकड़ से बचे रहें। इन फर्जी फर्मों के माध्यम से जीएसटी 2ए में खरीद दिखाई जाती और आर 1 में फर्जी बिक्री दिखाकर असली व्यापारियों को लाखों का आईटीसी फायदा दिलाया जाता था। इसके एवज में गिरोह मोटा कमीशन कमाता था। कुछ बैंक कर्मचारियों की भी मिलीभगत सामने आई है।

## एसपी के आदेश के बाद दर्ज हुई नाबालिग किशोरी को भगाने की रिपोर्ट

**मिर्ज़ापुर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस अधीक्षक को दिये प्रार्थना पत्र में कहा है कि बीती 27 नवंबर को समय लगभग दोपहर 12 बजे वह अपनी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री के साथ अपनी रिस्तेदारी से पैदल अपने घर वापस आ रही थी। तभी रास्ते में धियरपुरा के पास बब्लू यादव पुत्र मकरंद उर्फ पुजारी निवासी ग्राम धनी नगला थाना अमृतपुर जिला फर्रुखाबाद मिला। उसने हम मां बेटी को पैदल जाते हुए देखकर कहा कि तुम दोनों लोग मेरी वाइक पर बैठ जाओ। तुम्हें तुम्हारे घर तक छोड़ देंगे। आरोप है कि कुछ दूर चलने के बाद उक्त बब्लू यादव ने बाइक को रोककर कहा कि बाइक में कुछ खराबी आ गई है। इसलिए तुम नीचे उतर जाओ। जब वह बाइक से नीचे उतरी तभी बब्लू यादव उसकी नावालिग पुत्री को लेकर भाग गया। वह घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाने मिर्जापुर थाने गई। लेकिन थाने पर हमारी कोई सुनवाई नहीं हुई। उल्टे पुलिस ने उसे धमकाकर थाने से भगा दिया। थाने से निराश और अपमानित होकर पीड़िता पुलिस अधीक्षक के समक्ष पेश होकर प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस अधीक्षक ने उसकी वेदना सुनकर मिर्ज़ापुर पुलिस को तत्काल एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मिर्ज़ापुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध, किसान धैर्य बनाए रखें: हरनारायण गुप्ता

**कलान-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र की सहकारी समितियों पर यूरिया खाद के लिए किसानों की भारी भीड़ उमड़ रही है। शाम तक लम्बी कतारें लग रही हैं और कई समितियों पर खाद वितरण को लेकर मारपीट की घटनाएं भी सामने आई हैं। इसी के मद्देनजर नजर नगर पंचायत कलान के अध्यक्ष हरनारायण गुप्ता ने शांतिपूर्ण वितरण सुनिश्चित कराने के लिए आंधीदेई साधन सहकारी समिति और सहकारी संघ लिमिटेड बाराखुर्द का दौरा किया। नगर पंचायत अध्यक्ष हरनारायण गुप्ता ने किसानों से धैर्य बनाए रखने की अपील की। उन्होंने आश्वासन दिया कि खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और सभी किसानों को मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उनकी



जिलाधिकारी और उप जिलाधिकारी से भी बात हुई है। आंधीदेई साधन सहकारी समिति के सचिव परमाल सिंह ने जानकारी दी कि उनकी समिति पर 650 बोरी खाद उपलब्ध है। शुक्रवार दोपहर तक लगभग 52 किसानों को खाद वितरित की गई। प्रत्येक किसान को चार बोरी यूरिया (मूल्य 270 प्रति बोरी) और एक नैनो यूरिया (मूल्य 220) दी जा रही है। वहीं सहकारी संघ लिमिटेड बाराखुर्द के सचिव संतोष कुमार मौर्य ने बताया कि उनके गोदाम पर 450 बोरी खाद पहुंची है। इसमें से आज दोपहर तक 50 बोरी खाद का वितरण किया जा चुका है। किसानों की संख्या और खाद की उपलब्धता को देखते हुए प्रत्येक किसान को तीन बोरी यूरिया और एक नैनो यूरिया दी जा रही है।

# एसपी ने परेड में ली सलामी, अनुशासन एवं पारदर्शिता को सुदृढ़ करने के निर्देश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

एसपी राजेश द्विवेदी द्वारा पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक शुक्रवार परेड में सम्मिलित होकर परेड की सलामी ली गई तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला आरक्षियों को प्रशिक्षण संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। परेड का निरीक्षण करते हुए एसपी द्वारा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को अनुशासन, एकरूपता, कर्तव्यनिष्ठा और प्रोफेशनल व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा हर पुलिसकर्मी का आचरण ही विभाग की असली पहचान है, अतः अनुशासन और व्यवहार में उत्कृष्टता ही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके बाद परेड के उपरांत श्री द्विवेदी ने पुलिस लाइन परिसर का गहन निरीक्षण किया गया, जिसमें डायल 112 कंट्रोल रूम, जी.डी. कार्यालय,



शस्त्रागार, बैरक, सुपर-22 का अवलोकन शामिल रहा। डायल 112 वाहनों पर उचित फॉग लैंप एवं रिफ्लेक्टर लगाए जाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रही रिक्रूट महिला आरक्षियों के मैस, बैरक, प्रशिक्षण व्यवस्था का भी निरीक्षण करते हुए संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। साप्ताहिक अर्दली रूम के दौरान लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, कर्मचारियों की व्यक्तिगत समस्याओं का निराकरण, प्रशासनिक व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन, क्षेत्राधिकारी तिलहर, प्रतिसार निरीक्षक, आरटीसी मेजर उपस्थित रहे।

# रोडवेज बस से जेवरात भरा बैग चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**तीन अंगूठी और 550 रूपए की नकदी बरामद, पीड़ित ने 8 लाख का बताया था माल**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

तीन दिन पूर्व रोडवजे बस से एक युवक का आठ लाख रूपए की कीमत के रखे जेवरात भरा बैग चोरी हो गया था, इसके बाद पीड़ित अपनी पत्नी के साथ सदर कोतवाली पहुंचा था और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने बैग चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद तीन अंगूठी और 550 रूपए बरामद कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया।



जनपद हरदोई के थाना बेहटा गोकुल के गांव शिरोमणिनगर निवासी बालकृष्ण वाजपेयी पुत्र रामदास वाजपेयी बताया था कि रोडवेज बस स्टैण्ड से रोडवेज बस में रखा उनका बैग, जिसमें कीमती सामान था, अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। 5 दिसंबर को प्रभारी निरीक्षक सदर बाजार के निर्देशन में थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त अभियोग में चोरी की घटना कारित करने वाले अभियुक्त को पकड़ने हेतु कार्यवाही की गयी। मुखबिर की सूचना पर समय करीब 11:42 बजे, पक्का दीवान तालाब वाली सड़क, गदियाना चुंगी की तरफ से प्रकाश में आये अभियुक्त गुरदयाल पुत्र अंगनपाल उम्र लगभग 55 वर्ष निवासी ग्राम ततापुर थाना फरीदपुर जनपद बरेली को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त में चोरी गयी पीली धातु की 3 अंगूठियां तथा 550 रूपए नकद बरामद किए गए। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. अक्षय पवार, सिपाही मनीष कुमार, अहबरन मौजूद रहे।

**आठ लाख के जेवर चोरी, केवल तीन अंगूठी व 550 की नकदी बरामद**

पीड़ित बालकृष्ण वाजपेयी से जब बात की गई थी तो उन्होंने बताया था कि उसके बैग में आठ लाख रूपए की कीमत का माल जेवर रखा हुआ था और लगभग 6500 रूपए की नगदी थी। वह घटना की जानकारी देते हुए रो पड़े थे और बताया था कि उनके पूरे जीवन की कमाई थी। उन्होंने कहा कि वह योगी बाबा और पुलिस ने मांग करते है कि वह उनका माल जेवर दिलवा दें। हालांकि पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए आरोपी को पकड़कर जेल भेज दिया हैं, लेकिन पुलिस के जारी द्वारा प्रेस नोट में बरामदगी केबल 3 अंगूठी और 550 रूपए बताए गए हैं। जबकि पीड़ित ने आठ लाख रूपए की कीमत के माम जेवर चोरी होने की बात कही थी। लेकिन पुलिस ने प्रेसनोट में यह कहीं नही बताया कि तीन अंगूठी और 550 रूपए बरामद हुए है और बांकी का माल जेवर कहां हैं या पीड़ित ने गलत आरोप लगाया था उसका इतना ही मालजेवर बैग में रखा था या चोर ने बांकी का माल जेवर बेंच दिया या क्या किया हैं यह कुछ नही बताया हैं। जिससे यह खुलासा समझ से परे है।

# तीस ग्राम स्मैक व साढ़े चार किलो कट पाउडर समेत तस्कर गिरफ्तार

**हाइवे पर बंथरा ओवरब्रिज के नीचे तस्कर के खड़े होने की मुखबिर ने दी थी सूचना, फरीदपुर के बेहरा गांव का निवासी है तस्कर मासूम अली**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

मुखविर की सूचना पर पुलिस टीम ने बीती रात एक तस्कर को धर दबोचा। तस्कर के कब्जे से स्मैक, कट पाउडर व बाइक बरामद की है। कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने चार दिसंबर की रात करीब पौने आठ बजे बन्थरा स्थित हाइवे ओवर ब्रिज के नीचे से एक बाइक सवार तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्कर ने मासूम अली पुत्र महमूद अली ने जनपद बरेली के फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव बेहरा का निवासी बताया है। मासूम अली के कब्जे साढ़े 30 ग्राम स्मैक एवं 9 गत्तों के डिब्बों में साढ़े चार किलोग्राम कट पाउडर के साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटर



साईकिल संख्या यूपी 25 बीडब्लू 5053 बरामद की है। तस्कर को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई गौरव कुमार, एसआई नेहा सैनी, कांस्टेबिल रजत मलिक व अमित कुमार शामिल रहे।

# 12वें मुकाबले में जीत आर्ट इलेवन के नाम

**मुमुक्षु क्रिकेट लीग**

**प्लेग्राउंड पर रहा दर्शकों का जमावड़ा, नीलू बने मैन ऑफ द मैच**

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में चल रही मुमुक्षु क्रिकेट लीग में बारहवें दिन का मैच स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज की ही दो टीमों आर्ट-11 तथा यूथ-11 के मध्य खेला गया। खेल के मैदान पर मौजूद दर्शकों की भीड़ का रोमांच एवं उत्साह देखने के काबिल था। मैच का टॉस यूथ-11 टीम ने जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। यूथ-11 टीम ने 16 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 124 रन स्कोर किए। आर्ट-11 की



टीम ने जवाबी पारी में बेहतरीन प्रदर्शन किया और 11.5 ओवर में 4 विकेट खोकर 126 रन बनाए और जीत अपने नाम कर ली। 35 गेंदों पर 3 छक्के और 4 चौके जड़कर 54 रन बनाने वाले आर्ट-11 के खिलाड़ी डॉ नीलू कुमार को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। इन्होंने विपक्षी टीम को 4 ओवर में 17 रन देकर 1 विकेट भी चटकाया। खेल की बेहतरीन एवं प्रभावशाली कमेंट्री डॉ आलोक कुमार सिंह एवं डॉ अंकित अवस्थी के द्वारा की गई। इस मौके पर खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई हेतु कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव डॉ अवनीश मिश्र, प्रो प्रभात शुक्ला, प्रो आदित्य कुमार सिंह, डॉ शालीन सिंह, डॉ दीपक सिंह, डॉ राजीव कुमार, डॉ रमेश चंद्रा, मनोज अग्रवाल सहित भारी संख्या में शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# दो परिवार टूटने से परिवार परामर्श केंद्र ने बचाए

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

एसपी राजेश द्विवेदी के कुशल निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन पुलिस लाइन में किया गया, जहां पर 10 पत्रावली पर सुनवाई की गयी और 2 दम्पति को विदा किया गया। थाना खुटार के एक दम्पती जिनकी शादी लगभग 7 वर्ष पूर्व हुई थी। पति-पत्नी के मध्य पारिवारिक बातों को लेकर विवाद था। आवेदिका ने बताया कि उसके पास 2 बेटी है और वह 7 माह की गर्भवती है। वह 6 माह से अपने मायके में रह रही है। अपने पति के साथ रहूँगी व अपनी ससुराल में नही रहूँगी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षो के मध्य विवाद था। दोनो पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया और दोनों पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया। प्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार है। दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है, दोनों को परिवार परामर्श केंद्र से सकुशल विदा किया गया। थाना कांट के एक दम्पत्ति जिनकी शादी लगभग 3 वर्ष पूर्व हुयी थी। दोनों पक्षों के मध्य पारिवारिक वातों को लेकर विवाद था आवेदिका का



कहना है कि मैं अपने पति के साथ रहूँगी जहाँ पर पति रहेंगे मैं वही रहूँगी। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया और दोनों पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया। प्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार है। दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है, दोनों को परिवार परामर्श केंद्र से सकुशल विदा किया गया। इस मौके पर परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी महिला उप निरीक्षक मधु यादव, महिला मुख्य आरक्षी चंद्रकांता शर्मा, महिला आरक्षी मोनिका, महिला आरक्षी बबीता देवी आदि मौजूद रहीं।

# लखनऊ से दिल्ली तक वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की उठाई मांग

**लोकसभा में सांसद अरुण सागर बोले शाहजहांपुर में दिया जाए ठहराव**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सांसद अरुण सागर ने शुक्रवार को लोकसभा में शून्य काल के दौरान शाहजहांपुर के अहम मुद्दे को उठाया है। उन्होंने कहा कि लखनऊ से दिल्ली तक वंदे भारत ट्रेन का संचालन शुरू किया जाये और उसका ठहराव शाहजहांपुर में भी दिया जाए। उन्होंने कहा कि शाहजहांपुर वासी इस मांग को लेकर कई बार उनसे मुलाकात कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी वह वंदे भारत ट्रेन के लिए रेल मंत्री को भी पत्र लिख चुके हैं। सांसद ने शून्य काल के दौरान संसद भवन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच से वंदे भारत ट्रेने देश की रफ्तार बढ़ा रही हैं। ये ट्रेने यात्रियों को न केवल तेज और लाभदायक सफर दे रही हैं बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत कर रही हैं। इसी तरह रेलमंत्री के कुशल नेतृत्व में रेलवे विभाग लगातार प्रगति की राह पर अग्रसर है। उनकी मेहनत से ही देश के लाखों यात्रियों का जीवन आसान हो गया है। सांसद ने कहा कि शाहजहांपुर वासी पिछले काफी समय से दिल्ली से लखनऊ वंदे भारत ट्रेन के संचालन एवं शाहजहांपुर स्टेशन पर ट्रेन के ठहराव की मांग कर रहे हैं। वह लगातार अपनी बात को शीर्ष नेतृत्व




तक पहुंचाने की मांग उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि लखनऊ से दिल्ली के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन शाहजहांपुर होते हुए शुरू किया जाए। इस ट्रेन का ठहराव शाहजहांपुर में स्टेशन पर भी दिया जाए। सांसद ने आगे कहा कि वह इस मांग को लेकर एक जुलाई को रेलमंत्री को पत्र भी लिख चुके हैं। जिसका संज्ञान लेते हुए रेलमंत्री की तरफ से सबंधित विभाग को जांच करने के निर्देश दिए थे लेकिन उसके बाद जांच कहां तक पहुंची इसकी कोई जानकारी नही है। सांसद ने बताया कि भाजपा सरकार लगातार देशवासियों की उम्मीदों पर खरा उतर रही है। चुनाव के समय पार्टी ने जो वादे किए थे। सरकार उन वादों को लगातार पूरा कर रही है। देश के हर नागरिक तक सरकारी की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। यात्रियों के लिए ट्रेनों का सफर आरामदायक बना दिया है। आज के समय में देश के कोने-कोने में ट्रेनों का संचालन किया जा चुका है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि जो मांग उन्होने सदन में उठाई है। उस पर बहुत जल्द विचार कर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

# सफाईकर्मी नहीं आने से गांव में फैली गंदगी

**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** ग्राम पंचायत रोली बोरी के गाँव नौगवां की नालियाँ महीनों से कीचड़ और गंदगी से पटी हुई हैं। पानी निकासी पूरी तरह बाधित है और रास्तों पर बदबू फैल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सफाई कर्मचारी महीनों से गाँव में नहीं आए, दो से तीन महीने तक कोई सफाई व्यवस्था दिखाई नहीं देती। ग्रामीणों का कहना है कि हम खुद ही नालियों की सफाई करने को मजबूर हैं। सफाई कर्मचारी अपनी मस्ती में रहते हैं, और कोई भी अधिकारी इस पर संज्ञान नहीं ले रहा। सरकार की ओर से दी जाने वाली हजारों रुपए की तनख्वाह आखिर किस बात की, जब सफाई ही नहीं हो रही। ग्रामवासियों ने प्रशासन से गुहार लगाई कि जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए।



बढ़ती गंदगी से संक्रमण और बीमारी का खतरा भी बढ़ रहा है। समय रहते कार्रवाई जरूरी, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके और गाँव की स्वच्छता व्यवस्था सुधर सके।

# सचिवों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध-प्रदर्शन

**10 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्य सचिव को संबोधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपा**

**कलान-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड कलान के ग्राम पंचायत अधिकारियों,ग्राम विकास अधिकारियों ने क्षेत्र में ऑनलाइन उपस्थिति एवं गैर विभागीय कार्यों के विरोध में काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए विरोध जताया। ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली और सचिवों से कराए जा रहे गैर विभागीय कार्यों के विरोध में विकास खण्ड कलान के पंचायत सचिवों ने विकास खण्ड कार्यालय



पर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया। सभी सचिव काली पट्टी बांधकर विकास खण्ड कार्यालय पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर विरोध जताया। सभी सचिवों ने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन को संबोधित एक ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी कलान को सौंपा। ग्राम विकास अधिकारियों, ग्राम पंचायत अधिकारियों (सचिवों) का कहना है कि उन्हें एक साथ कई ग्राम पंचायत का चार्ज दिया गया है।ऐसी स्थिति में सभी गांव में एक ही समय पर पहुंचना संभव नहीं है,जबकि ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य कर दी गयी है। जिस कारण उनके नियमित कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सचिवों ने जानकारी देते हुए बताया कि उनसे लगातार गैर विभागीय कार्य भी करवाए जा रहे हैं। जिसके कारण विभागीय कार्यों में बाधा उत्पन्न होती है। ग्राम विकास अधिकारियों की मांग है कि ऑनलाइन उपस्थिति की बाध्यता को समाप्त किया जाये और गैर विभागीय कार्यों से सचिवों को मुक्त किया जाये। विरोध प्रदर्शन के दौरान राजकुमार शुक्ला, सत्य प्रकाश शर्मा, प्रशान्त सिंह, अनिल कुमार आदर्श यादव, प्रमोद कुमार, वीरेन्द्र सिंह आदि सचिव मौजूद रहे।

# अर्थव्यवस्था की हालत ठीक नहीं है

विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच रुपया बुधवार को पहली बार 90 प्रति डॉलर के नीचे चला गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 25 पैसे टूटकर 90.21 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो इसका अब तक का सबसे निचला स्तर था, लेकिन यह गिरावट यहीं नहीं थमी, बल्कि गुरुवार को एक डॉलर की कीमत 90 रुपए 42 पैसे हो गई। 2025 में रुपया 4 से 5 प्रतिशत की गिरावट के साथ एशिया में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली एशियाई मुद्राओं में शामिल हो गया है। हालांकि यह दुख की बात है मोदी सरकार अपनी इस नाकामी को न मान रही है, न उसमें सुधार के लिए कोई काम करती दिख रही है। 11 सालों में एक बार भी ऐसा नहीं हुआ कि मोदी सरकार की नीतियों के कारण रुपये की कीमत में सुधार आया हो। बल्कि लगातार गिरावट ही दर्ज होती रही। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक बार कहा था कि रुपया कमजोर नहीं हो रहा, डॉलर मजबूत हो रहा है, लेकिन इस बार उनका ऐसा बेतुका तर्क भी सरकार का बचाव नहीं कर पाएगा, क्योंकि अमेरिकी डॉलर इंडेक्स तो स्थिर ही है। दरअसल भारतीय बाजार पर विदेशी निवेशकों का घटता भरोसा रुपए की गिरावट का अहम कारण बन रहा है। बताया जा रहा है कि भारत और अमेरिका में व्यापार समझौते पर अनिश्चितता कायम रहने और रुपये की गिरावट थामने के लिए रिजर्व बैंक के आगे न आने से स्थानीय मुद्रा रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई।वहीं विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 3,642 करोड़ रुपये की बिकवाली की। इस वर्ष भारत ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेश में 16 से 18 अरब डॉलर की निकासी देखी, जबकि शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लगभग 30 अरब डॉलर के आसपास स्थिर रहा। यानी भारतीय बाजार से डॉलर अधिक निकले और निवेश कम हुए। इसके साथ ही, हर महीने वस्तु व्यापार घाटा 25-30 अरब डॉलर के बीच रहा। देश से पूंजी का बाहर जाना और आयात की मांग बढ़ना इन वजहों से रुपया कमजोर होता गया।रुपए में यकायक कोई बड़ी गिरावट नहीं आई, यह सिलसिला कई महीनों से चल रहा है। लेकिन मोदी सरकार देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बताती रही। अभी सितंबर तिमाही 2025 में, भारत की जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही है, ऐसा दावा सरकार ने किया और उस पर अपनी पीठ भी थपथपाई। लेकिन इसी दौरान रुपये का मूल्य लगभग 5 प्रतिशत गिर गया, उस पर सरकार ने कुछ नहीं कहा। गौरतलब है कि भारत तेल, कच्चा माल, इलेक्ट्रॉनिक्स और मशीनरी का आयात करता है, जिसका भुगतान डॉलर में होता है, वहीं, उच्च अमेरिकी ब्याज दरों से आकर्षित होकर वैश्विक निवेशक भारत जैसे उभरते बाजारों से पैसा बाहर निकाल रहे हैं, इससे भी डॉलर की आवश्यकता बढ़ रही है, जबकि आने वाले डॉलर की आपूर्ति घट रही है। जब डॉलर की मांग रुपये की मांग से अधिक हो जाती है, तो रुपये का मूल्य गिरना तय है। ज्यादा आयात, धीमे निर्यात और अस्थिर पूंजी प्रवाह रुपये की गिरावट का मुख्य कारण हैं। और यह गिरावट अब महंगाई को बढ़ाएगी यह तय है।

# एंटीबायोटिक्स का मकड़जाल, सुपरबग्स का बढ़ता खतरा

प्रदीप श्रीवास्तव

किसी भी बीमारी के लिए एंटीबायोटिक्स यानी रोग प्रतिरोधी दवाएँ बहुत कारगर मानी जाती हैं। यही वजह है कि बाज़ार में सबसे ज़्यादा एंटीबायोटिक दवाएँ बिकती हैं। हालाँकि, इनके अंधाधुंध प्रयोग से हमारे देश में सुपरबग्स जैसी खतरनाक स्थिति पैदा हो गई है, जहाँ दवाएँ बेअसर हो जाती हैं और सामान्य बीमारी भी जल्दी ठीक नहीं होती है। उनके इलाज पर बहुत ज़्यादा खर्च करना पड़ता है। चिंता की बात यह है कि पोल्ट्री और डेयरी फार्मिंग में भी एंटीबायोटिक्स का अत्यधिक प्रयोग किया जा रहा है। नतीजतन, अगर हम खुद एंटीबायोटिक्स कम लें तो भी यह समस्या दूसरे रूप में हमें घेरे रहेगी। इसलिए सरकार ने एंटीबायोटिक्स के प्रयोग को लेकर गाइडलाइन जारी की है, जिसमें इनके इस्तेमाल को लेकर कई तरह के दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

सन 1928 में लंदन के सेंट मैरी हॉस्पिटल मेडिकल स्कूल में कार्यरत स्कॉटलैंड के वैज्ञानिक अलेक्ज़ेंडर फ़्लेमिंग ने जीवाणुओं (बैक्टीरिया) पर शोध करते हुए एंटीबायोटिक पेनिसिलिन की खोज की। दूसरे विश्वयुद्ध में जब लाखों घायल सैनिक संक्रमण से मर रहे थे, तब पेनिसिलिन वरदान साबित हुई। इससे अनगिनत सैनिकों की जान बचाई गई। पेनिसिलिन ने चिकित्सा विज्ञान की दिशा बदल दी और इसे आधुनिक एंटीबायोटिक युग की शुरुआत माना जाता है। हालाँकि, साल 1945 के बाद से ही फ़्लेमिंग ने खुद चेतावनी दी कि एंटीबायोटिक के बहुत ज़्यादा प्रयोग से प्रतिरोध पैदा होगा। यही हुआ, एंटीबायोटिक का अंधाधुंध प्रयोग शुरू हो गया, जिससे बीमारी एक बार ठीक होने बाद दोबारा होने पर उससे कई तरह की परेशानियाँ शुरू होने लगी। अब यह समस्या और बड़ी बनने लगी है क्योंकि भारत जैसे देशों में बिना डॉक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक लेना, अधूरा कोर्स करना और छोटी-मोटी बीमारी में भी इसका इस्तेमाल आम बात है। ज़्यादा एंटीबायोटिक के प्रयोग से हमारे शरीर के बैक्टीरिया, दवाइयों के प्रति प्रतिरोधक विकसित कर लेते है इसे एंटीमाइक्रोबियल रेजि़स्टेंस कहा जाता है और यह स्थिति सुपरबग्स के रूप में उभरकर सामने आती है। यानी ऐसी स्थिति जिसमें ताकतवर जीवाणु, दवाओं से नहीं मरते और उन पर साधारण एंटीबायोटिक काम नहीं करती। ऐसे में न सिर्फ मरीजों पर दवाओ का खर्च बढ़ता जाता है, बल्कि भविष्य में वह कई बीमारियों को न्योता देता है और सामान्य संक्रमण यानी खाँसी, बुखार, घाव का इन्फेक्शन होने पर इसका इलाज भी मुश्किल हो जाता है। पहले जिन बीमारियों का इलाज 100 रुपये की दवा से हो जाता था, उनके लिए अब लाखों रुपये की नई और महँगी दवाएँ या इंजेक्शन लगते हैं। क्योंकि वह छोटी या सामान्य बीमारी पर दवाएँ बेअसर होती है, उन्हें ठीक करने के लिए कई तरह की जाँचें करानी पड़ती है और नई किस्म की दवाएँ देनी पड़ती है और मरीज को अस्पताल में ज़्यादा दिन भर्ती रहना पड़ता है। बार-बार एंटीबायोटिक लेने से डायरिया, एलर्जी, त्वचा पर दाने जैसी समस्याएँ भी आने लगती हैं और लंबे समय में किडनी, लीवर और पेट पर असर पड़ता है। सबसे बड़ी बात है कि एंटीबायोटिक हानिकारक बैक्टीरिया के साथ-साथ अच्छे बैक्टीरिया को भी मार देते हैं। इससे खराब पाचन, इम्युनिटी कमज़ोर और बार-बार संक्रमण की समस्या हो सकती है। भारत पहले से ही एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस का हॉटस्पॉट बन चुका है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् की रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर साल लगभग 7 लाख लोग एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस से जुड़ी बीमारियों से प्रभावित होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि अगर इस समस्या पर रोक नहीं लगी तो साल 2050 तक भारत समेत विश्व में एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस के कारण 1 करोड़ मौतें प्रति वर्ष हो सकती हैं।



भारत में एंटीबायोटिक्स का बाज़ार बहुत बड़ा है, क्योंकि यहाँ संक्रमण संबंधी बीमारियाँ आम हैं। 2023 में भारत में एंटीबायोटिक्स का बाज़ार करीब 49,000 करोड़ रूपये का था। अनुमान है कि 2024-2030 के बीच यह बाज़ार लगभग 6-7% चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ेगा और साल 2030 तक यह बाज़ार 83,000 करोड़ रूपये तक पहुँच सकता है। मालूम हो कि भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा एंटीबायोटिक उत्पादक देश है। यहाँ बनने वाले जेनेरिक एंटीबायोटिक्स का एक बड़ा हिस्सा अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका को निर्यात होता है। भारतीय फ़ार्मा कंपनियाँ दुनिया भर के 20% से अधिक जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति करती हैं। द लैंसेट की 2022 रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रति व्यक्ति एंटीबायोटिक खपत दुनिया में सबसे अधिक है। अनुमान है कि हर साल भारत में लगभग 1,300 करोड़ से अधिक की खुराक एंटीबायोटिक की ली जाती हैं। इसमें से भी ग्रामीण और छोटे शहरों व कस्बों में एंटीबायोटिक का उपयोग बड़े शहरों की अपेक्षा बहुत अधिक होता है। भारत सरकार ने शेड्यूल एच-1 लागू किया है, जिसके तहत कई एंटीबायोटिक दवाएँ केवल पर्चे पर ही मिल सकती हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से एंटीबायोटिक स्टीवर्डशिप प्रोग्राम को लागू किया जा रहा है ताकि दुरुपयोग कम हो, फिर भी समस्या जस की तस है।

साल 2025 में भारत की जनसंख्या लगभग 1.40 अरब है, यानी भारत दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है। देश में करीब लगभग 93 करोड़ आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, जबकि शहरों में लगभग 50 करोड़ लोग निवास करते हैं। उसमें स्थिति देखें तो सर्दी-खाँसी-जुकाम, बुखार, डायरिया जैसी बीमारियाँ से हर साल भारत में करीब 30-35 करोड़ से अधिक लोग प्रभावित होते हैं और लगभग 6.2 करोड़ डायबिटीज और 7.7 करोड़ हृदय रोग से पीड़ित हैं। साल 2024 तक हमारे देश में कुल पंजीकृत डॉक्टरों की संख्या लगभग 13 लाख हैं, इनमें से 10.4 लाख एलोपैथिक डॉक्टर और 4.5 लाख आयुष डाक्टर (आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी आदि) हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक के अनुसार 1,000 की जनसंख्या पर कम से कम 1 डॉक्टर होना चाहिए। जबकि भारत में 1,000 की आबादी पर मात्र 0.7 डॉक्टर उपलब्ध हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में यह अनुपात और भी कम है और कई राज्यों में 1000 की आबादी पर मात्र 0.2 डाक्टर हैं।

भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी, 2023 की रिपोर्ट की माने तो देश में 1.55 लाख सब-सेंटर, 25,000 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 5,600 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। इनमें से लगभग 65-70% स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीण इलाकों में स्थित हैं। भले ही देश में करीब एक लाख से ज़्यादा स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीण इलाकों में हों, लेकिन अभी भी यहाँ डाक्टरों और स्वास्थ्य केंद्रों की भारी कमी है। देश में साधारण बीमारियों से हर साल करीब 30 करोड़ लोग प्रभावित हैं, जिनका इलाज कुछ लाख डाक्टरों या स्वास्थ्य केंद्रों के भरोसे संभव नहीं है। हालाँकि, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् और स्वास्थ्य मंत्रालय ने एंटीबायोटिक उपयोग पर नियंत्रण के लिए नई गाइडलाइन जारी की है। इसमें ज़ोर दिया गया है कि एंटीबायोटिक केवल बैक्टीरियल संक्रमण में ही दी जाए और साधारण सर्दी-जुकाम या फ्लू में नहीं।

डॉक्टर की पर्ची अनिवार्य होगी और अस्पतालों को एंटीबायोटिक स्टीवर्डशिप प्रोग्राम अपनाना होगा। साथ ही, दवा की अवधि को कम से कम रखने और मरीजों को पूरी जानकारी देने पर ज़ोर दिया गया है। मालूम हो कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एंटीबायोटिक को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया है, पहला एक्सेस यानी वे एंटीबायोटिक जो सामान्य संक्रमण के लिए सुरक्षित हैं और इनका कोई ज़्यादा साइड इफ़ेक्ट नहीं है। दूसरी श्रेणी है वॉच की, इनका उपयोग सीमित परिस्थितियों में ही किया जाना चाहिए और इनके लिए निगरानी ज़रूरी है। तीसरी श्रेणी है रिज़र्व की, ये अंतिम विकल्प की दवाइयाँ हैं, जिन्हें केवल जीवन-रक्षक स्थिति में ही इस्तेमाल किया जाना चाहिए। भारत भी इसी गाइडलाइन का पालन करता है और डॉक्टरों को सलाह भी दी गई है कि वे केवल ज़रूरत पड़ने पर ही एंटीबायोटिक लिखें और मरीजों को पूरी जानकारी दें। एंटीबायोटिक की समस्या इसलिए भी बड़ी होती जा रही है क्योंकि इंसानों के साथ ही कृषि और पशुपालन क्षेत्र में भी एंटीबायोटिक का अंधाधुंध उपयोग होना शुरू हो चुका है, खासतौर पर मुर्गीपालन और डेयरी फार्मिंग में। खाद्य और कृषि संगठन (संयुक्त राष्ट्र), भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण और विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत में कुल एंटीबायोटिक खपत का 50त्न से अधिक हिस्सा पशुपालन में होता है। पोल्ट्री सेक्टर (मुर्गीपालन) का अनुमान है कि भारत में हर साल लगभग 70-75त्न मुर्गीपालकों द्वारा चारे में एंटीबायोटिक का प्रयोग किया जाता है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की एक रिपोर्ट में बताया गया कि बाजार में बिकने वाले 40त्न से अधिक चिकन में एंटीबायोटिक रेज़िड्यू पाए गए। डेयरी फार्मिंग डेयरी सेक्टर में, दूध देने वाली गायों और भैंसों में संक्रमण रोकने और दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए एंटीबायोटिक का बार-बार प्रयोग किया जाता है। साल 2022 के एक सर्वे में पाया गया कि 10-12% दूध के सैंपल्स में एंटीबायोटिक अवशेष मौजूद थे।

ईयू और अमेरिका जैसे देशों ने एंटीबायोटिक-युक्त मीट और डेयरी उत्पादों के आयात पर कड़ी पाबंदी लगा रखी है। साल 2017 में ईयू ने भारत से निर्यात किए गए 26त्न पोल्ट्री उत्पादों को अस्वीकार कर दिया था क्योंकि उनमें एंटीबायोटिक अवशेष पाए गए। एंटीबायोटिक्स को ग्रोथ प्रमोटर के रूप में प्रयोग करने पर रोक लगा दी गई है। पशुपालन में केवल चिकित्सकीय ज़रूरत पर ही डॉक्टर या वैटरनरी प्रिस्क्रिप्शन से उपयोग की सिफ़ारिश है।

एंटीबायोटिक न सिर्फ जनस्वास्थ्य के लिए ख़तरनाक है बल्कि निर्यात और खाद्य सुरक्षा पर भी सीधा असर डालता है। नई गाइडलाइन का उद्देश्य एंटीबायोटिक का विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करना और भविष्य में गंभीर संक्रमणों के इलाज के लिए उनकी प्रभावशीलता बनाए रखना है। यदि मरीज, डॉक्टर, अस्पताल और किसान सभी मिलकर इन नियमों का पालन करें, तो सुपरबग्स की समस्या पर काबू पाया जा सकता है। इसके लिए व्यापक जनजागरूकता, सख्त नियम और सतत निगरानी बेहद आवश्यक है।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

## विचार

# बीजेपी-आरएसएस बिहार चुनाव सफलता से सीख लेकर यूपी में बना रहे व्यापक चुनावी मॉडल



अजय कुमार

उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव में अभी एक साल से ज्यादा समय बाकी है, लेकिन राजनीतिक गतिविधियाँ अब से ही पूरी तरह सक्रिय हो गई हैं। बीजेपी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने चुनाव की तैयारियों को लेकर तेज़ी से काम शुरू कर दिया है। बिहार चुनाव में मिली बीजेपी की जबरदस्त सफलता ने संघ और पार्टी दोनों को यूपी में रणनीति बनाने के लिए प्रेरित किया है। 2024 के लोकसभा चुनाव में यूपी में बीजेपी की सीटें अपेक्षा से कम रही थीं, और इसके पीछे विपक्षी समाजवादी पार्टी की बढ़ती ताकत और स्थानीय मुद्दों की भूमिका थी।

यही वजह है कि अब संघ और बीजेपी ने यूपी में बिहार मॉडल को लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है। बीजेपी के संगठन महामंत्री बीएल संतोष, संघ के सरकार्यवाह अरुण कुमार और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठकों में यूपी के प्रभारी मंत्रियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने जिले में संघ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ नियमित रूप से समन्वय बैठक करें। स्थानीय मुद्दों, विकास कार्यों और कमजोर कड़ियों की पहचान के लिए विस्तृत सूची तैयार की जा रही है, ताकि समय रहते सुधार किया जा सके। संघ अपने शताब्दी वर्ष के तहत बड़े पैमाने पर हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला आयोजित करने जा रहा है, जिनमें लखनऊ में प्रस्तावित विराट हिंदू सम्मेलन भी शामिल है, जो चुनावी तैयारियों का हिस्सा माना जा रहा है।

बिहार चुनाव में संघ की रणनीति बेहद प्रभावी रही। 2020 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी का वोट शेयर 42.56% था, जो 2025 में बढ़कर 48.44% तक पहुंच गया। जेडीयू का वोट शेयर 32.83% से बढ़कर 46.2% और चिराग पासवान की पार्टी एलजेपी का वोट शेयर 10.26% से 43.18% तक पहुंच गया। यह सफलता केवल चुनावी मशीनरी की नहीं बल्कि संघ की लंबी और लगातार मेहनत का परिणाम थी। संघ ने हर जिले में कम से कम 100 स्वयंसेवकों को तैनात किया था, और छात्र इकाई एबीवीपी के 5,000 कार्यकर्ताओं को पांच-पांच की टोली बनाकर पूरे बिहार में काम सौंपा गया था।

चुनाव प्रचार के दौरान ये कार्यकर्ता शोर-शराबे से दूर रहकर जमीनी स्तर पर संगठनात्मक काम कर रहे थे। उत्तर प्रदेश में भी संघ इसी मॉडल को अपनाने की योजना बना रहा है। यूपी के पश्चिमी हिस्सों और मुस्लिम आबादी वाले इलाकों में बीजेपी के लिए चुनौती बनी रहती है। बिहार के सीमांचल क्षेत्र में संघ ने हिंदू वोट को एकजुट रखने की कोशिश की थी, जिसके परिणामस्वरूप 32 सीटों में से 21 पर एनडीए उम्मीदवारों ने जीत हासिल की थी। यूपी में भी संघ इसी रणनीति को लागू करने की तैयारी में है। विपक्षी दलों को कमजोर करने के लिए बीजेपी को राजनीतिक समझौते करने पड़ सकते हैं, जैसे कि बीएसपी से कथित सहयोग। यूपी में भी संघ और बीजेपी की रणनीति यही होगी कि हिंदू वोट को बांटे बिना संगठन और विकास के एजेंडे को मजबूत किया जाए।

बीते हफ्तों में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत लखनऊ आए और दिव्य गीता प्रेरणा उत्सव में भाग लिया। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मंच साझा किया और बीजेपी के संगठनात्मक कार्यों पर चर्चा की। इसके अलावा, बीएल संतोष की संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ लंबी बैठक हुई, जिसमें आगामी चुनाव की तैयारियों और संगठनात्मक समन्वय पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ। सूत्रों के अनुसार, उत्तर प्रदेश की सरकार और संगठन दोनों में बड़े फेरबदल पर भी विचार किया जा रहा है। कुछ मंत्रियों की जिम्मेदारियों में बदलाव और नए चेहरे शामिल करने की संभावना है। बीजेपी को जल्द ही नया अध्यक्ष भी मिल सकता है, जो चुनावी रणनीति को और तेज करेगा। संघ और बीजेपी की रणनीति केवल संगठनात्मक नहीं है, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक रणनीति पर भी केंद्रित है। युवाओं, छात्रों, महिलाओं और विभिन्न सामाजिक समूहों से जुड़ाव बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। हिंदू संस्कृति, पहचान और सामाजिक समरसता के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई जा रही है। संघ का उद्देश्य है कि विकास, सुशासन और हिंदुत्व के मुद्दों को जनता के सामने स्पष्ट रूप से रखा जाए। यह रणनीति बिहार मॉडल की तरह उत्तर प्रदेश में भी लागू की जा रही है, ताकि विपक्षी मतों को विभाजित किया जा सके और बीजेपी को अधिक सीटें मिलें।

विशेषज्ञों का मानना है कि यूपी विधानसभा चुनाव सिर्फ राजनीतिक मुकाबला नहीं होगा, बल्कि यह सामाजिक और सांस्कृतिक आधार पर भी टकराव का मैदान होगा। विकास बनाम पहचान, जाति बनाम हिंदू एकजुटता, तथा सुशासन बनाम राजनीतिक विरोधी गठबंधन की लड़ाई के रूप में यह चुनाव सामने आएगा। संघ और बीजेपी की योजना यह है कि स्थानीय स्तर पर मजबूत संगठन, विकास और हिंदू-सामूहिकता के संदेश के जरिए 2027 में सत्ता सुनिश्चित की जाए। उत्तर प्रदेश की राजनीति में संघ की भूमिका लंबे समय से महत्वपूर्ण रही है। अब बिहार चुनाव से मिली सीख और रणनीति को यूपी में लागू करने की योजना ने मिशन यूपी को और स्पष्ट रूप दिया है। आगामी विधानसभा चुनाव में बीजेपी और संघ की यह रणनीति ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में प्रभावी होने की उम्मीद है। विपक्ष के लिए चुनौती यह होगी कि वह जाति और स्थानीय समीकरणों के जरिए संघ और बीजेपी की योजनाओं का मुकाबला कर सके।

बिहार और पश्चिम बंगाल के चुनावी अनुभव से यह स्पष्ट होता है कि संघ और बीजेपी की रणनीति सिर्फ वोट बैंक तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यापक संगठनात्मक तैयारी और सामाजिक संदेश पर आधारित है। यूपी में भी संघ और बीजेपी यही मॉडल लागू करेंगे। इसके तहत स्थानीय मुद्दों की पहचान, कमजोर क्षेत्रों में सुधार, युवाओं और छात्रों का सक्रियकरण, हिंदू पहचान और विकास एजेंडा प्रमुख होंगे। 2027 विधानसभा चुनाव में बीजेपी और संघ की यह रणनीति निर्णायक साबित हो सकती है, क्योंकि यह रणनीति जमीनी स्तर पर गहराई तक काम करती है और विपक्षी मतों को विभाजित करने की क्षमता रखती है। बहरहाल, यूपी विधानसभा चुनाव 2027 के लिए मिशन यूपी पहले से ही सक्रिय हो चुका है। संघ और बीजेपी ने बिहार मॉडल से सीख लेकर स्थानीय स्तर पर रणनीति बनाई है, जिसमें संगठनात्मक समन्वय, विकास और हिंदू-सामाजिक संदेश को प्रमुखता दी जा रही है। विपक्ष के लिए यह चुनौतीपूर्ण होगा कि वह संघ और बीजेपी की व्यापक तैयारी का मुकाबला कर सके। आने वाला समय यह तय करेगा कि यूपी में मिशन यूपी कितना सफल होता है और क्या संघ और बीजेपी अपनी रणनीति के जरिए सत्ता में मजबूत स्थिति बनाए रख पाते हैं।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

## साहित्य



### लापता होने की चिंता...?

**संजय एम तराणेकर**

सुप्रीम कोर्ट ने पूछा घुसपैठियों की हिमायत?
क्या इनके लिए रेड कार्पेट बिछाएँ हैं लायक।
ये मानवाधिकार कार्यकर्ता को कड़ी फटकार,
देशवासी गरीबी से जूझ रहें ये छिने अधिकार।

हिरासत से रोहिंग्या के लापता होने की चिंता?
देश के गरीबों का सुविधाओं पर हक हैं बनता।
पहले से ही भारत में जनसंख्या की हैं सघनता,
सरकारी सुविधा, राशन पे हक हमारा हैं बनता।

घुसपैठिये अवैध रूप से क्यों? करते सीमा पार!
उनका देश दे नहीं पाता जीने के लिए रोज़गार।
वह प्रवेश कर बन जाता हैं आश्रय का हकदार,
फिर बनते भोजन, शिक्षा व कानून के तलबगार।
*(संदर्भ-घुसपैठियों की हिमायत पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार)*





# राशिफल

**मेषः-** महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में अत्याधिक व्यय का योग है। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी।

**वृषः-** परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**मिथुनः-** मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित रहेगा। नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में संतुष्ट व तृप्त होने का प्रयत्न करें।

**कर्कः-** विभागीय परिवर्तनों से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अपने अंदर धैर्य व वाणी में मधुरता लायें। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा।

**सिंहः-** राजनीतिक क्षेत्र के लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा। अच्छे कार्य के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**कन्याः-** भावनात्मक समस्याओं पर संबंधों में खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। महत्वपूर्ण कार्य को कल पर न टालें।

**तुलाः-** निकट संबंधों में शंकाओं को न हावी होने दें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**वृश्चिकः-** अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी।

**धनुः-** संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। अच्छे कार्य द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**मकरः-** बीती बातों को भूलने की कोशिश करें। रोजगार में कुछ अच्छे अवसर बनेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा।

**कुंभः-** नकारात्मक चिंताओं को त्यागें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। आवेश में किये गये निर्णय से कष्ट संभव।

**मीनः-** किसी नये कार्य की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केंद्रित होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे।

# ताइवान संकट, जापान की सुरक्षा नीति व भारत के लिए बदलता इंडो-पैसिफिक समीकरण

डॉ. प्रियंका सौरभ

जापान और चीन के बीच बढ़ते तनाव के केंद्र में आज ताइवान का प्रश्न है, जिसने पूरे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शक्ति-संतुलन को नया मोड़ दे दिया है। भौगोलिक निकटता, समुद्री हितों और ऐतिहासिक संवेदनशीलताओं के कारण जापान ताइवान की स्थिरता को अपने ही राष्ट्रीय सुरक्षा हितों का विस्तार मानता है। पिछले कुछ वर्षों में चीन द्वारा ताइवान के आसपास की सैन्य गतिविधियों में तेज़ी- चाहे वह वायु क्षेत्र का उल्लंघन हो, मिसाइल परीक्षण हों या बड़े पैमाने पर नौसैनिक अभ्यास ने जापान की खतरा-धारणा को पूरी तरह बदल दिया है। साल 2022 में चीनी मिसाइलों का जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र में गिरना इस बात का सटीक संकेत था कि ताइवान संकट सीधे जापान के भू-राजनीतिक वातावरण को प्रभावित करता है।

इसी कारण जापान ने अपनी सुरक्षा-रणनीति में अभूतपूर्व परिवर्तन किए हैं। दशकों से चले आ रहे शांतिवादी दृष्टिकोण के बावजूद उसने रक्षा-व्यय को दोगुना कर जीडीपी के 2% तक ले जाने का निर्णय लिया है। लंबे समय से निष्क्रिय पड़े सैन्य ढाँचों को पुनर्जीवित किया जा रहा है, दक्षिण-पश्चिमी द्वीपों पर नई मिसाइल तैनाती की जा रही है और अमेरिका के साथ संयुक्त संचालन क्षमता को काफी बढ़ाया गया है। जापान समझता है कि यदि ताइवान में संघर्ष उत्पन्न होता है तो चीन की आक्रामकता सेंकाकू द्वीपों और जापानी जलक्षेत्रों की ओर भी बढ़ सकती है। इसलिए उसकी पूरी सुरक्षा-दृष्टि अब ताइवान जलडमरूमध्य की स्थिरता से गहराई से जुड़ चुकी है। यह परिवर्तन उसकी विदेश-नीति में भी स्पष्ट दिखाई देता है। पहले जहाँ जापान ताइवान मुद्दे पर खुलकर बोलने से कतराता था, आज वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बार-बार ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता को अनिवार्य बता रहा है। चीन के प्रति उसका कूटनीतिक रुख कहीं अधिक सख्त हुआ है। ताइवान को लेकर जापानी प्रधानमंत्री की टिप्पणी पर चीन की धमकियों के बाद जापान द्वारा चीनी राजदूत को तलब करना इस बदलाव का प्रतीक है। साथ ही जापान अब क्वाड, आसियान देशों और यूरोपीय साझेदारों के साथ नई सुरक्षा-संरचनाएँ विकसित कर रहा है, ताकि चीन की बढ़ती सैन्य क्षमता का संतुलन बनाया जा सके। यह संपूर्ण परिदृश्य भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत और जापान दोनों चीन की आक्रामक प्रवृत्ति से चिंतित हैं, इसलिए दोनों देशों के बीच सुरक्षा-सहयोग स्वाभाविक रूप से गहरा हो रहा है। क्वाड की सामरिक महत्ता बढ़ी है और हिंद-प्रशांत में समुद्री निगरानी, नौसैनिक अभ्यास और तकनीकी सहयोग में तेजी आई है। जापान का सैन्य आधुनिकीकरण भारत के लिए रक्षा-उद्योग, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में नए अवसर खोलता है। परंतु चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। भारत चीन के साथ स्थिर संबंध बनाए रखना चाहता है, क्योंकि सीमा-क्षेत्र की शांति और आर्थिक सहयोग उसकी प्रत्यक्ष आवश्यकता है। किंतु चीन-जापान तनाव का बढ़ना भारत-चीन संतुलन को और जटिल बनाता है। यदि भारत जापान और अमेरिका के साथ ज्यादा निकटता दिखाता है तो चीन सीमा पर दबाव बढ़ा सकता है। दूसरी बड़ी चिंता ताइवान जलडमरूमध्य में किसी भी सैन्य संकट से जुड़ी है। भारत के लिए यह समुद्री मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है; यहाँ किसी भी अस्थिरता से ऊर्जा आयात, व्यापार, इलेक्ट्रॉनिक चिप आपूर्ति और संपूर्ण समुद्री परिवहन पर भारी असर पड़ेगा। इससे भारत की आर्थिक गति और सुरक्षा व्यवस्था दोनों को जोखिम हो सकता है।


तीसरी चुनौती अमेरिका की रणनीतिक अस्पष्टता है। अमेरिका ने कभी स्पष्ट नहीं कहा कि ताइवान पर हमले की स्थिति में वह सैन्य हस्तक्षेप करेगा या नहीं। यह अनिश्चितता पूरे क्षेत्र को दुविधा की स्थिति में डालती है। जापान और ताइवान तो इससे चिंतित हैं ही, भारत के लिए भी यह प्रश्न महत्वपूर्ण है, क्योंकि क्वाड की वास्तविक उपयोगिता इसी पर निर्भर करती है कि अमेरिका किस हद तक निर्णायक भूमिका निभाता है। यदि अमेरिका अनिश्चित रहता है, तो चीन को क्षेत्र में और आक्रामक कदम उठाने का प्रोत्साहन मिल सकता है, जिसका असर भारत की सुरक्षा-संतुलन पर भी पड़ेगा। इन जटिलताओं के बीच भारत के लिए अवसर भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। जापान की नई सक्रियता रक्षा-उद्योग सहयोग, समुद्री तकनीक, पनडुब्बी क्षमता और संयुक्त सैन्य अभ्यासों को नई दिशा दे सकती है। भारत और जापान मिलकर एक स्थिर और नियम-आधारित इंडो-पैसिफिक की दिशा में ठोस कदम उठा सकते हैं। व्यापार-मार्गों का विविधीकरण भी भारत के लिए अनिवार्य होगा, ताकि ताइवान जलडमरूमध्य पर अत्यधिक निर्भरता कम हो सके। अंततः ताइवान संकट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इंडो-पैसिफिक का भविष्य अब पुराने समीकरणों पर नहीं चल सकता। जापान अपनी सुरक्षा-रणनीति को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है, चीन अपनी शक्ति का विस्तार जारी रखे हुए है और अमेरिका अपनी भूमिका को आंशिक रूप से पुनर्संतुलित कर रहा है। ऐसे परिदृश्य में भारत को अत्यंत संतुलित, चतुर और बहुस्तरीय कूटनीति अपनानी होगी- ऐसी कूटनीति, जो न तो चीन से अनावश्यक टकराव पैदा करे और न ही जापान, अमेरिका तथा अन्य साझेदारों के साथ बढ़ते सहयोग को धीमा करे। इंडो-पैसिफिक के बदलते समीकरण भारत के लिए चुनौतीपूर्ण भी हैं और अवसर भी। यह समय भारत की सामरिक परिपक्वता, आर्थिक शक्ति-विस्तार और निर्णायक विदेश-नीति का है। यदि भारत इन सभी पहलुओं को संतुलित रूप से साध लेता है तो वह न केवल क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन को प्रभावित करेगा बल्कि आने वाले वर्षों में इंडो-पैसिफिक के भविष्य का एक प्रमुख निर्धारक भी बनेगा।

*(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### सजकर तैयार हुआ राम कथा मंच, आज निकलेगी शोभा यात्रा



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** तपोभूमि प्रांगण में शनिवार से शुरू हो रही राम कथा के लिए मंच सजकर तैयार होने लगा है। शनिवार को कस्बे के चांद थोक के राम जानकी मंदिर से भव्य शोभा यात्रा शुरू होकर तपोभूमि पहुंचेगी। यहां पर कथाव्यास महामंडलेश्वर आत्मानंद गिरि जी महाराज गणेश एवं कलश पूजन के साथ कथा का शुभारंभ करेंगे। कथा के आयोजक बिंदा साहू ने बताया कि मंच तैयार हो गया है तपोभूमि प्रांगण में साफ सफाई कर पानी बिजली के पुख्ता इंतजाम कराए गए हैं।

### एडमिशन के नाम पर 2.8 लाख हडपने पर दो के खिलाफ मुकदमा

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** दस माह पूर्व जी मैट में एडमिशन कराने के नाम पर 2 लाख 80 हजार रुपए लेने के बाद एडमिशन नहीं कराने पर और रुपए डकार जाने पर छात्रा के पिता ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है।कस्बे के वार्ड संख्या 13 गुरुगुज थोक निवासी बृज किशोर चौरसिया ने बताया कि उसकी पुत्री अंशिका चौरसिया ने जी मैट में दाखिले के लिए आवेदन किया था। गत 11 फरवरी को आशीष राठौर, तरुण गोयल चार पहिया वाहन से उसके घर आए और एडमिशन का भरोसा दिलाकर दो लाख 80 हजार रुपए ले लिए बाद में एडमिशन नहीं कराया और मोबाइल फोन बंद कर लिए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (2), 316 (2) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### अलग-अलग घटनाओं में चार घायल, दो रिफर

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र में हुई अलग-अलग बाइक दुर्घटनाओं में घायल चार बाइक सवारों को लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां दो घायलों की हालत नाजुक होने के चलते उनका प्राथमिक उपचार कर उन्हें मुख्यालय रेफर कर दिए गया। थाना क्षेत्र मुस्करा के ग्राम इमलिया निवासी शिवकरण 38 वर्ष पुत्र छोटेलाल व सिरसी कला निवासी अरविंद 40 वर्ष पुत्र प्रेम नारायण सिरसी खुर्द से खन्ना गेस्ट हाउस जा रहे थे तभी सिरसी रतवा मार्ग पर ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर घायल हो गए जिन्हें एंबुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां शिवकरण की हालत नाजुक होने के चलते उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया गया। इसी प्रकार थाना क्षेत्र सिसोलर के ग्राम बह्मरौली निवासी रमाकांत 29 वर्ष पुत्र लक्ष्मी नारायण व ग्राम तुलसी निवासी रामविलास 50 वर्ष पुत्र रामस्वरूप शुक्रवार को बाइक दुर्घटना में घायल हो गए जिन्हें गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां रमाकांत की हालत गंभीर होने के चलते उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया गया।

### पांचवें दिन सचिवों ने मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजा



**मौदहा हमीरपुर।** शांतिपूर्ण आंदोलन के पांचवें दिन सभी ग्राम पंचायत अधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश शासन मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री को 10 सूत्री मांगों को लेकर कस्बे के खंड विकास अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेज शीघ्र समस्या के समाधान की मांग की है आंदोलनकारी पंचायत सचिवों ने आंदोलन के पांचवें दिन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को प्रभारी खंड विकास अधिकारी अनिल पाठक को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि तीन नवंबर को जारी शासनादेश में पंचायत सचिवों की उपस्थिति ऑनलाइन की जानी है। इनका मानना है। कि ग्राम पंचायत स्तर पर ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू करने हेतु समुचित संसाधन की उपलब्धता एवं एकरूपता ही व्यवहारिक उचित स्थिति प्राप्त होने तक ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी हेतु उपयुक्त उपस्थित प्रणाली तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाए शासन स्तर पर संघ के पदाधिकारी के साथ संवाद स्थापित किया जाए जो न्याय पूर्ण एवं तर्कपूर्ण व्यवस्था के तहत समाधान निकाला जाए। इस अवसर पर नितेश चंदेल, अरविंद कुमार सोनी, अरविंद पाल, अरविंद यादव, भूपेंद्र कुमार, शिवमूरत सिंह, बीरेंद्र पाल, हरी बाबू व भगवान प्रसाद सहित आदि सचिव मौजूद रहे हैं।

### एसपी ने किया साप्ताहिक परेड व पुलिस लाइन का निरीक्षण



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस लाइन में आयोजित शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई। तदोपरांत परेड की सघन जांच-पड़ताल करते हुए पुलिस कर्मियों की परेड कराई गई। पुलिस कर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रखने हेतु परेड के उपरांत दौड़ लगवाई गई। प्रशिक्षण हेतु आए नवचयनित रिक्रूट आरक्षियों की पीटी/परेड का निरीक्षण किया गया। प्रशिक्षणार्थियों को अनुशासन, व्यवहार-कुशलता एवं पुलिस सेवा के नियमों से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ब्रीफ किया गया। फिटनेस ड्रिल के दौरान नवचयनित आरक्षियों का शारीरिक परीक्षण भी लिया गया। परेड उपरांत ट्रेनिंग उस्ताद को निर्देशित किया गया कि वे रिक्रूट आरक्षियों को सभी आवश्यक प्रशिक्षण बिंदुओं से समुचित रूप से अवगत कराएं। साप्ताहिक परेड के उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया। पुलिस लाइन स्थित मैस का गहन निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता को परखा गया। पुलिस कर्मियों एवं प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों हेतु उपलब्ध भोजन व्यवस्था का भी अवलोकन किया गया। इसके अतिरिक्त क्वार्टर गार्द, बैरक,परिवहन शाखा एवं पुलिस लाइन परिसर की अन्य इकाइयों का क्रमवार निरीक्षण किया गया। निर्माणाधीन भवनों एवं परिसर की स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित कर्मचारियों को साफ-सफ़ाई एवं समुचित व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निर्देशित किया गया कि पुलिस लाइन परिसर में उच्च स्तर की स्वच्छता, अनुशासन एवं व्यवस्थाओं की निरंतरता सुनिश्चित की जाए। साप्ताहिक परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा अर्दली रूम लिया गया तथा गार्द रजिस्टरों का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह व प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### एसडीआरएफ टीम ने दिया आपदा प्रबंधन तथा बचाव संबंधी प्रशिक्षण

**महोबा।** आरटीसी पुलिस लाइन में एसडीआरएफ की विशेष टीम द्वारा रिक्रूट आरक्षियों को आपदा प्रबंधन एवं बचाव तकनीकों संबंधी विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्राकृतिक एवं मानव-जनित आपदाओं की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, प्राथमिक उपचार, खोज-बचाव कार्य, जल एवं अग्नि आपदा के समय सुरक्षित कार्यवाही, आवश्यक उपकरणों का उपयोग तथा टीम वर्क की भूमिका पर विशेष बल दिया गया। एसडीआरएफ प्रशिक्षकों द्वारा रिक्रूट्स को व्यावहारिक प्रदर्शन (डेमो) के माध्यम से विभिन्न परिस्थितियों में किए जाने वाले बचाव कार्यों की जानकारी दी गई, ताकि भविष्य में किसी भी आपातकालीन स्थिति में पुलिस कर्मी प्रभावी, सुरक्षित एवं तत्पर प्रतिक्रिया दे सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गौंड द्वारा आरटीसी के इंडोर क्लास का निरीक्षण कर रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित किया गया। उन्होंने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी रिक्रूट्स को अनुशासन, समर्पण, शारीरिक-मानसिक दृढ़ता तथा कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित एवं मोटिवेट किया। क्षेत्राधिकारी द्वारा बताया गया कि आधुनिक पुलिसिंग में आपदा प्रबंधन का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि संकट की घड़ी में पुलिस ही सबसे पहले मौके पर पहुंचकर जन-सहायता करती है। इसलिए प्रत्येक पुलिस कर्मी का प्रशिक्षित एवं सक्षम होना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# दवा दुकानों में ड्रग इंस्पेक्टर ने की छापेमारी

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



उप जिलाधिकारी व ड्रग इंस्पेक्टर समेत पुलिस अधिकारियों ने नगर के एक मेडिकल स्टोर में छापा डाल आधा दर्जन से अधिक दवाओं के सैंपल लेने के अलावा मेडिकल स्टोर के पीछे के हाते में सैकड़ो कफ सिरप की खाली शीशियां बरामद की है वही मेडिकल स्टोर के गोदाम की चाबी ना मिलने पर उसे सीज कर मेडिकल स्टोर मालिक से तीन दिन के अंदर सभी दस्तावेज दिखाने की चेतावनी दी है। अधिकारियों की इस कार्रवाही से नगर के अधिकांश मेडिकल स्टोर्स के शटर बंद हो गए जिससे स्थानीय मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस मामले में उप जिलाधिकारी ने जांच पड़ताल के बाद उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। नगर में के मालि कुंआ चौराहा के समीप स्थित श्री नारायण मेडिकल स्टोर पर उप जिलाधिकारी करणवीर सिंह व ड्रग इंस्पेक्टर मनोज कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजकुमार पांडेय व कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह की मौजूदगी में छापा डाला तो मेडिकल स्टोर के पीछे हाते के अंदर कफ सिरप की सैकड़ो खाली शीशियां पड़ी देख जांच टीम द्वारा सभी खाली शीशियां एकत्रित की गई जब मेडिकल स्टोर मालिक से हाते के अंदर उसके गोदाम की चाबी मांगी गई तो चाबी उपलब्ध न होने पर उप जिलाधिकारी की मौजूदगी में गोदाम को सीज कर दिया गया उसके बाद मेडिकल स्टोर से आधा दर्जन से अधिक दवाओं के सैंपल लिए और मेडिकल स्टोर के मालिक से तीन दिन के अंदर सभी दस्तावेज पेश करने के आदेश किए हैं। इस मामले में उप जिलाधिकारी करण वीर सिंह का कहना है कि जांच पड़ताल के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी। यूपी जिला अधिकारी व ड्रग इंस्पेक्टर की इस कार्रवाही से नगर के मेडिकल स्टोर्स मालिकों में हड़कंप मच गया। बताते चलें कि नगर में काफी अरसे से दवाओं की दुकानों की आड़ में नशे के कफ सिरप व नशीली गोलियां बिक रही है जिससे जिनकी लत लगने से युवा पीढ़ी बर्बादी के कगार पर पहुंच रही है। दर्जनों युवक इन दवाओं का सेवन करने से असमय ही काल के गाल में समा चुके हैं।अधिकारियों द्वारा की गई इस कार्यवाही से नशीली दवाओं की बिक्री पर कितनी लगाम लगती है अब यह समय ही बताएगा।

## कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान 93 शिकायतें आयीं, अधिकांश का मौके पर निस्तारण



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए जनसुनवाई में लगभग 93 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## विश्व मृदा दिवस पर कृषि विज्ञान केंद्र में गोष्ठी का आयोजन



**कुरारा, हमीरपुर।** स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र सभागार में कृषि विभाग द्वारा विश्व मृदा दिवस के अवसर पर कृषक वैज्ञानिक संवाद एवंकृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया।कस्बे के भौली रोड स्थित राजकीय कृषि विज्ञान केंद्र सभागार में विश्व मृदा दिवस के अवसर पर कृषि विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप कृषि निदेशक हमीरपुर डॉ प्रमोद कुमार ने की। कृषि वैज्ञानिक डॉ प्रशांत ने मृदा के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि समेकित उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए। डॉ. शालिनी ने मृदा के स्वास्थ्य प्रबंधन व जीवांश के बारे में किसानो को बताया तथा हरी खाद सनई ढ़ेंचा आदि से बनाए जाने की जानकारी दी। इस अवसर पर अध्यक्ष जनपदीय भूमि परीक्षण प्रयोग शाला हमीरपुर अंशुल सिंह तथा कृषि वैज्ञानिक डॉ एन के यादव, डॉ. एसपीएस सोमवंशी, सहित कृषि विभाग के सुरेश कुमार, मनीष सिंह, संदीप सहित क्षेत्र के किसान मौजूद रहे।

# बारात में आए युवक को ओवरलोड डंपर ने कुचला, मौत

- मृतक इकलौती संतान, चाचा हैं एएसपी

**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बे के देवगांव रोड स्थिति एक गेस्ट हाउस में आई बारात में आए एक युवक को पत्योरा खदान से आ रहे ओवरलोड डंपर ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने भाग रहे डंपर को पकड़ लिया है। वही अचानक कोई इस घटना से शादी कार्यक्रम में अफरा तफरी मच गई। वहीं सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने माता पिता की इकलौता पुत्र था और इसके चाचा एएसपी है।

कस्बे गैस एजेंसी रोड निवासी जितेंद्र तिवारी ने महोबा जनपद के खरेला थानाक्षेत्र के पुनिया गांव निवासी अपनी साली माधुरी की शादी का कार्यक्रम कस्बे के देवगांव रोड स्थित हरिओम गेस्ट हाउस में रखा था। गुरुवार की रात महोबा जनपद के पड़ोहरा से बारात आई हुई थी। टीका एवं जयमाल कार्यक्रम संपन्न होने के बाद शादी में आए महोबा जनपद के सिजहरी गांव निवासी सुयज्ञ त्रिपाठी (21) पुत्र डॉ.विचित्र त्रिपाठी रात करीब 2:00 बजे वापस जाने के लिए गेस्ट हाउस के बाहर निकाला। तभी पत्योरा खदान से आ रहे ओवरलोड डंपर के कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से शादी कार्यक्रम में अफरा तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वही पुलिस ने भाग रहे डंपर को पकड़कर फैक्टरी एरिया चौकी में खड़ा कराया। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। बताते हैं कि मृतक की अपने माता पिता की इकलौती संतान था और इसके चाचा पवित्र मोहन त्रिपाठी एएसपी है।

### हाईवे किनारे खड़ा ट्राला अचानक दुकान में जा घुसा



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** बीती रात हाईवे किनारे बंद खड़ा सीमेंट लदा ट्राला अचानक आगे बढ़ गया और विद्युत पोल तोड़ता हुआ दुकान में घुसकर क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के समय चालक ट्रांसपोर्ट बिल्टी बनवाने गया था। बीती रात एक ट्राला सीमेंट फैक्ट्री से सीमेंट लादकर बाहर जा रहा था। ब्लॉक कार्यालय के समीप चालक ट्राला को बंद करके हाईवे किनारे खड़ा कर दिया और बिल्टी बनवाने के लिए ट्रांसपोर्ट कार्यालय चला गया। इसी बीच अचानक लुढ़कता हुआ आगे बढ़ गया और हाईवे किनारे लगे विद्युत पोल को तोड़ता हुआ दुकान में घुसकर क्षतिग्रस्त हो गया बिल्टी लेकर लौटा चालक यह नजारा देखकर दंग रह गया। चालक ने घटना से ट्रक मालिक को अवगत कराकर मौके पर बुलाया है।

## नाराज पत्नी को वीडियो कॉल कर फांसी पर झूला फैक्ट्रीकर्मी

- पुलिस ने शव को खिड़की काटकर निकाला

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



बीती रात कस्बे की इमिलिया थोक में एक फैक्ट्री मजदूर पत्नी से झगड़ने के बाद पत्नी को वीडियो कॉल करके फांसी लगाने की बात कही और फांसी पर झूल गया। शंका होने पर पत्नी ने रात में ही मकान मालिक को फोन करके अवगत कराया। मकान मालिक ने खिड़की से जाकर देखा तो वह फांसी पर लटक रहा था। पुलिस ने खिड़की काटकर दरवाजा खोला और शव को फंदे से उतार कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक जरिया थाना क्षेत्र के करियारी गांव का निवासी था और पत्नी बच्चों संग किराए के मकान में रहकर फैक्ट्री में मजदूरी करता था।

जरिया थाना क्षेत्र के करियारी गांव निवासी सुनील कुमार 32 वर्ष अपनी पत्नी संगीता उर्फ अंजीता के अलावा 6 वर्षीय पुत्र एवं 3 वर्षीय पुत्री के साथ किराए के मकान में रहकर कस्बे की रिमझिम इस्पात लिमिटेड में चूना प्लांट में कार्य करता था। वहीं पत्नी भी फैक्ट्री में मजदूरी करती थी। किसी बात पर अनबन होने के कारण पत्नी 2 दिन पूर्व बच्चों के साथ बांकी मार्ग में रहने वाली बहन के यहां चली गई थी। गुरुवार को रात करीब 9:00 सुनील ने पत्नी को वीडियो कॉल करके घर आने को कहा लेकिन उसने इंकार कर दिया तब उसने जान देने की बात कही और फोन काट दिया। इसके बाद छत में लगे कुंडे से रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। आशंका होने पर पत्नी ने मकान मालिक मलखान कुशवाहा को फोन किया। मलखान ने जाकर देखा तो वह फांसी पर झूल रहा था। मकान मालिक ने पत्नी के साथ पुलिस को सूचित किया। सूचना पाकर पहुंचीं पुलिस ने खिड़की काटकर दरवाजा खुलवाया और शव को फंदे से उतारकर पंचनामा भरके पोस्टमार्टम के लिए भेजा है अचानक हुई इस घटना से पत्नी बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**अजनर/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौंड के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना अजनर सत्यपाल सिंह द्वारा गठित टीम के उपनिरीक्षक आकाश मौर्य द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम महुआ बांध से वारन्टी अभियुक्त हल्काई राजपूत पुत्र काशीराम उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम महुआ बांध को गिरफ्तार कर अन्य विधिक कार्यवाही सम्पादित करते हुये न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले 28 बीएलओ, 3 पर्यवेक्षक सहित अतिरिक्त पर्यवेक्षक सम्मानित

- जिले में 83 फीसद पूर्ण हो चुका है डिजिटाइजेशन का कार्य

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**





जनपद में जारी एसआईआर प्रक्रिया का कार्य अब तक विधानसभा 230-महोबा में 81.96% तथा विधानसभा 231-चरखारी में 84.13% तथा जनपद में कुल 83.09% डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं जनपद में 9.9% मतदाता अनट्रेसेबल, मृतक, shifted, duplicate की श्रेणी में पाए गए है। इस प्रकार जनपद महोबा में 92.99% मतदाता के गणना प्रपत्रों पर कार्यवाही की जा चुकी है। विधानसभा 230-महोबा में 92 बीएलओ तथा विधानसभा 231-चरखारी में 114 बीएलओ कुल 206 बीएलओ द्वारा संबंधित बूथों पर शत प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इस प्रकार जनपद महोबा में 6,86,959 मतदाताओं के सापेक्ष 638799 मतदाताओं के गणना प्रपत्र पर बीएलओ ऐप के माध्यम से फीडिंग की कार्यवाही की जा चुकी है। उक्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में जनपद में अभी तक 13649 मतदाता मृतक के रूप में 21189 मतदाता अनट्रेसेबल के रूप में तथा 29251 मतदाता शिफ्टेड के रूप में तथा 3543 डुप्लीकेट के रूप में चिन्हित हुए हैं। उन्होंने बताया कि 4 दिसंबर से 7 दिसंबर तक सभी बूथ पर बीएलओ तथा बीएलए की विशेष बैठकें आयोजित की जा रही हैं,जिसमें उक्त बूथ से संबंधित अनुपस्थित, मृतक, शिफ्टेड तथा डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची उक्त बूथ से संबंधित बीएलए को प्राप्त कराते हुए उक्त बूथ के प्रधान, पूर्व प्रधान, पार्षद, कोटेदार, आशा, सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ती का भी सहयोग प्राप्त किया जा रहा है। डीएम ने सभी जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि 11 दिसंबर तक सभी मतदाता अपना गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ के पास जमा कर दें तथा अवगत कराया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र लखनऊ की वेबसाईट व वोटर हेल्पलाईन ऐप के माध्यम से अपना नाम वोटर लिस्ट मे खोज सकते एवं अपना गणना प्रपत्र ऑनलाईन भी भर सकते हैं। यदि मतदाता को गणना प्रपत्र भरने में किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो जनपद स्तर पर जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेन्टर के दूरभाष नं- 05281-254918 व टोल फ्री नं. 1950 पर सम्पर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा विधानसभा 230-महोबा के शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले 28 बीएलओ, 3 पर्यवेक्षक तथा अतिरिक्त पर्यवेक्षक विकास गोयल नायब तहसीलदार श्रीनगर को सम्मानित किया गया।

### फसल बीमा प्रकरण में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**चरखारी/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के पर्यवेक्षण में वांछित, वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा थाना स्तर पर एक पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम के वरिष्ठ उपनिरीक्षक रमेश कुमार यादव एवं कांस्टेबल राहुल यादव द्वारा काशीराम प्राथमिक विद्यालय के पास पुलिया से फसल बीमा से संबंधित प्रकरण में वांछित चल रहे अभियुक्त मृत्युंजय सिंह पुत्र बालगोविन्द भदौरिया को मुकदमा धारा 318(4)/338/336(3) बीएनएस फसल बीमा संबंधित प्रकरण में विधिक रूप से गिरफ्तार किया गया।

## बुडेरा में 'त्यागमूर्ति स्वामी ब्रह्मानंद' की मूर्ति का अनावरण

- गणमान्यों की उपस्थिति में हुआ प्रेरणादायी समारोह

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



विकासखंड पनवाड़ी के अंतर्गत ग्राम पंचायत बुडेरा में त्यागमूर्ति परम पूज्य स्वामी ब्रह्मानंद जी की भव्य मूर्ति स्थापना एवं अनावरण समारोह अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। सुबह 10 बजे विधिविधानपूर्वक पुष्प माला अर्पित कर मूर्ति का शुभारंभ किया गया। क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में पहुँचकर स्वामीजी को नमन किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे- डॉ. बनवारी लाल (IRS), प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर, भारत सरकार, विनोद कुमार (IES), रेल मंत्रालय, भारत सरकार, प्रेम नारायण सिंह (IES), वरिष्ठ अधिकारी, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार, विक्रम सिंह राजपूत (IES), रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार समाजसेवी चरखारी विधानसभा प्रत्याशी सनत राजपूत, साथ ही ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुरलीधर श्रीवास, डॉ. प्रीतम सिंह राजपूत (उरई), डॉ. महेंद्र बुडेरा सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों ने उपस्थित होकर स्वामी ब्रह्मानंद के जीवन, त्याग और समाज सुधार के कार्यों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि स्वामी ब्रह्मानंद न केवल बुन्देलखण्ड में शिक्षा की अलख जगाने वाले, बल्कि सामाजिक, राजनीतिक और क्रांतिकारी जागरण के अग्रदूत थे। उनका त्याग, तपस्या और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण नई पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से उद्घोष किया- स्वामी ब्रह्मानंद अमर रहें! स्वामी ब्रह्मानंद जी अमर रहें! अवसर पर क्षेत्रवासियों ने मूर्ति स्थापना को बुन्देलखण्ड में शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के नए अध्याय की शुरुआत बताया।

# ईश्वर दयाल बनाए गए भाजपा अनुसूचित मोर्चा के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष

- कार्यवाहक मण्डल अध्यक्ष पनवाड़ी के पद पर संतोष पाठक की हुई नियुक्ति



**महोबा।** आगामी 2027 विधानसभा चुनाव से पूर्व विपक्ष के पीडीए को जबाब देने के लिए सक्रिय भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। जिसको लेकर भाजपा द्वारा अनुसूचित मोर्चा के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष और कार्यवाहक मंडल अध्यक्ष की तैनाती कर पार्टी को मजबूती देने की ओर उठाया गया बड़ा कदम माना जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर सहभागिता करने वाले जनपद मुख्यालय के आल्हा चौक निवासी ईश्वर दयाल को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा का कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि पनवाड़ी मण्डल के महामंत्री रहे संतोष पाठक को कार्यवाहक मण्डल अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति दी गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में ईश्वर दयाल को अनुसूचित मोर्चा का कार्यवाहक जिलाध्यक्ष एवं संतोष पाठक पनवाड़ी मण्डल का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया है। ईश्वर दयाल के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष के पद पर नियुक्त होने के बाद उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और समर्थकों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी है। नवनियुक्त कार्यवाहक जिलाध्यक्ष ईश्वर दयाल का कहना है कि पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है उस पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगे एवं पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी तरह से मुस्तैद नजर आएंगे।

# डीएम ने सीएमओ, सीएमएस की मौजूदगी में जिला अस्पताल का किया निरीक्षण, परखीं व्यवस्थाएं

- ओपीडी, इमरजेंसी, जन औषधि केंद्र सहित सभी वार्डों का निरीक्षण कर दिए निर्देश
- सफाई व्यवस्था पर जताई नाराजगी

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा गया। निरीक्षण के दौरान वार्डो में पडे पलंगों पर चादर सही न पाए जाने पर नाराजगी जाहिर कर साफ चादर अच्छी तरह से विछाये जाने के निर्देश दिये गए। आयुष्मान वार्ड में रखे डस्टविन में निर्धारित कलर कोडिंग की पन्नी नहीं पायी गयी। जिस पर जिलाधिकारी ने निर्धारित कलर कोडिंग पन्नी को प्रतिदिन लगाये जाने के निर्देश दिये। इमरजेन्सी वार्ड में पडे पलंगों पर चादर सिमटे हुए पाये गये। इमजेन्सी कक्ष में रखे डस्टविन की पन्नी गंदी पायी गयी एवं इमरजेन्सी की ओटी में ओटी टेवल व्यवस्थित नहीं पायी गयी। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सही कराने एवं साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश दिये। जन औषधि केन्द्र में उपलब्ध ड्रग की लिस्ट चस्पा नहीं पायी गयी। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को लिस्ट चस्पा कराने के निर्देश दिये। ओपीडी अनुभाग में डॉ राजेश भट्ट,डॉ गुलशेर अहमद,डॉ नरेन्द्र राजपूत एवं डॉ गौतम चन्द्र वर्मा सहित सभी चिकित्सक अपने कक्ष में उपस्थित मिले। ओपीडी ब्लाक के सामने रखे वाटर कूलर के पास गन्दगी पायी गयी एवं कूलर में लगे नल से पानी टपक रहा था।इस पर वाटर कूलर की नियमित साफ-सफाई कराने एवं नल को ठीक कराने तथा सफाई कर्मियों का डिस्प्ले वोर्ड लगाये जाने के निर्देश के साथ-साथ प्रतिदिन सफाई कर्मियों की ड्यूटी को प्रदर्शित करने के निर्देश दिये। डीएम ने मरीजों से बातचीत की तथा मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ आशाराम, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ वी.के. चौहान आदि उपस्थित रहे।

### निरीक्षण के दौरान दवाओं को छुपाता नजर आया जनऔषधि केंद्र का सुपरवाइजर

**महोबा।** जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान जनऔषधि केन्द्र का सुपरवाइजर दवाओं को छुपाता कैमरे में कैद हो गया। हालांकि आपका अपना भरोसेमंद अख़बार समृद्धि न्यूज उक्त वीडियो की पुष्टि नहीं कर रहा है। वायरल वीडियो में साफतौर पर देखा जा सकता है कि जिलाधिकारी के जनऔषधि केन्द्र के अन्दर आने के ठीक पहले जनऔषधि केन्द्र का सुपरवाइजर दवाईयों को छुपाता नजर आ रहा है। जनऔषधि केन्द्र के अन्दर जिलाधिकारी द्वारा उसी जगह से दवा उठाकर चेक की गई है। हालांकि जिलाधिकारी ने जनऔषधि केन्द्र में उपलब्ध दवाओं की सूची लगाने के लिए सीएमएस को निर्देशित किया है।

# एसआईआर की प्रक्रिया से लोकतंत्र को मिलेगी मजबूती : बृजेश पाठक

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा सीतापुर भाजपा जिला कार्यालय पर पहुंचकर जिले के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से एस आई आर प्रक्रिया के विषय में चल रही तैयारियों का जायजा लिया गया।

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर आयोजित समीक्षा बैठक में बोलते हुए कहा कि लोकतंत्र के लिए यह एस आई आर की प्रक्रिया महत्वपूर्ण है इससे लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियो को संबोधित करते हुए कहा यह एक महत्वपूर्ण कार्य है इसमें मतदाताओं एवं सरकारी कर्मचारियों की पूर्ण मदद करनी है जिससे किसी को भी कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया विपक्ष तरह-तरह की बातें कर रहा है परंतु यह क्रिया मतदाताओं के हित में है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला व जिला प्रभारी नीरज सिंह द्वारा उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक का पटका पहनाकर स्वागत किया गया अपने उद्बोधन में जिला प्रभारी नीरज सिंह ने बताया की भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता व पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियां को



बखूबी समझते हैं उन्हें यह समझाना है की एस आई आर की प्रचलित क्रिया हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है इस क्रिया से जहां हमारे लोकतंत्र की खूबसूरत तस्वीर दुनिया के सामने होगी वहीं देश के अंदर घुसपैठियों के रूप में रह है अनऑथराइज्ड विदेशियों को देश से बाहर निकलाने का कार्य करेगी भारतीय जनता पार्टी की ही यह सोच हो सकती है कि राष्ट्र संपूर्ण सुरक्षित रहे। हम सबको प्रत्येक बूथ पर सरकारी नियमों का पालन करते हुए इस प्रक्रिया में संपूर्ण ऊर्जा लगानी है। कार्यक्रम में बोलते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि आज इस समीक्षा बैठक में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी ने जो दिशा निर्देश दिए हैं वह सभी कार्यकर्ताओं को पालन करना है और पार्टी के विजन को साकार करना है उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित है और लोकतंत्र से जुड़ी यह प्रक्रिया एक राष्ट्र सेवा है उन्होंने सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से बचें शेष दिनो में लक्ष्य की सफलता पर कार्य करने का आवाहन किया।

इस अवसर पर बिसवा विधायक निर्मल वर्मा महमूदाबाद विधायक आशा मौर्य सिधौली विधायक मनीष रावत निवर्तमान लहरपुर विधायक सुनील वर्मा, जिला पंचायतअध्यक्ष श्रद्धा सागर, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता व राकेश त्रिपाठी सहित पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में पंचायत सचिव व ग्राम विकास अधिकारी का प्रदर्शन

**बिसवां, सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में पंचायत सचिवों और ग्राम विकास अधिकारियों ने ऑनलाइन हाजिरी प्रणाली के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य सचिव को संबोधित दस सूत्रीय मांगपत्र खंड विकास अधिकारी बिसवां को सौंपा।

मांगपत्र में कहा गया कि पंचायत सचिव एवं ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में बहुउद्देशीय कार्य करते हैं। फील्ड आधारित कार्यप्रणाली के चलते किसी एक स्थान से निर्धारित समय पर ऑनलाइन उपस्थित होना संभव नहीं है। अधिकारी-कर्मचारियों का कहना है कि सुबह आठ से रात नौ बजे तक क्षेत्र में



कार्य करना पड़ता है, ऐसे में कार्यालय आधारित हाजिरी प्रणाली व्यवहारिक नहीं है। प्रदर्शन के दौरान सभी अधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज किया। पंचायत सचिवों ने कहा कि यह प्रदर्शन राज्य स्तर के आह्वान पर किया गया है तथा आगे की कार्रवाई संगठन के निर्देशानुसार की जाएगी। कार्यक्रम में करुणेश, सुनील, हरिओम, हिमाली, विमल, चंदन, अभय, श्रावण, शैलेन्द्र, अनुज, दिनेश, सचिन, राजकुमार, मनोज, आलोक, आलोक, कनक लता, कविता, रविशंकर, हिमांशु सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में ग्राम पंचायत सचिवों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध



**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** ऑनलाइन हाजिरी तथा कम वाहन भत्ता के विरोध में ग्राम विकास एवं ग्राम पंचायत सचिवों ने काली पट्टी बांध कर विरोध जताया एवं कार्य बहिष्कार कर खंड विकास अधिकारी कार्यालय सिरौलीगौसपुर में धरना देकर मुख्य सचिव को संबोधित ज्ञापन बीडीओ के माध्यम से डीएम को भेजा। विकास खण्ड सिरौली गौसपुर के ग्राम विकास एवं ग्राम पंचायत सचिवों ने विकास खण्ड मुख्यालय पर संगठन के निर्देश पर काली पट्टी बांध कर विरोध जताया एवं कार्य बहिष्कार करते हुए धरना देकर मुख्य सचिव को संबोधित ज्ञापन विकास खण्ड अधिकारी के माध्यम से डीएम को भेजा। ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप वर्मा ने बताया कि पंचायत सचिवों की ऑनलाइन हाजिरी कलस्टर वार ग्राम पंचायतों में पहुंचकर लगाने तथा वाहन भत्ता कम होने के विरोध में कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया गया है। इस मौके पर पंचायत सचिव राजेश रावत कुलदीप वर्मा प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा राजेश कुमार रवि कुमार तेजभान सिंह अरविंद कुमार आशीष कुमार यादव ज्योति चौहान वीरेंद्र कुमार तिवारी सुरेश चंद यादव देवेंद्र प्रताप वर्मा विवेक कुमार मनीष शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

**बिसवां सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली बिसवां इलाके के बहेरवा निवासी कलीम (26) पुत्र खलील बिसवां से बाइक द्वारा गुरुवार की रात अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बिसवां-सिधौली मार्ग पर शेखनपुरवा गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कलीम गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उन्हें बिसवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस ने पंचायत नामा भरकर शव को जिला मुख्यालय पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### स्टाफ नर्स ने वीगो निकाल कर फेंका युवक ने लगाया आरोप

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** युवक ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से संबंधित शिकायती पत्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक को सौंपा। अमित सिंह निवासी असरफाबाद ने शिकायती पत्र में बताया कि स्टाफ नर्स का लगातार मरीज के प्रति बहुत ही आक्रामक व्यवहार होता है मेरी माता सरोज का वीगो लगाने से मना कियां गया तथा वीगो उठाकर फेंक दिया और कहती है कि यहां से भाग जाओ युवक ने बताया कि स्टाफ नर्स रुचि श्रीवास्तव के कारण मरीजों में भय का माहौल रहता है।

### महिला ने कोतवाल से लगाई न्याय की गुहार

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** केतकी पत्नी राकेश निवासिनी ग्राम टूक थाना कोतवाली महराजगंज रायबरेली ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गुड़िया पत्नी बाबू निवासिनी उपरोक्त प्रतिपक्षिनी का मकान प्रार्थिनी के घर के सामने है प्रतिपक्षिनी द्वारा अपनी छत पर पनारा लगा रखा है नहाने धोने का पानी सारा दिन पनरा से खड़ंजा पर गिरा करता है इसके संबंध में प्रार्थिनी द्वारा 112 पर कॉल करके कई बार शिकायत की गई लेकिन प्रतिपक्षिनी द्वारा नाली में पाइप नहीं डाली गई और पूरे गांव का आदमी उसी रास्ते से आता जाता है इसी के संबंध मे प्रार्थिनी ने दिनांक 5.12.2025 को पाइप नाली में डालने की बात कही तो प्रतिपक्षिनी आग बबूला हो गई व प्रथनी के घर के अंदर घुस आई मारपीट करने लगी प्राथमिक को मारा पीटा जान से मारने की धमकी दी प्रतिपक्षिनी सरहंग महिला है कई लोगों के ऊपर गलत आरोप लगा चुकी है घटना का वीडियो प्रार्थिनी के पास है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से पांच मवेशियों की मौत



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** गुरुवार की देर रात बालदास मजरे कमई थाना क्षेत्र मोहनगंज के अंतर्गत रात्रि करीब साढ़े नौ बजे एक छप्पर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जिसके चलते घरेलू सामान सहित पांच मवेशियों की जलकर मौत हो गई। गांव निवासिनी निशा पत्नी स्व विजय के घर में निर्माण कार्य केचलते घर का अधिकांश सामान एक छप्पर के नीचे रखा गया था। देर रात अचानक लगी आग ने कुछ ही मिनटों में पूरे छप्पर को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने काफी प्रयास के बावजूद भी आग की लपटों पर काबू पाना मुश्किल हो गया। इस हादसे में पांच मवेशी जिंदा जल गए, जिसमें एक भैंस, दो भैंस के बच्चे, एक गाय और एक बछड़ा शामिल हैं। ग्रामीणों ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ भी बाहर निकालने का मौका नहीं मिला। आग में महत्वपूर्ण दस्तावेज सहित फ्रिज, अलमारी, मोबाइल फोन, नगदी सहित गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय अधिकारियों को घटना की सूचना दे दी गई है।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र भाले सुल्तान शहीद स्मारक के अंतर्गत स्थित एक गांव में दो दिन पहले नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आने के बाद गांव में तनाव फैल गया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। घटना रात की बताई जा रही है, जब नाबालिग लड़की शौच के लिए निकली थी। परिजन उसे ढूंढने में लगे हुए थे, तभी कुछ देर बाद वह भयभीत स्थिति में घर लौटी और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों का आरोप है कि गांव का ही एक गैर समुदाय का युवक उसे जबरन अपने साथ ले गया और दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जानकारी एकत्र की। पीड़िता से पूछताछ के बाद उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, परिजनों की तहरीर के आधार पर पाक्सो एक्ट सहित दुष्कर्म से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मेडिकल रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी तनुज कुमार पाल ने बताया कि आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# शिक्षा व चिकित्सा कार्य का मुख्य ध्येय समाजसेवा : डीआईजी अखिलेश निगम

**बछरांवा, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

शिक्षा और चिकित्सा यह दो ऐसे कार्य हैं, जिनका ध्येय समाजसेवा रहा है,जो आज भौतिकता की दौड़ में यह व्यवसाय बन गया है,जो चिंता का विषय है।आज व्यावसायिक दौड़ में ज्ञान और नैतिकता दोनों का ह्रास तेजी हो रहा है।यह उद्गार नौ सेना दिवस पर आयोजित प्रतिभा सैनिक स्कूल के शिलान्यास समारोह के बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के पुलिस अधिकारी आईपीएस डीआईजी (सीआईडी) डॉ अखिलेश निगम ने व्यक्त किया। श्री निगम ने आगे कहा कि बछरावां तहसील के ग्रामीण अंचल थुलेंडी में स्कूल खोलना यह सिद्ध करता है कि स्कूल संचालको का ध्येय समाजसेवा है और अनुशासित देश भक्त नागरिको को तैयार करने का मिशन है। अपने साहित्यिक अंदाज में सैनिक बनाने के महत्त्व को बतलाया। डॉ निगम ने कहा कि प्रतिज्ञा सैनिक स्कूल बच्चों





**▸ पूर्व सैनिकों ने ग्रामीण अंचल में शुरू किया प्रतिभा सैनिक स्कूल, डीआईजी ने किया शिलान्यास**

के भविष्य को संवारने के साथ नैतिकता का समावेश कर उनके अन्दर असीम ऊर्जा का संचार करेगा।

युवा पीढ़ी तथा शिक्षा के समुन्नयन हेतु कृपालम् एजूकेशनल ट्रस्ट की ओर से प्रतिज्ञा सैनिक स्कूल का शिलान्यास ज्योतिषाचार्य वेद प्रकाश तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ।इस पावन अवसर पर आयोजित काव्य संगोष्ठी का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा,अर्चना एवं प्रख्यात साहित्यकार अमर बहादुर सिंह अमर की वाणी वंदना से हुआ।अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान के अध्यक्ष डॉ शिवम् तिवारी ने कहा कि शिक्षा वह मेरुदंड है,जो जीवन के मानदण्डों को निर्धारित करके युवा पीढ़ी को संस्कारवान के साथ सफल जीवन हेतु सशक्त मार्ग प्रशस्त करती है।शिक्षण संस्थाओं को वर्तमान परिवेश व्यावहारिक बनाने की जरूरत है। डॉ तिवारी ने कहा कि इस संस्थान का उद्देश्य धनार्जन के बजाय बदलते परिवेश युवाओं का सर्वांगीण विकास कराना है।संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पूर्व डीआईजी

तहसीलदार सिंह ने कहा की शिक्षा विकास की वह धुरी है,जिसके द्वारा शिक्षण संस्थाएं सामाजिक संरचना का खाका तैयार करती हैं। प्रतिज्ञा सैनिक स्कूल उसी कड़ी का एक अंग है,जो क्षेत्रीय स्तर पर छात्र छात्राओं के भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर मील का पत्थर साबित होगा। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक बृजेश सौरभ ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतिज्ञा सैनिक स्कूल क्षेत्रीय युवा पीढ़ी के साथ दूरदराज तक को भी अपनी सेवाएं देने का करेगा। राजेश विक्रांत ने कहा कि एक न एक दिन यह प्रतिज्ञा सैनिक स्कूल देश-दुनिया में अपना नाम रोशन करेगा। समाजसेवी एवं पत्रकार रत्नेश कुमार ने कहा कि प्रतिज्ञा सैनिक स्कूल की भूमिका छात्र-छात्राओं के बहुआयामी व्यक्तित्व निर्माण में अहम होगी। इस संगोष्ठी में सब्बीर अहमद सूरी,अमर बहादुर सिंह अमर, अख्तर जायसी के साथ आल्हा सम्राट रामरथ पाण्डेय ने अपनी रसभरी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिलान्यास समारोह में संजय मिश्र, अखिलेश कुमार पाण्डेय, शुभम् तिवारी, गंगोत्री पाठक,शालिनी तिवारी, प्रवीण मिश्र, अलंकार मिश्र, चंद्र शेखर मिश्र, युधिष्ठिर पाण्डेय, संतोष तिवारी, शैलेश द्विवेदी, तथा डॉ प्रवीण द्विवेदी आदि की सैकड़ों गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। संगोष्ठी का संचालन प्रख्यात व्यंगकार अनिल कुमार श्रीवास्तव लल्लू तथा आभार डॉ अर्जुन पाण्डेय द्वारा किया गया। इस मौके पर सभी साहित्यिक एवं अतिथिगण अंगवस्त्र से सम्मानित किए गए।

## गरीब कन्या का विवाह कर सोनी किन्नर ने पेश की मानवता की मिसाल



बिसवां, सीतापुर, समृद्धि न्यूज। राष्ट्रीय युवा वाहिनी नेशनल वॉलंटियर भाजपा किन्नर प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष सोनी किन्नर ने झज्जर मोहल्ला की गरीब कन्या रेशमा पुत्री राम शंकर भार्गव का विवाह अपने खर्च पर सम्पन्न कर समाजसेवा की अद्भुत मिसाल पेश की। उन्होंने विवाह का संपूर्ण खर्च उठाने के साथ स्वयं कन्यादान भी किया। सोनी ने कहा कि सेवा, करुणा और सहानुभूति ही सनातन धर्म का मूल संदेश है, और बेटी का विवाह पूरे समाज की जिम्मेदारी है। स्थानीय लोगों व संगठन पदाधिकारियों ने उनकी इस पहल की प्रशंसा की और नवविवाहित दंपती को शुभकामनाएं दीं।

# अंतर्जनपदीय शातिर पांच चोर गिरफ्तार, नौ घटनाओं का खुलासा

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

**जैदपुर** पुलिस को मिली बड़ी सफलता, स्वाट/सर्विलांस व थाना जैदपुर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चोरी की योजना बनाते समय 5 अन्तर्जपदीय शातिर चोरों/अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी की 9 घटनाओं का किया गया सफल अनावरण, कब्जे से चोरी के जेवरात, नकदी, मोबाइल, घटना में प्रयुक्त 3 मोटर साइकिल व एक अदद तमंचा एवं अन्य उपकरण बरामद आरोपियों को जेल भेज दिया गया है,

जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में स्वाट/सर्विलांस व थाना जैदपुर की संयुक्त पुलिस टीम



द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स व डिजिटल डेटा के आधार पर जैदपुर के बाईपास तिराहे के पास, धर्मकांटा के सामने चोरी की योजना बनाते समय पांच अन्तर्जनपदीय शातिर चोरों/अभियुक्तों को धर दबोचा, जिसमें, 1. सुभाष चौहान पुत्र गंगाराम निवासी ग्राम तिलपुरा मजरे नहामऊ थाना मसौली जनपद बाराबंकी 2. भानू पुत्र रामसरन निवासी ग्राम रसूलपुर गदिया थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी 3.रंजीत गुप्ता पुत्र स्व0 रामतेज गुप्ता निवासी ग्राम पल्टनपुरवा कैशरगंज जनपद बहराईच वर्तमान पता ग्राम सेमरा थाना चिनहट लखनऊ 4.रौनक वर्मा उर्फ सार्थक पुत्र अनुराग वर्मा निवासी ग्राम रसूलपुर गदिया थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी 5.विशाल उर्फ छोटू पुत्र अमरेश कुमार वर्मा निवासी ग्राम पायनियर चौराहा लखपेडाबाग थाना कोतवाली नगर बाराबंकी को गिरफ्तार कर चोरी की 9 घटनाओं का सफल अनावरण किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी के जेवरात, नकदी, मोबाइल, घटना में प्रयुक्त 3 मोटर साइकिल व एक अदद तमंचा एवं अन्य उपकरण बरामद किये गये। पूछताछ एवं जांच में ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण का एक गैंग है, जो अपने अन्य साथी वसीम पुत्र मुस्तकीम निवासी पाण्डेयपुरवा थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी के साथ मिलकर जनपद बारांबकी सहित आस-पास के सभी जनपदों में चोरी करते है।

अभियुक्तगण द्वारा चोरी करने के पूर्व बन्द पड़े घरों को चिन्हित कर चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता है। जैदपुर पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है, इस संबंध में कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि चोरी की योजना बना रहे आरोपियों को जैदपुर के बाई पास के पास से गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध संबंधित धाराओं मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।



## चेयरमैन प्रतिनिधि व सभासद का नागरिकों ने किया स्वागत

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** आज नगर पंचायत कार्यालय ज़ैदपुर में चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अलीम और सभासद प्रतिनिधि वसीनगर निजामू शाह सहित बोर्ड के सभासदो का कस्बे की जनता ने फूल मालाओ के साथ सम्मान किया है।यह सम्मान लोगो ने कस्बे के विकास कार्यो के लिए किया है।ज़ैदपुर नगर पंचायत के विस्तारित क्षेत्र वार्ड वसीनगर के नूर मोहम्मद इंटर कॉलेज के बगल से बनजारनपुरवा जाने वाला कच्चा रास्ता अब पक्का सीसी रोड बन चुका है।इस विकास से ख़ुश वसीनगर सहित कई अन्य वार्ड के सिराजुद्दीन, इबराहीम, मो रियाज़,निजामुद्दीन, जावेद, ज़ुबैर, हलीम, सलीम,इस्तियाक, इमदाद,सहित सैकड़ो लोहों ने आज ज़ैदपुर नगर पंचायत कार्य पहुँच कर चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अलीम और सभासद, तफज़्ज़ुल हुसैन,अल्ताफ,निजामुद्दीन,मो नसीम उर्फ शाहरुख, राम सिंह,सुमन राजपूत,मो कासिम,मो आरिफ,टेकचंद रावत व मो आलम सहित बोर्ड सदस्यो का फूल मालाओ के साथ सम्मान किय।इस मौके पर दाऊद अलीम ने कस्बे मे हो रहे विकास कार्यो का श्रेय पूरी बोर्ड टीम को और उनपर विश्वास जताने वाली जनता को दिया है।यह निर्माण कार्य मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत किया गया है।

## न्यू दृष्टि ऑप्टिकल्स का चेयरमैन प्रतिनिधि ने किया उद्घाटन



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

न्यू दृष्टि ऑप्टिकल्स का नगर में हुआ भव्य शुभारंभ महराजगंज रायबरेली रोड पर न्यू दृष्टि ऑप्टिकल्स का चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने फीता काटकर उद्घाटन किया। आंखों के डॉक्टर अमित यादव ने बताया कि हमारे यहां अत्याधुनिक मशीनों से आंखों की जांच की जाएगी तथा आंखों से संबंधित समस्त प्रकार के रोगों का इलाज किया जाएगा साथ ही अगर ऑपरेशन की जरूरत पड़ेगी तो वह सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। शुभारंभ से पहले हवन पूजन किया गया प्रसाद वितरित किया गया फिर भव्य उद्घाटन किया गया। इस मौके पर शिवशरन सेठ सूर्यभान सिंह राम सिंह आनंदपाल नंदलाल ननकऊ सिंह चंद्रभान सिंह राम केवल यादव विजय शंकर अवस्थी रामसनेही यादव एडवोकेट रोहित अवस्थी स्नेहकांत यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा पी0एम0 श्री राजकीय इंटर कॉलेज रायबरेली में दिव्यांगजन हेतु एडिप योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण के लिए सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन किया गया।

द्वितीय दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक सदर अदिति सिंह, विधायक सलोन अशोक कुमार व जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, सहायक प्रबंधक एलिम्को सुरेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य राघवेन्द्र सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में



विकास खण्ड अमावां व छतोह के दिव्यांगजनों को 22 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, 102 ट्राईसाइकिल, 28 फोल्डिंग व्हीलचेयर, 208 बैसाखी, 14 वॉकिंग स्टीक (छड़ी), 01 सी0पी0 चेयर, 02 ब्रेल केन, 01 ब्रेल किट, 21 सुगम्य केन, 16 श्रवण यंत्र (कान की मशीन) इत्यादि वितरित किये गये।

आयोजित शिविर में सदर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में शामिल करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाये चला रही है। उन्होंने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आज उसी क्रम में दिव्यांगजनों को उपकरण वितरण किये गये है, जिससे वे अपने दैनिक जीवन में स्वावलंबी बन सकें।

## पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण, आधा दर्जन हैंडपंपों में पांच खराब



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड क्षेत्र के अतरेहटा ग्राम पंचायत के पूरे सधई का पुरवा गांव में आधा दर्जन हैंड पंप लगे हुए हैं लेकिन उसमें पांच हैंडपंप खराब है और केवल एक हैंड पंप से ग्रामीण पानी की पूर्ति कर पा रहे हैं जहां एक ओर ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी की स्थापना की गई है और इसी का फायदा ज्यादा तर जिम्मेदार उठा रहे हैं ग्राम पंचायत में हैंडपंप जो लगे हुए हैं रिबोर के नाम पर तो जमकर पेमेंट करवाई जा रही है लेकिन धरातल पर कुछ और ही नजर आ रहा है और इन हैंड पंपों की सुध लेने वाला कोई नहीं है ग्रामीणों ने बताया कि हमारे यहां पानी की टंकी की सप्लाई अभी शुरू नहीं हुई है। और जो हैंड पंप है वह भी खराब है केवल एक हैंड पंप सही है गांव वालों को भारी परेशानी और दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण सहज राम ने बताया कि हम लोगों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है गांव के सभी हैंड पंप खराब है केवल एक चलता है कभी-कभी तो तालाब का पानी पीना पड़ रहा है क्योंकि यहां टंकी की सप्लाई का पानी भी नहीं आता ग्रामीण पप्पू ने बताया कि कई बार ग्राम प्रधान और जिम्मेदारों से कहा लेकिन कोई सुन नहीं रहा है हम सबको पीने के पानी की भारी समस्या है।

## बड़े भाई की हत्या कर झाड़ियों में फेंका शव

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** पीपरपुर थाना क्षेत्र के दुर्गापुर डीहवा गांव में गुरुवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे घरेलू विवाद के चलते छोटे भाई ने बड़े भाई की हत्या कर दी। वारदात की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए जांच-पड़ताल शुरू कर दी। मिली जानकारी के अनुसार शिवकरन वर्मा के तीन पुत्र राकेश, रोहित और दिनेश हैं। गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे किसी बात को लेकर राकेश और दिनेश दोनों भाइयों में विवाद हो गया। बड़ा भाई राकेश खेत में कम करने चला गया, वह खेत में काम कर ही रहा था तभी पीछे से पहुंचा छोटा भाई दिनेश गुस्से में आकर बड़े भाई के हाथ से कुदाल छीन कर उसी से उसके सिर पर कई वार कर दिया। जिससे गंभीर चोट लगने से राकेश की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद दिनेश ने भाई की लाश को खेत से



घसीटते हुए दूर ले जाकर झाड़ियों में फेंक कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में यह पाया गया है कि आरोपी दिनेश वर्मा की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती थी। मृतक के छोटे भाई की पत्नी आशा देवी पत्नी स्व. बृजेश वर्मा की तहरीर पर पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# कृषि सखियों ने लिया प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण

**अमेठी समृद्धि न्यूज़, समृद्धि न्यूज।**

कृषि विज्ञान केन्द्र कठौरा सभागार में कृषि विभाग के सहयोग से कृषि सखियों के लिए पांच दिवसीय प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे दिन केंद्र के फसल सुरक्षा वैज्ञानिक डॉ लाल पंकज सिंह ने प्राकृतिक खेती को पर्यावरण-संवेदी, लागत-कटौतीकारी और दीर्घकालिक समाधान बताया।

उन्होंने महिलाओं की भूमिका को ग्राम कृषि परिवर्तन की रीढ कहा। इस अवसर पर उन्होंने प्राकृतिक खेती के विभिन्न घटकों के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को विस्तार से बताया तथा प्राकृतिक खेती में फसल सुरक्षा



के लिए दशपर्णी अर्क, नीमास्त्र, सोंठास्त्र आदि को तैयार करने तथा प्रयोग विधि एवं इनके फायदे से भी अवगत कराया।

केंद्र के पादप प्रजनन वैज्ञानिक डॉ अर्चना देवी ने प्राकृतिक खेती के महत्त्व तथा उसके लाभ के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को विस्तार से बताया। उन्होंने पोषण-सुरक्षा और मूल्यवर्धित उत्पाद बनाकर तथा प्राकृतिक उत्पादों की विशेष पैकिंग कर अतिरिक्त आय बढ़ाने हेतु जानकारी प्रदान किया। इस कार्यक्रम मे कृषि विभाग तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के कार्मिक एवं अधिकारी तथा अनिता, अनुपमा श्रीवास्तव, मधु आदि कृषि साखियाँ एवं सी.आर.पी. भी उपस्थित रहे।

## आठ घंटे निष्क्रिय खड़ी ट्रेन को रायबरेली तक बढ़ाया जाय : सांसद

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** लोकसभा सत्र के दौरान शून्य काल में सांसद किशोरी लाल शर्मा ने प्रतापगढ़ मां बेल्हा देवी धाम जंक्शन से रायबरेली तक ट्रेन संख्या 55141 के विस्तार का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। सांसद ने सदन को अवगत कराया कि यह ट्रेन बनारस से सुबह 6 बजे चलकर 9:15 बजे प्रतापगढ़ पहुँचती है, जिसके बाद यह लगभग 8 घंटे से अधिक समय तक निष्क्रिय खड़ी रहती है और शाम 5:05 बजे प्रतापगढ़ से बनारस के लिए वापस रवाना होती है। सांसद ने कहा कि यदि इस अनुपयोगी समय का सही उपयोग करते हुए ट्रेन को प्रतापगढ़ से आगे रायबरेली तक बढ़ाया जाए, तो न सिर्फ प्रतापगढ़-रायबरेली मार्ग के सभी छोटे स्टेशन कवर होंगे, बल्कि कोविड काल से बंद पड़ी ट्रेनों के कारण क्षेत्र के यात्रियों को जो



कठिनाइयाँ झेलनी पड़ रही हैं, उनसे भी बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने इस मांग को जनहित में अत्यंत आवश्यक बताते हुए रेल मंत्रालय से तत्काल कार्रवाई करने की अपील की। सांसद ने कहा कि यह विस्तार न सिर्फ यात्रियों की सुविधा बढ़ाएगा, बल्कि क्षेत्रीय कनेक्टिविटी मजबूत कर स्थानीय व्यापार, रोजगार और सामाजिक गतिविधियों को भी गति देगा।

# खाटू श्याम के निशान फहराते धूमधाम से निकली विशाल शोभायात्रा







**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर में खाटू श्याम के 11000 निशान फहराते शोभा यात्रा झांकियों और बैंड बाजों के साथ धूमधाम से निकली। इसमें भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। इसके कारण पिछले साल का रिकॉर्ड टूट गया। श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, विधायक कैलाश राजपूत, पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, सन्दीप दुबे, रामदत्त गुप्ता आदि ने सिद्ध पीठ मां कालिका देवी मंदिर में मां कालिका, गणेश जी और बाबा खाटू श्याम की आरती व पूजन किया। विख्यात राम कथा वाचक प्रशांतानंद चंदन, श्री रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अनुज गुप्ता जॉनी, गोविंद गुप्ता न्यू पापा होटल, अभिनव तिवारी, नीरज दुबे, विनोद दुबे व प्रदीप गुप्ता राना ने भी श्याम बाबा की आरती की। इसके बाद निशान फहराते भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई। इसमें बाबा के बुलडोजर पर सवार श्याम भक्त, महाराष्ट्र का ढोल, गणेश जी की झांकी, ग्रेट मास्टर बैंड, डीजे, 12 सदस्यीय ढोल पार्टी, माता रानी की झांकी, डीजे के साथ निशान फहराती महिलाओं का सैलाब व उनकी सुरक्षा में तैनात महिला बाउंसरों की टीम, निशान फहराते पुरुष और फिर श्याम बाबा का भव्य रथ सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। रामलीला मैदान पहुंचकर प्रसाद वितरण के साथ यात्रा का समापन हुआ।

- भक्तों का उमड़ा सैलाब, पिछले साल का टूटा रिकॉर्ड

## यात्रा में दिखा बुलडोजर, लगे बुलडोजर बाबा के जयकारे

छिबरामऊ। शुक्रवार की दोपहर नगर में निकली खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा के दौरान सबसे आगे चल रहे दो बुलडोजरों पर दर्जनों युवक निशान लिए बैठे थे और धार्मिक गानों पर झूम झूम कर थिरक रहे थे। वहीं बीच-बीच में बुलडोजर बाबा के जयकारे भी लगा रहे थे।

## खाटू श्याम बाबा का निशान लेने के लिए उमड़ी भीड़

छिबरामऊ। खाटू श्याम बाबा की यात्रा निकलने से पहले सौरिख रोड स्थित कालिका देवी मंदिर के पास लगाए गए पंडाल में खाटू श्याम बाबा के निशान वितरण किए जा रहे थे। देखते ही देखते वहां हजारों की तादाद में निशान लेने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। टोकन लेकर हर किसी को निशान दिए गए। इसके कारण कोई अव्यवस्था नहीं होने पाई।

## कई जगह पुष्प वर्षा व स्वल्पाहार से श्याम भक्तों का किया गया स्वागत

छिबरामऊ। गुरुदयाल सिंह पेट्रोल पंप के पास विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय, उनके पुत्र राहुल रतन पांडेय, श्यामू चौहान, हिमांशु चौहान, मंशेश्वरनाथ मंदिर के पास मिंटू गुप्ता, कोलियान गली के पास रामानंद वर्मा और मंडी गेट पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, आनंद गुप्ता महिंद्रा, दीपांक दुबे, नरेश गुप्ता गोल्डी, संजीव गुप्ता गांधी, बृजेश गुप्ता, प्रभाकर गुप्ता, चंद्रभान गुप्ता मुन्ना, प्रियांशु गुप्ता, निशा गुप्ता, रामू, सत्यनारायण वर्मा, जयदीप, मनीष, सुभाष, भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी व किराना एसोसियन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इसके अलावा नगर में कई जगह पर केला, पानी व शरबत आदि का वितरण किया गया।

# मतदाता जागरूकता के लिए रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

- छात्र-छात्राओं ने मतदान का महत्व अपनी कला के माध्यम से दिया संदेश
- रचनात्मक प्रतियोगिताओं में भी छात्रों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा




**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के तहत पीवी इंटर कॉलेज प्रेमपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रंगोली प्रतियोगिता रही, जिसमें छात्र-छात्राओं ने मतदान का महत्व थीम पर अपनी कला के माध्यम से संदेश दिया। विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी रंगोलियों से लोकतंत्र की मजबूती और मतदान के अधिकार को बेहद आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। इसके अलावा अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताओं में भी छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समापन पर विजेताओं को पुरस्कार तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के माध्यम से युवा मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का सफल प्रयास किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य, समस्त अध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# आधुनिक शैक्षिक संसाधन सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी

- पीएम श्री यूपीएस कंपोजिट विद्यालय गुगरापुर में ब्लॉक प्रमुख व बीएसए ने किया एलईडी व आईसीटी लैब का उद्घाटन

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के गुगरापुर स्थित पीएम श्री यूपीएस कंपोजिट विद्यालय में शुक्रवार को स्वच्छता पखवाड़ा समापन समारोह, मेरा गांव मेरा विद्यालय कार्यक्रम तथा स्मार्ट एवं ढ्ढष्टञ्ज लैब के उद्घाटन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख गुगरापुर संदीप चतुर्वेदी व विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता, जागरूकता एवं रचनात्मक कार्यों से जुड़े अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका समापन किया गया। साथ ही मेरा गांव मेरा विद्यालय कार्यक्रम के माध्यम से ग्राम समुदाय एवं विद्यालय के बीच समन्वय और सहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। एलबीडी(Learning by Doing) तथा ICT लैब के उद्घाटन के दौरान अतिथियों ने विद्यालय में उपलब्ध आधुनिक शैक्षिक संसाधनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख संदीप चतुर्वेदी ने विद्यालय के विकास हेतु दो मुख्य भवनों के मैन गेट तथा साइकिल स्टैंड निर्माण की घोषणा की। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य इसी सप्ताह प्रारंभ करा दिया जाएगा। हस्ताक्षर अभियान में ग्रामवासियों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विद्यालय के सहयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन एआरजी संजीव कटियार द्वारा किया गया। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्यामप्रताप सिंह भदौरिया, राकेंद्र सक्सेना, रामकिशोर सिंह, लोकेश कुमार, अनामिका पाण्डेय, सुदेश कुमार, अभय कुमार, नोडल शिक्षक संकुल गुगरापुर, अविनाश दोहरे सहित अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं रहे।



बीएसए को क्लाक्राफ्ट भेंट करती छात्राएं

## राजकीय बीज गोदाम में किसानों को नहीं मिल रहा अनुदानित बीज

**माधौगढ़,जालौन।** कृषि इकाई केंद्र माधौगढ़ पर किसानों को अनुदानित बीज वितरण नही कराया गया जिससे केंद्र पर भारी भीड़ और अव्यवस्था के कारण दूर-दराज से आए किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान घंटों इंतजार के बाद भी बीज नहीं ले पा रहे हैं। किसानों का आरोप है कि वितरण प्रक्रिया में मनमानी की जा रही है और व्यवस्थाएं पूरी तरह से चरमरा गई हैं। कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण से पहले किसानों की जमीन के अभिलेखों का सत्यापन किया जा रहा है, ताकि योजना का लाभ सही और जरूरतमंद किसानों तक पहुंच सके। हालांकि, इस प्रक्रिया में भी अनियमितताएं सामने आ रही हैं। स्थानीय क्षेत्रीय गांव के बुजुर्ग श्यामवीर, हरेन्द्र, गोपाल, श्यामसुंदर, सुनीता ने बताया कि वह सुबह से गोदाम पर आए थे, लेकिन दोपहर में जब अंगूठा लगवाने का नंबर आया तो कर्मचारियों ने जमीन के अभिलेख न आने की बात कहकर उन्हें वापस भेज दिया।

## खबरें एक नजर में

### विशालकाय अजगर पेड़ पर चढ़ा देख ग्रामीण दहशत में



**छिबरामऊ, कन्नौज।** क्षेत्र के खुबरियापुर गांव में सुबह एक दहशत भरा नजारा देखने को मिला। गांव के पास आम के बड़े पेड़ पर करीब 10-12 फीट लंबा मोटा अजगर चढ़ गया। चिड़ियों की तेज चहचहाहट सुनकर ग्रामीणों का ध्यान पेड़ की ओर गया। मौके पर पहुंचते ही लोग सन्न रह गए। देखते-देखते बच्चों, महिलाओं सहित सैकड़ों ग्रामीण जमा हो गए। अजगर को पेड़ की मोटी डालियों पर लिपटा देख हर किसी के रोंगटे खड़े हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों व मवेशियों के लिए खतरा बढ़ गया था। आनन-फानन में ग्रामीणों ने पुलिस हेल्पलाइन 112 पर सूचना दी। पुलिस ने तुरंत वन विभाग को अलर्ट किया। वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद जाल व विशेष उपकरणों से अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया। इसके बाद उसे जंगल में छोड़ दिया गया। समय रहते कार्रवाई से बड़ी अनहोनी टल गई और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

### ओटीएस योजना में तीन दर्जन उपभोक्ताओं ने कराया पंजीयन

**कालपी (जालौन)।** शुक्रवार को विद्युत विभाग के द्वारा चलाई जा रही एक मुफ्त समाधान योजना (ओटीएस) के 1200 उपभोक्ताओं में से तीन दर्जन से अधिक बकायेदार उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया है। उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र सिंह सचान की अगुवाई में शुरू हुई योजना के अंतर्गत 1 दिसंबर से प्रत्येक दिनों में चार अलग-अलग ग्रामों व मोहल्ले में शिवरों का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को नगर के मोहल्ला रावगंज में अवर अभियंता सत्य प्रकाश की मौजूदगी में ओ टी एस शिविर आयोजित किया गया जबकि अवर अभियंता नवीन सचान की अध्यक्षता में दहलखंड तथा टिकावली में शिविरों का आयोजन हुआ जबकि उसरगांव सब स्टेशन के अंतर्गत छौंक ग्राम में ओटीएस योजना का शिविर लगाया गया है। उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र सिंह सचान ने अवगत कराया है की 31 मार्च 2025 तक के 1200 बकायदार उपभोक्ताओं को योजना में शामिल किया गया है। जबकि 35 से अधिक बकायदार पंजीकरण करा चुके हैं। इस योजना के तहत ब्याज सरचार्ज माफ के अलावा मूलधन में 25 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

### जुमे की नमाज के दौरान पुलिस महकमा रहा चौकन्ना



**कालपी (जालौन)।** स्थानीय नगर में शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस प्रशासन के द्वारा सतर्कता बरती गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी की अगुवाई में जुमे की नमाज को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस जवान तैनात रहे। दरअसल 6 दिसंबर को अयोध्या की बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसीं को लेकर प्रशासन चौकसी बरते हुए हैं। वहीं जुम्मे की सामूहिक नवाज को कुशलता पूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से शाही जामा मस्जिद, खानकाह शरीफमस्जिद, मुड़िया गुंबद मस्जिद, बड़ी मस्जिद जुलेहटी में कोतवाल के अलावा वरिष्ठ उपनिरीक्षक ब्रजनंदन सिंह, पुतूलाल, सिपाही विमलेंद्र कुमार, आशीष सिंह मौजूद रहे। वही चौकी इंचार्जों सुरेश चंद्र, जितेंद्र सिंह चंदेल, विशाल भड़ाना, आदि धर्मस्थलों के आसपास भ्रमणशील रहे। दर्जन भर मस्जिदों में जुमे की नमाज संपन्न हुई।

### लॉक तोड़कर शिक्षक की बाइक चुरा ले गये शातिर चोर

**जगम्मनपुर (जालौन)।** कस्बा जगम्मनपुर में हुसेपुरा रोड स्थित ध्रुव के मकान के बाहर खड़ी मोटर साइकिल का लॉक तोड़कर चोर वाइक चुरा ले गए। मिली जानकारी के अनुसार आशीष पटेल पुत्र प्रेम नारायण पटेल निवासी पचोखरा थाना एट जगम्मनपुर में किराए के मकान में रहकर हिम्मतपुर में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात हैं। बीती रात्रि अपनी डीलक्स मोटर साइकिल रोज की भांति घर के सामने खाली पड़े हुए प्लांट में खड़ी करके लॉक लगाकर रोज की भांति अंदर सो गए मौके को भांप कर चोरों ने ताला तोड़कर वाइक चोरी कर ले जाने में सफल रहे। चोरी गयी मोटर साइकिल नंबर यूपी 92 एएफ1468 काले रंग की बताई जा रही। इसके बाद भी चोरों का मन नहीं भरा उन्होंने पड़ोस में बने कलू लक्षकार की मोटर साइकिल का ताला तोड़ने का प्रयास किया तभी लोगों के जागने की आहत पाकर चोर भाग जाने में सफल रहे। शिक्षक ने बाइक चोरी की लिखित तहरीर रामपुरा थाने में दी है।

### मिशनशक्ति अभियान में महिलाओं, छात्राओं को किया जागरूक

**कालपी (जालौन)।** शुक्रवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय वृम्ह तिवारी के निर्देश पर महिला सब इंस्पेक्टर ममतेश कुमारी के नेतृत्व में कालपी नगर में मिशन शक्ति अभियान 5.0 चलाया गया। इस दौरान विधालयों के आसपास तथा भीड़भाड़ वाले इलाकों में घूम-घूम कर महिलाओं, छात्राओं को जागरूक करके शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं सरकारी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारियां देकर जागरूक किया गया। शुक्रवार की सुबह से ही वरिष्ठ उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह,महिला सब इंस्पेक्टर ममतेश कुमारी, महिला सिपाहियों संध्या यादव, प्रीति, नेहा, आदि ने भीड़ भाड़ वाले मुन्ना फुल पावर बाईपास चौराहे मे मिशन शक्ति सम्बंधित बुकलेट को बांटते हुये सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश, मिशन शक्ति नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वालम्वन की जानकारियां दी। इसी तारतम्य में आर्य कन्या पाठशाला इंटर कालेज, एमएसबी इंटर कालेज आदि विधालयों के आसपास महिलाओं तथा छात्राओं को जागरुक करते शासन की योजनाओं को बताया तथा जरूरत पड़ने पर विभिन्न सरकारी नंबरों जैसे महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एम्बुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1067, के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

# युवती को परेशान करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

## युवती को प्रताडित कर आत्महत्या को मजबूर करने के आरोप में फरार चल रहा था अभियुक्त

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत युवती को प्राताडित कर आत्महत्या को मजबूर करने के मुकदमे मे फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। थाना इन्दरगढ़ क्षेत्र के तहत 3 दिसम्बर की रात ग्राम गुन्दारा से शबनम पुत्री सुनील कुमार निवासिनी ग्राम गुन्दार अपनी दादी राधा देवी से शौंच क्रिया की कहकर घर से खेत की तरफ गयी थी जब काफी देर तक वापस नही आयी तो शबनम की दादी राधा देवी ने अपने पुत्र सुनील कुमार पुत्र रामकिशुन ग्राम गुदांरा थाना इन्दरगढ़ को बताया कि शबनम शौच के लिए काफी देर पहले गयी थी जो अब तक वापस घर नही आयी है



तब शबनम के परिवारीजन शबनम की इधर उधर तलाश करते रहे लेकिन शबनम का कुछ पता नही चला।

जिसके सम्बन्ध में वादी सुनील कुमार पुत्र रामकिशुन वर्मा निवासी ग्राम गुंदारा द्वारा थाना इंदरगढ़ पर शक के आधार पर अभिषेक पुत्र अरविन्द वर्मा निवासी ग्राम पुराराय के विरूद्ध पंजीकृत कराया गया था। शबनम ने अखैबर आश्रम ग्राम पूराराय थाना इन्दरगढ में बरगद के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसके सम्बन्ध मे वादी सुनील कुमार उपरोक्त द्वारा प्रार्थना पत्र दिया कि अभियुक्त अभिषेक द्वारा शबनम उपरोक्त को घर से भगा ले गया था और उसने मेरी पुत्री का मानसिक उत्पीड़न किया है व प्रताड़ित किया है और आत्महत्या के लिए मजबूर किया है इस लिए मेरी लड़की ने अभिषेक के उत्पीड़न से परेशान होकर बरगद के पेंड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या की है।

जिसके आधार पर व विवेचना के क्रम मे मुकदमा उपरोक्त में धारा 108 बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। मुखबिर की सूचना पर इंदरगढ़ थाना पुलिस ने अभियुक्त अभिषेक (18) पुत्र अरविन्द वर्मा ग्राम पुराराय थाना इंदरगढ़ को कटैया पुल थाना इन्दरगढ से गिरफ्तार किया गया है ।

अभियुक्त को थाना इंदरगढ़ से अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया।

## आनंद मार्ग ने स्कूल में आयोजित की ध्यान-योग कार्यशाला



**छिबरामऊ, कन्नौज।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ कन्नौज की ओर से भारतीय इंटर कॉलेज, नितानंदपुर, गुरसहायगंज में एक दिवसीय ध्यान एवं योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। भुक्ति प्रधान अभिनव कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को योग, ध्यान और नव्यमानवतावाद का ज्ञान देना था। मुख्य वक्ता आचार्य सिद्धविद्यानन्द अवधूत ने कहा कि योग के माध्यम से समाज को जागरूक कर शिक्षा का स्तर ऊँचा उठाया जा सकता है। छात्रों को पर्यावरण संरक्षण, जीव-जंतुओं के प्रति करुणा एवं नव्यमानवतावाद के सिद्धांतों की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आचार्य ज्ञान देव ब्रह्मचारी, राजकुमार, अभिनव त्रिपाठी एवं ब्रह्मचारिणी वैदिका आचार्य उपस्थित रहे। अंत में कॉलेज प्रबंधक श्रीनिवास ने आचार्य सिद्धविद्यानन्द जी सहित आनंद मार्ग के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# आरएसएस के शताब्दी वर्ष में गृह संपर्क अभियान ने पकड़ी गति

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष के अवसर पर 1 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक जिले भर में व्यापक ग्रह संपर्क अभियान की शुरूआत की हैं। वर्ष 1925 में परमपूजनीय स्व. डॉक्टर केशव बलीराम हेडगेवार द्वारा स्थापित संगठन इस विशेष अवसर पर विजयादशमी उत्सव, घर घर संपर्क अभियान हिन्दू सम्मेलन, प्रबुद्धजन गोष्ठियां, युवा उत्सव कार्यक्रमों तथा अधिकाधिक स्थानों पर शाखाओं के आयोजन जैसी गतिविधियां संचालित कर रहा है। अभियान के अंतर्गत कबीर शाखा उरई के स्वयंसेवकों ने घर घर संपर्क किया प्रत्येक परिवार को भारत माता का चित्र, संघ की गतिविधियों से संबंधित पत्रक व पुस्तिका वितरण कर परिवारों से संवाद स्थापित किया।

अभियान का उद्देश्य समाज के विभिन्न धर्मों तक संगठन की मूल भावना व उद्देश्य पहुंचाना और राष्ट्रवादी चेतना को व्यापक स्तर पर अभिव्यक्त करना है। इस अवसर पर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, बलवीर सोनी, रवींद्र सिंह, गौरव चतुर्वेदी, सुरजीत भदौरिया विश्व हिंदू परिषद के गौरव चतुर्वेदी इत्यादि स्वयंसेवक उपस्थित रहे। घर-घर संपर्क अभियान दिनों दिन गति पकड़ रहा है।

## संदिग्धों की पहचान के लिये पुलिस ने चलाया अभियान

**कालपी,जालौन।** बाहरी एवं संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने के लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा चेकिंग करके कार्रवाई करने की योजना बनाई है। क्षेत्रधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि काशीराम आवासीय कॉलोनी कालपी में रहने वाले लोगों को पुलिस के द्वारा सत्यापन किया जाएगा। सीओ ने कल पीस कमेटी की मीटिंग में नागरिकों से विचार साझा किए। कई लोगों ने बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन करने को लेकर चर्चा की थी। सीओ ने नागरिकों से अपील की है कि अगर आपके पास संदिग्ध टाइप का व्यक्ति दिखाई दे तो इसकी सूचना अवश्य दें। उन्होंने कहा कि काशीराम कॉलोनी में रहने वाले लोगों का सत्यापन इलाकाई पुलिस के द्वारा किया जाएगा।

# सरदामई के 200 किसानों को मिले भू-अभिलेख

- अब किसानों को सरकारी योजनाओं का मिलने लगेगा लाभ : अविनाश कुमार गौतम

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के ग्राम सरदामई में 35 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद आज 200 किसानों को उनके भू-अभिलेख सौंपे गए। गांव में खुशी का माहौल है और किसान प्रशासन को धन्यवाद दे रहे हैं। चकबंदी प्रक्रिया 1980 में शुरू हुई थी, लेकिन 1990 में राजस्व कार्यालय फूस बंगला फर्रूखाबाद में लगी आग से मूल अभिलेख जल गए थे। उसे समय कन्नौज जिला फर्रूखाबाद में ही तहसील के रूप में शामिल था। इसके बाद 2009 में चकबंदी निरस्त हो गई। 2016 में गांव को दोबारा चकबंदी में शामिल किया गया। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के विशेष प्रयासों से पुरानी धारा-4क(2) को पुनर्जीवित कर आधार अभिलेख तैयार किए गए। आज बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी अविनाश कुमार गौतम ने किसानों को अभिलेख वितरित किए। श्री गौतम ने कहा कि अब किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने लगेगा। 1990 के अग्निकांड में प्रभावित 35 गांवों में से 5वें गांव सरदामई के अभिलेख पूरे हुए हैं, शेष पर तेजी से काम चल रहा है।



# ऑनलाइन हाजिरी के फरमान से गुस्साये सचिवों का आंदोलन शुरू

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत क्षेत्रीय ग्राम सचिवों से विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य कार्य कराये जा रहे। सचिव से अन्य कार्यों को कराये जाने से नाराज सचिवों ने विरोध जताते हुए क्षेत्र पंचायत कार्यालय में सांकेतिक सत्याग्रह आंदोलन किया तथा मुख्यमंत्री को सम्बोधित 11 सूत्रीय मांग पत्र बीडीओ को सौंपा।

क्षेत्र पंचायत कार्यालय में पदस्थ क्षेत्रीय ग्राम सचिवों (ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी) से मूल विभागीय दायित्वों के अतिरिक्त बिना कोई संसाधन उपलब्ध कराये जाये जा रहे




जबकि विभाग के ग्राम पंचायत स्तर 29 से अधिक विभागीय कार्य कराये जा रहे। शिक्षा, राजस्व कृषि पशुपालन आदि विभागों के कार्य लिये जा रहे ।एक तरफ काम की अधिकता है तो दूसरी तरफ मोबाइल एप व इन्टरनेट पर वेबसाइट पर अपलोड करना पड़ रहा है।सचिवों पर इतना काम है कि वह ड्यूटी समय में पूरा नहीं कर सकता है फिर भी वह किसी तरह सभी काम करता है इसके बाद भी ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू की जा रही है। सचिवों ने ग्रेड वेतन 2800 से बढ़ाकर 4200 रुपए किये जाने, पंचायतों में हो रहे शोषण को रोकने के लिए ग्राम पंचायतों की ऑडिट के विकल्प के रुप में ऑडीटर के स्थान पर चार्टड एकाउन्टेट ध् सोशल ऑडीटर से कराये जाये हेतु वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध करायी जाने आदि मांगों को लेकर सचिव ने क्षेत्र पंचायत कार्यालय में सांकेतिक सत्याग्रह आंदोलन किया तथा मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन बी डी ओ गनेश कुमार वर्मा को 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। सचिवों ने मुख्यमंत्री से उनकी मांगों को शीघ्र पूरा कराने की है। इस मौके पर पवन तिवारी, कुलदीप वर्मा , प्रियंका धीरान, किरन रावत, जितेंद्र पटेल, प्रवीण सिंह, योगेश प्रकाश, रामेन्द्र प्रताप, अश्विनी गुवरेले, चन्द्रभूषण, दीप्ती श्रीवास , संगीता यादव, निधि राठौर आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने पकड़ा शातिर चोर, 42 हजार की नकदी बरामद

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

भाजपा जिलाध्यक्ष के स्वागत समारोह में तीन लोगों की जेब से 13 हजार चुराने तथा अन्य चोरियों में लिप्त चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गये चोर के पास से पुलिस ने 42 हजार रुपए नकद बरामद हुए हैं। पुलिस ने पकड़े गये चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । नगर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे थे। भाजपा जिलाध्यक्ष के स्वागत कार्यक्रम में तीन लोगों की जेब से 13 हजार चुराने के घटना ने पुलिस की किरकिरी करा दी थी। अपनी छवि सुधारने का प्रयास कर रही पुलिस को उस समय सफलता हाथ लग गयी जब 4 दिसंबर 25 की रात लगभग 12 बजे औरइया मार्ग कोतवाली प्रभारी आनन्द कुमार सिंह अपनी टीम के साथ चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान उसने बंद पड़े पैट्रोल पम्प के पास से गौरव गिहार पुत्र राम अवतार निवासी गिहार कलौनी कस्बा करहल थाना करहल जिला मैनपुरी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गये युवक के पास से 43 हजार रुपए बरामद हुए हैं। पकड़े गये गौरव गिहार ने बताया कि उसने 1 दिसंबर को भाजपा की जिलाध्यक्ष बनने के बाद आयी उर्विजा दीक्षित के स्वागत कार्यक्रम में बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे के छिरिया सलेमपुर चौराहे से रवीन्द्र उपाध्याय पुत्र माता प्रसाद निवासी कुठौंदा थाना रेढ़र की जेब से 4000 रुपए, रामपाल निवासी भंगा के जेब से 6000 तथा अनिल कुमार पुत्र सोवरन निवासी ग्राम कुठौंदा थाना कुठौन्द की जेब से 3000 रूपय निकाल लिये है।

# सचिवों ने शांतिपूर्ण ढंग से काली पट्टी बांधकर किया सत्याग्रह

**नवाबगंज/कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड नवाबगंज में शुक्रवार को ग्राम पंचायत सचिवों ने अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से धरना दिया। प्रदेश व्यापी आंदोलन के तहत यहां पहुंचे समस्त सचिवों ने पूर्वाह्न 10 बजे से 11 बजे तक विकास खंड परिसर में एकत्र होकर काली पट्टी बांधकर वर्तमान व्यवस्था के विरोध में नारे लगाए और अपना रोष दर्ज कराया। सचिवों ने बताया कि शासन द्वारा बिना किसी अतिरिक्त संसाधन के फेशियल रिकॉग्निशन आधारित उपस्थिति प्रणाली लागू किए जाने से पूरे संवर्ग में भय और असंतोष है। साथ ही उन पर फार्मर रजिस्ट्री, एग्रो स्टैक सर्वे, आयुष्मान कार्ड, पेंशन सत्यापन, ऑपरेशन कायाकल्प, बोर्ड परीक्षा ड्यूटी, गौशाला प्रबंधन, पराली प्रबंधन, सोलर पैनल लक्ष्य जैसे गैर विभागीय कार्यों का अत्यधिक दबाव बन रहा है। जिससे वे अपने मूल दायित्वों का निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं।

धरने में शामिल ग्राम पंचायत सचिवों ने कहा कि इन समस्याओं पर शासन द्वारा कोई सकारात्मक पहल न किए जाने के कारण प्रदेश स्तरीय निर्णय के अनुरूप 01 दिसंबर से 15 दिसंबर 2025 तक क्रमिक शांतिपूर्ण सत्याग्रह जारी रहेगा। इसी क्रम में नवाबगंज विकास खंड में भी सचिवों ने प्रतीकात्मक धरना देकर विरोध जताया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में आंदोलन और अधिक व्यापक रूप लेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, समन्वय समिति ने कहा कि यह संघर्ष संविधानिक अधिकारों और सम्मानजनक कार्य परिस्थितियों की रक्षा के लिए है और इसे पूरे प्रदेश में शांतिपूर्ण तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा। सभी सचिव सरकारी ग्रुप से लेफ्ट हुए। सचिवों ने एसडीओ पंचायत को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सचिव कुलदीप सिंह, सुनील कुमार, अरविंद कुमार, प्रवीण कुमार, आकांक्षा सक्सेना, कामता प्रसाद पटेल, वेद प्रकाश, मोतीलाल यादव, बृजेश सिंह, अनुपम बाजपेई, प्रमोद शुक्ला मौजूद रहे।


खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपते सचिव


कमालगंज में विरोध प्रदर्शन करते सचिव

**वहीं दूसरी ओर** कमालगंज में भी विकास खंड कार्यालय पर ग्राम पंचायत सचिवों ने विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद खंड विकास अधिकारी, जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। जिसमें कहा कि उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास में पंचायती राज एवं ग्राम्य विकास विभाग की समस्त फ्लैगशिप एवं जन कल्याणकारी योजनाओं को मूर्त रूप देने में विभागीय ग्राम सचिव रीढ़ की भूमिका के रूप में अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करता है, जबकि शासन के आदेश दिनांक 03 नवम्बर 2025 के क्रम में विभिन्न जनपदों में सचिव ग्राम पंचायत के रूप में कार्यरत कार्मिकों की ऑनलाइन उपस्थिति अंकित कराने के आदेश जारी किये जा रहे हैं, जो कि अनुचित है।

इस मौके पर शैलेन्द्र निपानी, अखंड सिंह, अमित शुक्ला, प्रदीप कुमार, अंजली श्रीवास्तव, बरखा राजपूत, तान्या सिंह, अंजली प्रजापति, अमरराज, नितिन कुमार, लाल बहादुर, सिद्धार्थ, आलोक दुबे आदि मौजूद रहे।

# एएसपी ने जुमे की नमाज व 6 दिसंबर को लेकर किया फ्लैगमार्च


नगर में फ्लैगमार्च करते एएसपी व सीओ आदि

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

जुमे की नमाज व 6 दिसम्बर को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार के नेतृत्व में नगर में प्लैग मार्च निकाला। साथ ही जुमे की नमाज शान्तिपूर्ण सम्पन्न हुई। उन्होंने लोगों से शान्ति बनाए रखने की अपील की। प्लेगमार्च के दौरान कायमगंज क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन द्विवेदी, क्राइम इंस्पेक्टर कामिल खाँ, एसएससाई सुरजीत यादव, कस्बा चौकी इन्चार्ज सोमवीर सिंह, उपनिरीक्षक अयुव, उपनिरीक्षक शमसुद्दीन, उपनिरीक्षक मोहित मिश्रा, कांस्टेबिल विजय गुर्जर, कांस्टेबिल सचिन कुमार, कांस्टेबिल विनीत कुमार, कांस्टेविल रवेन्द्र, कांस्टेविल धरमेन्द्र, कांस्टेविल पुष्पेन्द्र, कांस्टेविल रोहित कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।


गाड़ियों की पूजा अर्चना करतीं पुलिस अधीक्षक

## डायल 112 पुलिस को मिली सात नई गाड़ियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से डायल 112 पुलिस को सात नई गड़ियां मिली हैं। डायल 112 फतेहगढ़ पुलिस के बारे में शामिल होने से कानून व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। पुलिस लाइन मैदान में पुलिस अधीक्षक आरती सिंह नें विधि विधान से पूजन कराकर सभी डायल 112 गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एसपी आरती सिंह ने बताया कि जनपद में डायल 112 की नई गाड़ियों के आने से आम जनता को राहत मिलेगी और पुलिस ससमय पीड़ित की मदद के लिये पहुंचेगी। उन्होंने बताया की नई पीआरबी गाड़ियां अत्याधुनिक संचार एवं सुरक्षा उपकरणों से लैस हैं। सीओ मोहम्मदाबाद अजय वर्मा, डायल 112 प्रभारी आमोद कुमार सिंह आदि प्रमुख रूप से रहे।

# साइबर क्राइम पुलिस ने फ्रॉड किये गये 46,551 रुपये वापस कराये

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर क्राइम फतेहगढ़ पुलिस के द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर श्रुति बाजपेयी पुत्री जितेंद्र बाजपेयी निवासी मोहल्ला नुन्हाई थाना कोतवाली फर्रुखाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा साइबर शिकायत पंजीकृत करायी गयी छी। जिसकी जांच के आधार पर आवेदिका के खाते से साइबर ठगों द्वारा कुल 46,551/-रुपये की ठगी की गयी है। थाना साइबर क्राइम फतेहगढ़ पुलिस द्वारा फ्राड करने वाले खातों को फ्रीज कराकर न्यायालय के आदेश के क्रम में शत-प्रतिशत 46551/-रुपये आवेदिका के खाते में वापस कराये गये।



पुलिस के साथ पीड़िता

# मार्ग दुर्घटना में घायल किसान नेता की उपचार के दौरान मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


मृतक का फाइल फोटो

मार्ग दुर्घटना में घायल भारतीय किसान यूनियन अखंड के जिला महासचिव गिरीशचंद्र शाक्य की हैलट अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। किसान नेता की मौत की खबर से उनके परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के सत्तार नगर गांव निवासी गिरीशचंद्र शाक्य 28 नवंबर को अपने साथी राजेंद्र सिंह के साथ धरना स्थल से मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे के बाद धरना स्थल पर मौजूद किसान पदाधिकारी धर्मवीर, धन सिंह और राजवीर सिंह ने कार का पीछा किया।

हालांकि रेलवे फाटक बंद होने के कारण आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गए। वे कार को रेलवे फाटक के पास एक मंदिर के पीछे छोड़कर भागे थे। जिसे बाद में पुलिस ने कब्जे में ले लिया था। घायलों को पहले सीएचसी ले जाया गया। जहां से गंभीर हालत के कारण उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। गिरीशचंद्र शाक्य की हालत ज्यादा गंभीर होने पर उन्हें कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया था। जहां गुरुवार देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जबकि राजेंद्र सिंह का इलाज फर्रुखाबाद के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने किसान नेता के पुत्र सचिन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया था। गिरीशचंद्र शाक्य का शव घर पहुंचते ही परिवार में मातम छा गया। उनकी पत्नी सुनीता, पुत्र सचिन और चार पुत्रियों का रो-रोकर बुरा हाल था।

## मार्ग दुर्घटना में युवक घायल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में वीरपाल पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी बेहटा मुरलीधर थाना मेरापुर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर किया गया है। यह घटना बलीपुर गांव के पास हुई। जब एक तेज रफ्तार बाइक ने सामने से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार वीरपाल अपनी बाइक से अलीगंज किसी काम से जा रहे थे। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गए और गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस ने मौके पर पहुंचकर घायल वीरपाल को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। नवाबगंज सीएचसी में डॉक्टर गौरव राजपूत ने वीरपाल का प्राथमिक उपचार किया। हालांकि उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# अजीजुल हक गालिब मियां ने किया 701वें उर्स-ए-मखदूम का आगाज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मखदूमियां शेखपुर में हजरत शेख मखदमू का 701वां उर्स-ए-मखदूम परम्परागत हजरत शेख अजीजुल हक गालिब मियां ने दरगाह-ए-मखदूमियां पर परचम कुशाई के साथ उर्स का आगाज कर दिया। सुबह बाद नमाज फजिर कुरान खानी की गयी और दोपहर को महिलाओं का जलसा (ख्वातीन का इस्तमां) हुआ जिसमें बेटियों में सामाजिक चिन्तन और पारम्परिक परम्पराओं की जागरूकता पर जोर डाला गया और बाद नमाजे इंशा दरगाह पर नातिया मुशायरा सज्जादानशीन गालिब मियां की सरपरस्ती में हुआ। जिसका आगाज खिलावते कुराने पाक से हाफिज राहत सोहरवरदी ने किया। मुशायरे की निजामत मौलाना शाहिद रजा ने की। मुशायरे में अलीशान अहमदी, कौशर, फहमीद कादरी, मोहम्मद इमरान, इंतजार हुसैन, मोहम्मद इसराईल रागिव, मसूद और साहिबे आलम आजमी ने रोहानी और शिक्षाप्रद कलाम पेश किये। मौलाना शाहिद रजा और मौलाना मुवीन नूरी ने हजरत शेख मखदूम के जीवन और उनकी करामातों और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कदीमी रिवायतों के अनुसार सज्जादानशीन गालिब मियां ने सुबह भोर हजरत शेख मखूदम की मजार पर फातिहा ख्वानी की और इसके बाद श्रद्धालूजनों के बीच दरगाह शेखपुर से हजरत मखदूम शाह की चिल्लहगाह भोजपुर तशरीफ ले गये और चिल्लहगाह पहुंचकर नमाजे फजिर अदा की। इस पूरे सफर में हजरत शेख गालिब मियां के साथ अयूव, शानू साथ रहे। रात के अंधेरे और सर्द भरी रात तथा ऊबड़खाबड़ रास्ते श्रद्धालुओं का हौसला पस्त न कर सके और सज्जादा नसीन का काफिला शेखपुर दरगाह से भोजपुर चिल्लह गाह पहुंच गया।


उर्स में मौजूद अजीजुलहक गालिब मियां व अन्य

# गाली-गलौज का विरोध करने पर महिला को पीटा, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने महिला के साथ मारपीट कर दी। पीड़िता ने थाना पुलिस को तहरीर दी है।

> पीड़िता को भद्दी-भद्दी गालियाँ देते हुये जान से मारने की दिया धमकी

पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा कि पीड़िता फूलश्री पत्नी हरिराम निवासी ग्राम सिंगुरापुर थाना कमालगंज की रहने वाली है। दिनांक 04.12.2025 को शाम लगभग 5 बजे मैं अपनी जमीन पर काम कर रही थी, तभी गाँव के मोहित पुत्र सुनील कुमार, राजकुमारी पत्नी सुनील कुमार व सोहनी पुत्री सुनील कुमार आये और पीड़िता के साथ गाली-गलौज करने लगे। जब पीड़िता ने टोंका, तभी उक्त सभी लोग लाठी-डण्डों से मारपीट करने लगे। जिस कारण पीड़िता के सिर व शरीर पर चोटें आयी हैं।

भीड़ को एकत्रित होते देख उपरोक्त अभियुक्तगण पीड़िता को भद्दी-भद्दी गालियाँ देते हुये और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# गन्ने से लोड ट्रक ने दो बाइक सवारों को कुचला, घायल

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

गन्ने से भरे ओवरलोडेड ट्रक ने दो बाइक सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। दोनो गंभीर रुप से घायल हो गये तथा बाइकें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयीं।

अमृतपुर तहसील मुख्यालय के ठीक सामने शुक्रवार को लगभग सुबह 11 बजे बड़ा हादसा हो गया। गन्ने से भरे एक ओवरलोडेड ट्रक ने तेज रफ्तार में दो बाइक सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही एक युवक ट्रक के आगे वाले हिस्से में ही फंस गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद फंसे युवक को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही थाना अमृतपुर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन घटना के करीब तीस मिनट बाद भी एंबुलेंस नहीं पहुंच पाई। ऐसे में अमृतपुर थाना अध्यक्ष मोनू शाक्य ने तत्काल अपनी पुलिस जीप में घायल युवकों को लोहिया अस्पताल पहुँचाया। घायल दोनों युवक शमशाबाद थाना क्षेत्र के पहल्दापुर निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।


ट्रक में फंसी क्षतिग्रस्त बाइक


लोहिया में भर्ती घायल बाइक सवार

# रंजिशन दबंगों ने युवक व उसके भाई को पीटा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

रंजिश में दबंगों ने युवक व उसके भाई के साथ मारपीट कर दी। जिससे दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया गया। गंभीर घायल को लोहिया रेफर किया गया। पीड़ित पक्ष ने थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर के मोहल्ला आंबेडकर नगर निवासी रामखिलाड़ी ने दी तहरीर में बताया कि छः दिन पूर्व उनका छोटा पुत्र विवेक घर के बाहर खड़ा था। उसी समय मोहल्ले का ही जीतू उर्फ जतिन उससे गंदी बातें करने लगा। विवेक ने घर जाकर अपनी मां से युवक की शिकायत की। मां के उलहाना देने पर जीतू व उसके स्वजनों ने मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़ित विवेक के भाई सत्यवीर व जीतू का शांति भंग में चालान कर दिया। इसी रंजिश में शुक्रवार दोपहर जीतू व उसके स्वजनों ने सत्यवीर की घेराबंदी कर लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बचाने आए सत्यवीर के भाई सुरेन्द्र को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे उनकी आंख में गंभीर चोट लग गई। पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। जहां हालत गंभीर होने पर सुरेन्द्र को लोहिया रेफर किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीओ राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया मामला जानकारी में नहीं है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# शातिर पड़ोसियों से आजिज महिला ने डीएम से लगायी गुहार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पीड़ित महिला ने उसके मकान की पड़ोसी द्वारा दीवारें काटकर जमीन को अपने कमरे में अविधिक रूप से सम्मिलित करने तथा दीवार कटने से उत्पन्न खतरे के संबंध में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया है।

जिलाधिकारी को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में राजेश्वरी वर्मा पत्नी स्व0 विनोद कुमार वर्मा निवासी नाला मछरट्टा थाना कोतवाली फर्रुखाबाद ने कहा है कि वह एक वृद्ध विधवा महिला है।

उसका पैतृक मकान लगभग 70-80 वर्षों पुराना उपरोक्त पते पर स्थित है जिसमें वह परिजनों सहित निवास करती है। उक्त भवन की दीवारें पुराने ढंग की काफी मोटी-मोटी बनी हुई हैं। उक्त भवन अब काफी जीर्ण शीर्ण हो चुका है जिसका जीर्णोद्वार आवश्यक होने के कारण पीड़िता द्वारा कार्य शुरू कराया गया परन्तु पड़ोस के रहने वाले सुदीप गुप्ता पुत्र भोजराज ने झूठा शिकायती प्रार्थना पत्र दिनांक 16.05.2025 को नगर मजिस्ट्रेट को इस आशय का प्रस्तुत कर दिया कि पीड़िता द्वारा बिना मनचित्र स्वीकृत कराये अवैध निर्माण कराया जा रहा है जिस पर नगर मजिस्ट्रेट द्वारा बिना कोई जांच कराये निर्माण कार्य रूकवाये जाने का आदेश पारित कर दिया गया, जबकि पीड़िता के पड़ोसी सुदीप गुप्ता द्वारा स्वंय ही बिना मानचित्र स्वीकृत कराये अपने भवन में नव निर्माण कार्य कराया जा रहा था जिसकी बावत पीड़िता के पुत्रों द्वारा दिये गये शिकायती प्रार्थना-पत्र पर नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय द्वारा विपक्षीगण से मिलीभगत करके आख्या प्रेषित कर दी गयी कि उक्त भवन 70-80 वर्ष पुराना तथा 100 वर्ग मीटर से कम क्षेत्रफल का है।

जिसमें जीर्णशीर्ण दीवारों की मरम्मत कराई जा रही है, अनुमति की आवश्यकता नहीं है।

इस प्रकार एक ही प्रकृति की शिकायतों पर दो अलग-अलग विरोधाभासी आदेश पारित किये गये। जिसका अविधिक लाभ उठाते हुये सुदीप गुप्ता द्वारा अब अपने मकान से होकर पीड़िता के मकान की ढाई से तीन फीट दीवार काटकर अपने मकान में मिलाने का प्रयास किया जा रहा है


डीएम को प्रार्थना पत्र देने के बाद पुत्र के साथ पीड़ित महिला

तथा दिनांक 07.05.2025 को थाना कोतवाली फर्रुखाबाद व अवर अभियंता विनि0 क्षेत्र द्वारा समझौता कराया गया था जिसमें दोनों पक्षकारों ने अपनी अपनी दीवार स्वंय उठाई थी। दिनांक 17.11.2025 को पीड़िता के मकान की दीवार को अपने मकान के अंदर से ही ड्रिल मशीनों द्वारा अवैध रूप से कटवाना व घन (हथौड़ा) से तुड़वाना शुरू कर दिया जिसकी धमक से पीड़िता के मकान का खस्ताहाल प्लास्टर गिरने लगा और छत का प्लास्टर गिरने से पीड़िता के सिर व हाथ में गंभीर चोट आयी।

जब पीड़िता ने इस सम्बंध में सुदीप गुप्ता से शिकायत की तो सुदीप गुप्ता व उनके परिजन पीड़िता के साथ गाली-गलौज करते आमादा फसाद हो गये। पीड़िता एक वृद्ध महिला है जबकि सुदीप गुप्ता आदि दबंग किस्म के प्रभावशाली व्यक्ति है और राजनैतिक पहुंच रखते हैं।

जिसके चलते नगर मजिस्ट्रेट के कार्यालय में भी पीड़िता के पक्ष की कोई सुनवाई नही की जाती है, जबकि उनके द्वारा असत्य तथ्यों पर दिये गये प्रार्थना-पत्रों नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों की मिलीभगत के कारण विस्तृत आदेश पारित कर दिये जाते हैं जिसकी एक बानगी हर्षित गुप्ता पुत्र सुदीप द्वारा द्वारा दिनांक 16.05.2025 को दिये गये प्रार्थना-पत्र पर कार्यालय नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र द्वारा पारित आदेश दिनांक 27.06.2025 के विस्तृत आदेश से स्पष्ट होती है कि किस प्रकार से पीड़िता को न्याय से वंचित कर प्रताड़ित किया जा रहा है। उक्त आदेश में अंकित किया गया है कि विवाद मकान सम्बंधित है इसलिये सक्षम न्यायालय में चाराजोई कर अनुतोष प्राप्त करें तथा थाना कोतवाली को आदेशित किया गया कि वह मौके पर कोई निर्माण कार्य न होने दें। पीड़िता का उक्त मकान बिल्कुल जीर्ण शीर्ण हालत में है और कभी भी गिर सकता है। जिससे पीड़िता व अन्य परिजनों की जान जा सकती है। पीड़िता दिनांकित 17.11.2025 को घटित घटना की शिकायत करने चौकी गयी तो पुलिस वालों ने कहा कि मकान का मामला है। जिलाधिकारी से आदेश कराकर लाओ तभी कोई कार्यवाही होगी।

# रेपो रेट में फिर 0.25 प्रतिशत की कमी से आयेगी अर्थव्यवस्था में नई तीव्रताः मुकेश गुप्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने घोषित अपनी मौद्रिक नीति में रेपो रेट में फिर 0.25 प्रतिशत की कमी करके भारतीय अर्थव्यवस्था की बढ़ती हुई गति को एक नई तीव्रता प्रदान करने की कोशिश की है। इससे पहले भी इस वर्ष कई बार रिजर्व बैंक द्वारा रेपो रेट में कमी की जा चुकी है। रिजर्व बैंक की इस नीति से भारत के आम उपभोक्ताओं को काफी राहत मिलेगी और साथ ही साथ उद्योग जगत को भी इससे काफी फायदा पहुंचेगा।

आरबीआई की इस मौद्रिक नीति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय स्टेट बैंक से रिटायर्ड, भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश गुप्ता ने बताया कि केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरें कम करने से भारत का आर्थिक विकास अब और तेज गति पकड़ेगा।

उन्होंने कहा कि रेपो रेट ब्याज की वह दर होती है जिस दर पर भारतीय रिजर्व बैंक वाणिज्यिक बैंकों को ऋण देता है, इस प्रकार रेपो रेट कम होने से वाणिज्यिक बैंकों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध हो जाने के परिणाम स्वरूप वाणिज्यिक बैंक भी उद्योगों व अपने ग्राहकों को पहले से कम ब्याज दर पर लोन प्रदान कर सकेंगे। जिससे एक तरफ वाणिज्य बैंकों द्वारा कम ब्याज चुकाने के कारण उनके पास उपलब्ध फंड्स में वृद्धि होगी और वह इस प्रकार ज्यादा मात्रा में लोन वितरित कर सकेंगे। वहीं दूसरी तरफ ग्राहकों को कम ब्याज दर पर



सेवानिवृत्त बैंक कर्मी मुकेश गुप्ता

लोन मिलने के कारण उनके द्वारा चुकाई जाने वाली मासिक किस्त में काफी कमी आएगी। इस प्रकार उनकी बचत में वृद्धि होगी और यह उपभोक्ता अपनी इस बचत को अपने अन्य उपभोक्ता की वस्तुओं को खरीदने में लगाएंगे, जिससे बाजार में उत्पादों की

**▸ इस नीति से भारत के आम उपभोक्ताओं को मिलेगी काफी राहत**

मांग में वृद्धि होगी। जब मांग में वृद्धि होगी तो उद्योगों को अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ाना पड़ेगा और इसके लिए उन्हें ज्यादा मैन पावर की जरूरत पड़ेगी। जिसके परिणाम स्वरुप लोगों को काफी नया रोजगार मिलेगा और बेरोजगारी में कमी होगी। इस प्रकार यह चक्र कम से चलता रहेगा। इसी प्रकार उद्योगों को भी वाणिज्यिक बैंकों से कम ब्याज दर पर पूंजी उपलब्ध हो सकेगी, जिससे उद्योगों की उत्पादन लागत भी कम होगी। फरवरी 25 में जो आम बजट पेश हुआ था, उसमें आयकर मुक्त सीमा में काफी वृद्धि करके 12 लाख कर देने से भी लोगों की बचत में वृद्धि हुई है, उसके बाद 22 सितंबर 2025 से जीएसटी रिफॉर्म के तहत जीएसटी टैक्स स्लैब कम करने से भी लोगों की बचत में वृद्धि हुई है और सरकारी कर्मचारियों को ज्यादा बोनस देने से भी इन कर्मचारियों की बचत में वृद्धि हुई है। उपर्युक्त सभी प्रयासों से अंततः हमारे देश की घरेलू बचत में काफी वृद्धि होगी और लोगों की परचेसिंग पावर बढ़ेगी, इससे लोग मकान, दुकान बनवाएंगे या खरीदेंगे, ऑटो प्रोडक्ट खरीदेंगे व घरेलू अन्य उपभोग की वस्तुओं को ज्यादा से ज्यादा खरीदेंगे और बाजार में उत्पादों की मांग बढ़ने से हमारे उद्योग धंधे भी फलेंगे फुलेंगे। इधर अक्टूबर और नवंबर माह में कई उपभोक्ता वस्तुएं बनाने वाली कंपनियों ने अपनी सेल में लगातार वृद्धि के आंकड़े पेश किए हैं जो इसका जीता जागता उदाहरण है। उत्पादन लागत कम होने से हमारे उत्पाद अंतरराष्ट्रीय औद्योगिक प्रतिस्पर्धा में भी सामना कर सकेंगे।

अमेरिका द्वारा अनाप-शनाप टैरिफ लगाने के बाद मौजूदा वैश्विक अस्थिरता के माहौल में भारत अपनी अर्थव्यवस्था को सुरक्षित रखने में सक्षम बना हुआ है, क्योंकि भारतीय बाजार में उसकी एक विशाल जनसंख्या लगभग 140 करोड़ लोगों द्वारा खपत होने से एक बहुत बड़ी मांग बाजार में लगातार बनी रहती है। इसी बदौलत आज भारत दुनिया की सबसे तेज बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बना हुआ है और इन सब उपयुक्त प्रयासों से शीघ्र भारत दुनिया की एक बहुत बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

## माघ मेला रामनगरिया को लेकर कार्ययोजना की हुई बैठक



बैठक में मौजूद पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच के तत्वाधान में माघ मेला रामनगरिया की तैयारी बैठक सम्पन्न हुई। अन्तर्राष्ट्रीय रक्षा मंच की बैठक में माघ मेला की कार्य योजना को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कवियत्री प्रीती तिवारी के निवास पर आयोजित हुई। विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई। बैठक में माघ मेला का आयोजन जो पांचाल घाट पर आयोजित होता है। हिन्दू रक्षा मंच द्वारा कैम्प लगता है। उसमें होने वाले सभी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष व सचिव ने पदाधिकारियों को निर्देश दिये है कि मुख्य आकर्षण धर्म संसद, सामूहिक जनेऊ आदि रहा है, जो कि सभी पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से पारित हुआ है। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य विवेकानंद, बबिता पाठक, प्रीती तिवारी, आलोक भारती, डा0 निधि मिश्रा, जिलाध्यक्ष रामवीर चौहान, अर्चना द्विवेदी, अनिल तिवारी, आरवी सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## विश्व मृदा दिवस पर छात्राओं को किया गया जागरुक



मृदा दिवस पर जानकारी देती गुंजा जैन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विश्व मृदा दिवस पर मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन ने बच्चों को मृदा स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया तथा जानकारी भी दी कि विश्व मृदा दिवस हमे क्यों मनाना चाहिए। मिट्टी हमारे जीवन का आधार ही नहीं बल्कि हमारी सभ्यता, हमारी संस्कृति, हमारी पहचान और भविष्य की महत्वपूर्ण कड़ी भी है, हमे अपने कर्तव्य को निभाते हुए मृदा प्रदूषण को कैसे अपने स्तर से रोक सकते है इस पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया की रासायनिक खाद का प्रयोग ना करके जैविक खेती करके तथा ज़्यादा से ज़्यादा वृक्षारोपण करके हम मिट्टी के कटाव को रोक सकते है। जिससे अनेक प्राकृतिक आपदा जैसे बाढ़ भूस्खलन आदि से बचाव तो होता ही है, साथ साथ जलवायु परिवर्तन जैव विविधता जल संरक्षण में भी सहायक होती है। मिट्टी का संरक्षण पर्यावरण का संरक्षण है और पर्यावरण का संरक्षण ही मानवता है। प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने बच्चों को अन्य लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया तथा घरेलू स्तर पर हम पर्यावरण को कैसे सुरक्षित रखें इस पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शिक्षिकाएं कुसुम लता, पूनम शुक्ला, दर्शना शुक्ला, अंजलि, मंजू, सीमा, अनीता, पारुल, अर्चना, समीक्षा, स्वाति, अजंट सिंह, प्रदीप कुमार, पंकज औदिच्य आदि उपस्थित रहे।



फार्म वितरण के दौरान मौजूद चुनाव प्रभारी

## चुनाव प्रभारी ने विश्वकर्मा मंदिर में वितरित किये कार्यकारिणी फार्म

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोकाश पांचाल ब्राह्मण समिति की नवीन कार्यकारिणी गठन के संबंध में आवेदन फार्म वितरित किये गये। चुनाव प्रभारी ओमप्रकाश शर्मा ने बढ़पुर स्थित कोकाश पांचाल स्थित मंदिर परिसर कार्यालय में इच्छुक चुनाव लड़ने वाले पदाधिकारियों को फार्म वितरित किये। विश्वकर्मा मंदिर में सात लोगों ने विभिन्न पदों के लिए अपने आवेदन फार्म प्राप्त किये। चुनाव प्रभारी ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि पांच दिसम्बर से दस दिसम्बर तक फार्म वितरित किये जायेंगे। 20 दिसम्बर को नामांकन वापसी होगी। 11 जनवरी को चुनाव व शाम को परिणाम घोषित किया जायेगा।

## डीएम की अध्यक्षता में “आपकी पूंजी-आपका अधिकार” के तहत गोष्ठी सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैंकों, बीमा कंपनी एवं अन्य वित्तीय संस्थाओं में लंबे समय से बिना दावे वाली संपत्तियों को सही हकदारों तक पहुंचाने के लिए चलाए जा रहे अभियान (आपकी पूंजी आपका अधिकार) के तहत गोष्ठी का आयोजन किया गया।



प्रमाण पत्र वितरित करते डीएम

गोष्ठी में भारतीय रिजर्व बैंक के एलडीओ शमसुद्दीन, एलडीएम वीडी वर्मा, ग्रामीण कृषि एवं विकास बैंक, जिला विकास प्रबंधक मीतेश यादव, समस्त बैंकों के जिला समन्वयक, अदावी राशियों एवं संपत्तियों से संबंधित ग्राहक, वरिष्ठ नागरिक, पत्रकार बंधुओं एवं बुद्धजीवियों ने भाग लिया। दूरस्थ ग्रामीण अंचलों से आए अदावी राशियों/संपत्तियों से संबंधित महिलाओं एवं पुरुषों को अदावी राशि के भुगतान हेतु प्रमाण पत्र वितरित किए गए। जिससे लंबे समय से अप्राप्त संपत्तियों के प्राप्त होने से प्रमाण पत्र प्राप्तकर्ताओं के चेहरे खिल उठे। डीएम ने समस्त बैंक समन्वयकों को निर्देशित किया कि किसी भी वरिष्ठ नागरिक एवं दावा कर्ता को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए तथा प्राथमिकता के आधार पर दावों का निस्तारण किया जाए। इसी प्रकार बीमा, शेयर, म्यूचुअल फंड आदि के दावे भी किए जा सकते हैं। किसी भी वित्तीय संपत्ति को जो अभी तक भूल से दावा नहीं की गई है, उचित व्यक्ति/उत्तराधिकारी द्वारा प्राप्त की जा सकती है।

## गोकर्ण और धुंधकारी व राम वन गमन की कथा सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्रीमद् भागवत एवं श्रीराम चरित मानस ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा गंगा नगर में चल रही है। द्वितीय दिवस पर कथा के अन्तर्गत श्रीमद् भागवत वक्ता आचार्य शिवशरण अग्निहोत्री ने गोकर्ण और धुंधकारी की कथा कही। उन्होंने कहा कि तुंगवन नदी के किनारे एक ब्राह्मण नामदेव अपनी पत्नी धुंधली के साथ रहते थे।

आत्मदेव ब्राह्मण बहुत ही पुजारी, आध्यात्मिक, संत हृदय के थे। किन्तु धुंधली स्वभाव से बहुत उग्र थी। एक लम्बे समय तक इस दंपत्ति को संतान की प्राप्ती नहीं हुई। दोनों बहुत ही दुखी थे, तभी उन्हे एक संत ने दुखी देखकर एक फल धुंधली को खाने को दिया। उनके घर पर एक गाय थी, उस फल को गाय ने खा लिया। उससे गोकर्ण हुआ, तथा धुंधली के गर्भ से धुंधकारी का जन्म हुआ। धुंधकारी बहुत ही दुष्ट प्रवृत्ति का था और गोकर्ण एक संत का प्रवृत्ति का सज्जन व्यक्ति था। कुछ समय बाद धुंधकारी की मृत्यु हो गयी और वह प्रेत बना, तब गोकर्ण ने उस प्रेत को श्रीमद् भागवत कथा सुनाई, जिससे उसका कल्याण हो गया।



कथा का श्रवण कराते रामबाबू पाठक

श्रीराम चरित मानस कथा वक्ता रामबाबू पाठक ने मानस की कथा सुनाते हुए रामवन गमन की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि श्रवण समीप भमऊ सित केशा। मनहुं जरुपन अस उपदेशा। राजा दशरथ सिंहासन पर बैठे समय शीशे में अपने सफेद बालों को देखकर राम राज समर्पित करने को कहा, तभी राज तिलक की तैयारियां होने लगी। प्रातः को राम राज तिलक होना था, तभी कैकयी भवन में जाकर लेट गयी।

जब राजा दशरथ ने कैकेयी को नहीं देखा तो वह कोप भवन पहुंचे और उनसे कोप का कारण पूछा। तो कैकेयी ने दो वरदान मांगे, एक में भरत को राज गद्दी और दूसरे में राम को 14 वर्ष का वनवास, दशरथ ने पहला वरदान स्वीकार कर लिया, परन्तु दूसरे वरदान के लिए उन्होंने कैकेयी के पैर तक छुए। पर वह नहीं मानी। अंत में राम-लक्ष्मण और सीता वन में चले गये। संचालन महेश पाल सिंह उपकारी ने किया। व्यवस्था में सहयोग अवधे पाण्डेय, ऋषिपाल सिंह, निर्दोष शुक्ला, अरविन्द चौहान, सर्वेश अवस्थी, रामबाबू मिश्रा, अमित बाजपेयी, बृजनारायन दुबे मौजूद रहे।

## किसानों ने समस्याओं को लेकर नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय कृषक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राय सिंह राजपूत ने किसानों की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। कलेक्ट्रेट में पहुंचकर भाकियू नेताओं ने प्रदर्शन करते हुए नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की कि जल जीवन मिशन योजना गांव-गांव में सफेद हाथी बनकर रह गयी है। मौजा गुरुऊ शादी नगर, भाननगर में आज तक पानी की सप्लाई नहीं हुई है।

पाइप लाइन के जोड़ खुले हुए है। बजट का हवाला देकर काम रुका हुआ है। गुरुऊ शादी नगर मेरापुर के अन्तर्गत मजरा भावनगर में जल जीवन मिशन की पाइप लाइन बिछाई गयी है। पाइप लाइन के ऊपर गांव के लोगों ने समर की बोरिंग कराकर



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते किसान नेता

30 फुट पाइप लाइन नष्ट कर दी है। ऐसे दबंग लोगों के ऊपर मुकदमा दर्ज किया जाये। सहसापुर के मजरा नगला दड़े में रामनारायन, रामनाथ के दरवाजे के लिए दरवाजा नहीं है, दबंगों ने कब्जा कर रखा है। आम रास्ता खुलवाया जाये। तहसील कायमगंज में लंबित फाइलों का निस्तारण किया जाये और भ्रष्ट अधिकारियों का फेरबदल हो। शिकोहाबाद-फर्रुखाबाद रेल लाइन गाड़ियों की संख्या बढ़ाई जाये, और लम्बी दूरी वाली ट्रेनों का पखना स्टेशन पर ठहराव हो।

जनपद में आलू की समस्या है, आलू की लोडिंग करवायी जाये। कोल्ड मालिक भाड़ा बढ़ा देते है उसमें सुधार किया जाये। कायमगंज चकरोड 198 पर दबंग लोग कब्जा किये हुए है, उसे मुक्त कराया जाये आदि 7 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर अहिलकार, रामदास, प्रेमदास, रामबाबू, शीलचन्द्र, बेंचेलाल, रघुवीर सिंह, रामनारायन, स्वाती पाण्डेय, जंट सिंह, विक्रम यादव आदि मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत सचिवों का विरोध प्रदर्शन जारी, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**▸ सभी ब्लाकों में काली पट्टी बांधकर किया कार्य**

**फर्रुखाबाद/कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



खंड विकास अधिकारी कायमगंज को ज्ञापन देते पंचायत सचिव



बढ़पुर ब्लाक में विरोध प्रदर्शन करते पंचायत सचिव

विकासखंड कायमगंज/बढ़पुर में शुक्रवार को ग्राम पंचायत सचिवों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को मांग पत्र भेजा और शांतिपूर्ण तरीके से सत्याग्रह धरना देकर काली पट्टी बांधकर कार्य किया।

प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर सचिवों ने परिसर में एकत्र होकर काली पट्टी बांधकर वर्तमान व्यवस्था के विरोध में नारे लगाए और अपना रोष दर्ज कराया। सचिवों ने बताया कि सचिव के कार्य की प्रकृति पूर्णतः क्षेत्र/फील्ड आधारित है। ऐसे में ऑनलाइन उपस्थिति जैसी कार्यालय आधारित प्रणाली हमारे कार्य प्रकृति के अनुकूल एवं अनुरूप नहीं है। एक सचिव के पास सामान्यतः 04-05 से 08-09 ग्राम पंचायतों तक का प्रभार होता है, बहुद्देशीय कार्य प्रकृति एवं क्षेत्रीय भौगोलिक कारणों से किसी एक निश्चित स्थान एवं समय पर ऑनलाइन उपस्थिति अंकित करना व्यवहारिक रूप से संभव नहीं है। ग्राम पंचायत स्तर पर सचिव ग्राम पंचायत के अतिरिक्त राजस्व विभाग के लेखपाल, शिक्षा विभाग के अध्यापक, कृषि विभाग के तकनीकी सहायक/किसान सहायक, गन्ना विभाग के गन्ना पर्यवेक्षक, पशुपालन विभाग के पशुधन प्रसार अधिकारी भी कार्यरत हैं, जिनका कार्यक्षेत्र तथा योजनाएं सचिव ग्राम पंचायत की अपेक्षा सीमित हैं। ग्राम पंचायत स्तरीय सभी कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन उपस्थिति अंकित करने की समान व्यवस्था होनी चाहिए। ग्राम पंचायत सचिव को अधिकांशतः अवकाश के दिनों में, राष्ट्रीय पर्वो, धार्मिक/जनहित के कार्यों में, दैवीय आपदाओं में एवं शासन-प्रशासन के आकस्मिक निरीक्षण, चौपालों, रात्रि के कार्यक्रमों में असमय जूम मीटिंग के माध्यम से जुड़ने की बाध्यता होती है। अतः ऐसी असजह आकस्मिक स्थिति-परिस्थिति में ससमय ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली निष्प्रभावी होगी। साथ ही फार्मर रजिस्ट्री, एग्रो स्टैक सर्वे, आयुष्मान कार्ड, पेंशन सत्यापन, ऑपरेशन कायाकल्प, बोर्ड परीक्षा ड्यूटी, गौशाला प्रबंधन, पराली प्रबंधन, सोलर पैनल लक्ष्य जैसे गैर विभागीय कार्यों का अत्यधिक दबाव बन रहा है, जिससे वे अपने मूल दायित्वों का निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं। ग्राम पंचायत सचिवों ने कहा कि समस्याओं पर शासन द्वारा कोई सकारात्मक पहल न किए जाने के कारण प्रदेश स्तरीय निर्णय के अनुरूप 01 दिसंबर से 15 दिसंबर तक क्रमिक शांतिपूर्ण सत्याग्रह जारी रहेगा। सचिवों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में आंदोलन और अधिक व्यापक रूप लेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। सचिवों ने कहा कि यह संघर्ष संविधानिक अधिकारों और सम्मानजनक कार्य परिस्थितियों की रक्षा के लिए है और इसे पूरे प्रदेश में शांतिपूर्ण तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा। **विकास खण्ड कायमगंज** में धरना देकर के दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के जिलाध्यक्ष सचिव शशिदेव सिंह, आनन्द गंगवार, रनवीर सिंह, रेनू शाक्य, रंजीत सिंह, सुधीर कुमार श्रीवास्तव, विवेक कुमार, विवेक बाबू मिश्रा, विजय शंकर, रवेन्द्र सिंह, शुभम तिवारी आदि ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया। **विकास खण्ड बढ़पुर** में भी ग्राम पंचायत सचिवों ने अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी को सौंपा। धरना के दौरान ग्राम पंचायत सचिव आलोक त्रिवेदी, ओमशिव पाण्डेय, अशोक कुमार, देवांश सुमन, नृपेन्द्र कुमार शर्मा, प्रभात यादव, अमन कुमार, नीरू दीक्षित, श्वेता, कंचन, ऋषि पाल आदि ने काली पट्टी बांधकर धरना प्रदर्शन किया।

## एसपी ने साप्ताहिक परेड में कराया बलवा ड्रिल का अभ्यास

**पुलिस कर्मियों की लगवायी दौड़, शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रखना उद्देश्य**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा पुलिस लाइन फतेहगढ में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई। एसपी ने परेड का निरीक्षण कर पुलिस कर्मियों की परेड कराई गई। उन्होंने शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई गई। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नवचयनित आरक्षीगण की पीटी/परेड का निरीक्षण कर अनुशासन/नियमों हेतु ब्रीफ किया गया। परेड के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने किसी भी आकस्मिक परिस्थिति, दंगा और बलवा आदि से निपटने व नियंत्रण हेतु दंगा नियन्त्रण उपकरणों से सुसज्जित होकर पुलिस लाईन परेड ग्राउंड़ पर बलवा ड्रिल का अभ्यास



बलवा ड्रिल का अभ्यास करते पुलिस कर्मी

कराया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य बलवात्मक परिस्थितियों में त्वरित, संयमित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया की क्षमता को सुदृढ़ करना रहा।

## डीएम ने गणना प्रपत्रों के डिजिटिलाइजेशन व री-मैपिंग के कार्यों का किया निरीक्षण



बैठक लेते डीएम मौजूद अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डीएम ने ऑफिसर्स क्लब में सदर-194 विधानसभा के प्रगाण पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत गणना प्रपत्रों के डिजिटिलाइजेशन व री-मैपिंग के कार्य का निरीक्षण किया और सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

शुक्रवार को जिलाधिलारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा ऑफिसर्स क्लब फतेहगढ़ पहुंचकर 194 फर्रुखाबाद विधानसभा के प्रगाण पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत गणना प्रपत्रों के डिजिटिलाइजेशन व री-मैपिंग के कार्य का निरीक्षण किया एवं बैठक कर सुपरवाइजर व बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### गुरू के बगैर हम जीवन का सार ही नहीं समझ सकतेः सुखनंदन

**जालौन ,उरई।** गुरू की महत्ता हमारे जीवन में अनुपम है क्योंकि गुरू के बिना हम जीवन का सार ही नहीं समझ सकते हैं। लेकिन हमेशा इस बात का सदैव ही ध्यान रखना चाहिए कि गुरू के समक्ष चंचलता नहीं करनी चाहिए और सदा ही अल्पवासी होना चाहिए। जितनी आवश्यकता है उतना ही बोलें और जितना अधिक हो सके गुरू की वाणी का श्रवण करें। यह विचार मोहल्ला जोशियाना में आयोजित श्रीमदभागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास सुखनंदन मयूर ने श्रोताओं के समक्ष कहे।


### सूचना

मेरे आधार कार्ड संख्या- 7975 1984 7985 में मेरा नाम रामवीर सिंह दर्ज है। जब ऑनलाइन आधार कार्ड चेक किया तो उसमे मेरा नाम जसवीर सिंह दर्ज निकला, जो की गलत है। मेरे आधार कार्ड में मेरा सही नाम रामवीर सिंह दर्ज किया जाये।

**रामवीर सिंह पुत्र स्व. इन्दर सिंह निवासी मोहल्ला ग्वालटोली, कोतवाली फतेहगढ़, फर्रुखाबाद**

### कार्यालय ग्राम पंचायत बझेरा मलिक पट्टी वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0

पत्रांकः मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ 2025-26 — दिनांक 05/12/2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बझेरा मलिक पट्टी विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 06/12/2025 से 12/12/2025 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 12/12/2025 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 06/12/2025 से 12/12/2025 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | कन्हैया लाल के घर से रामशरन बाबा के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.54 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः**- निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर व एनएससी व चेक द्वारा ली जायेगी।

**प्रधान-मनीराम** — **ग्राम पंचायत बझेरा मलिक पट्टी वि0ख0 कमालगंज** — **सचिव- अंजली श्रीवास्तव**

# प्रेमी-प्रेमिका गिरफ्तार, 30 लाख के जेवर बरामद

**मामी के जेवर चोरी कर प्रेमी के हवाले किया था आभूषण**



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

चोरी की घटना कारित करने वाले अभियुक्त व अभियुक्ता को पुलिस द्वारा किया गिरफ्तार। कब्जे से चोरी किये गये सोने के आभूषण अनुमानित कीमत 30 लाख रूपये किये बरामद। थाना बकेवर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

21 नवम्बर को वादिनी कामिनी पत्नी पुष्पेन्द्र सिंह निवासिनी ग्राम इन्द्रावखी, बकेवर द्वारा थाना बकेवर पर लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि उसके घर से अज्ञात चोरों द्वारा सोने एवं चाँदी के आभूषण चोरी कर लिये गये हैं। सूचना पर तत्काल थाना बकेवर पर मामला दर्ज किया गया। एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शुक्रवार को थाना बकेवर पुलिस द्वारा अहेरीपुर चौराहे पर संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग की जा रही थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि थाना बकेवर क्षेत्रान्तर्गत चोरी की घटना कारित करने वाले अभियुक्त एवं अभियुक्ता निवाड़ी कला से पहले कहीं जाने की फिराक में खड़े हैं सूचना पर तत्काल थाना बकेवर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये अभियुक्त एवं अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में उ.नि. विपिन मलिक थानाध्यक्ष बकेवर, उ.नि. धीरेन्द्र कुमार, उ.नि. स्वदेश कुमार आदि रहे। पकड़े गये अभियुक्त एवं अभियुक्ता से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करते हुये उनकी तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से सोने एवं चाँदी के विभिन्न आभूषण बरामद किये गये। जिनके सम्बन्ध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि यह आभूषण उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से थाना बकेवर के ग्राम इन्द्रावखी में पुष्पेन्द्र के घर से चोरी किये थे। योगेश उर्फ गोलू पुत्र राजवीर सिंह निवासी नगला भदौरिया थाना बकेवर गिरफ्तार किया गया है।

# रश्मों, रीति-रिवाजों व मंत्रोच्चारण के साथ सामूहिक विवाह सम्पन्न

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम जनपद के पं.जेएनपीजी कॉलेज बॉदा के ग्राउण्ड में गायत्री परिवार के पुरोहितों के द्वारा पूरे रश्मों, रीति-रिवाजों तथा मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक सदर श्री प्रकाश द्विवेदी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मालती बासू गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कलू सिंह राजपूत एमएलसी प्रतिनिधि आलोक सिंहं लाधिकारी बाँदा श्रीमती जे. रीभा, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में आज जनपद के विभिन्न पांच स्थानों में 751 जोडों का वैवाहिक कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न हुआ। जनपद बांदा में पंडित जवाहरलाल नेहरू पीजी कालेज प्रांगण में 246 जोड़ों का वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हुआ।

पंडित जवाहरलाल नेहरू पीजी कालेज प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में विधायक प्रकाश द्विवेदी ने इस वैवाहिक कार्यक्रम के नवविवाहित दम्पतियों को अपना आर्शीवाद एवं शुभकामनायें देते हुए कहा कि बडे सौभाग्य का विषय है कि जनपद बांदा में कल 571 जोड़ो तथा इस प्रांगण में 246 जोड़ों का वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से प्रतिवर्ष मुख्यमंत्री के निर्देशों में गरीब परिवार की बेटियों के विवाह हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

**जनपद में 751 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे**

गरीब कल्याण की योजना प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में है। गरीब सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण योजना के साथ इस तरह के कार्यक्रम पदेश में सम्पन्न हो रहे हैं। उनकी मंशा है कि अंतिम पायदान में खडे व्यक्ति को शासन की विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं से लाभान्वित कराना। उन्होंने कहा कि यह शुभ कार्य बिना किसी भेदभाव के समान रूप से किया जा रहा है, जिसमें सभी वर्गों की गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह के साथ 09अल्पसंख्यक जोडों का निकाह भी पूरे रश्म व रीति



रिवाजों के साथ सम्पन्न कराया गया है। यह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम एक सामाजिक कार्य के साथ धार्मिक कार्य है तथा यह योजना प्रदेश में गॉव-गॉव एवं शहरों में पहुंच गयी है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम से समाज में दहेज जैसी कुरीति को भी समाप्त करने में सहायक होने के साथ ही गरीब परिवार के लोगों को अपनी बेटियों की शादी करने में महत्वपूर्ण सहायता मिल रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार ने महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए अनेकों योजनायें संचालित की हैं, जिसमें मिशन शक्ति योजना, कन्या सुमंगला योजना, उज्ज्वला योजना तथा प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दन योजना, जननी सुरक्षा योजना प्रमुख हैं। योगी सरकार ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की धनराशि 51 हजार रूपये से बढ़कर 100000 कर दी गई है जिसमें 60000 की धनराशि नव विवाहित बेटी के खाते में भेजी गई है। प्रदेश सरकार द्वारा बेटियों की स्वास्थ्य, शिक्षा से लेकर विवाह तक की जिम्मेदारी निभायी जा रही है। प्रदेश सरकार बेटी के जन्म होने पर जननी सुरक्षा योजना से लाभ प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि गरीब बेटियों की शादी के लिए यह योजना बहुत ही मददगार है, जिससे गरीब परिवार के लोंगो को अपनी बेटियों की शादी करने में सहायता मिल रही है।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रीमती जे0रीभा ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में नवदम्पतियों को हार्दिक शुभकामनायें देते हुए उनके सुखद एवं सफल जीवन की कामना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की यह महत्वकांक्षी योजना है, जिससे गरीब परिवार की बेटियों की शादी करने में सहायता मिल रही है। वैवाहिक समारोह में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में आये हुए अतिथि गणों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार राज, अमित सेठ भोलू, कार्यक्रम संयोजक जिला समाज कल्याण अधिकारी, अभिषेक कुमार अवस्थी ,जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी पुष्पेन्द्र, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, डीसी एनआरएलएम, जिला प्रोबेसन अधिकारी श्रीमती मीनू सिंह, जिला सूचना अधिकारी रामजी दुबे ,अपर जिला सूचना अधिकारी शारदा निषाद सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अर्चना भारती द्वारा किया गया।

## खबरें एक नजर में

### जन्मदिन के मौके पर युवक की मौत से कोहराम



**भरथना, इटावा, समृद्धि न्यूज।** करीब एक सप्ताह पूर्व घर में जन्मे नन्हें मेहमान की खुशियां चल ही रही थीं, कि तभी घर के करीब 23 वर्षीय युवक सत्यम यादव की चित्तौडगढ (राजस्थान) में कार दुर्घटना के चलते दर्दनाक मौत से पूरे परिवार में चीख पुकार के बीच कोहराम मच गया। कस्बा के मुहल्ला यादव नगर पालीबम्बा रोड निवासी सत्यम यादव पुत्र स्व. रघुवीर सिंह एक प्राइवेट कम्पनी में कार्यरत था और साथियों को कार से छोडकर वापस आ रहा था, कि तभी गुरूवार को चित्तौडगढ राजस्थान में हुई कार दुर्घटना के चलते सत्यम की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई। मूल रूप से ग्राम खितौरा निवासी मृतक लगभग चार दिन पूर्व ही वह घर से नौकरी करने चित्तौडगढ गया हुआ था। मृतक के एक्सिस बैंक में कार्यरत बडे भाई अंकित यादव के यहाँ करीब एक सप्ताह पूर्व बेटे का जन्म हुआ था। जिसके चलते परिवार में खुशियों का माहौल था। अचानक घटित घटना से माँ प्रभा देवी सहित अन्य परिवारीजनों में चीख पुकार के बीच कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य राजस्थान के लिए रवाना हो गये।

### 17 वर्षीय छात्रा ने दी जान

**जसवंतनगर, इटावा, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम धरबार में गुरुवार देर शाम एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां कक्षा 12 में पढ़ने वाली 17 वर्षीय छात्रा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के बरामदे में पंखे के कुंडे में रस्सी के फंदे से लटका मिला। किशोरी की माँ रूबी देवी ने पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए बताया कि मेरी बेटी ने आत्महत्या कर ली, हालांकि इसके कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। मृतका के पिता दिल्ली में निजी काम करते हैं, जबकि माँ रूबी देवी घटना के समय अपनी दो बेटियों और पुत्र के साथ खेतों पर गई हुई थीं। घर लौटने पर जब उन्होंने बरामदे में किशोरी को रस्सी के सहारे पंखे के कुंडे से लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर उपनिरीक्षक यशवीर तोमर फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष कमल भाटी का कहना है कि प्रारंभिक जांच में कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की गहन जांच में जुटी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही विस्तृत जानकारी दे पाएंगे।

### नहीं रहे सामाजिक कार्यकर्ता विनोद चौहान

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** अन्ना हज़ारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन में प्रथम पंक्ति के आंदोलनकारी रहे प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता विनोद चौहान 55 अब नही रहे। मुंह के छालों के लंबे इलाज के बावजूद उन्हे बचाया नहीं जा सका।यमुना तट पर उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने उनको श्रद्धांजलि दी। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से इतिहास राजनीतिशास्त्र में परास्नातक विनोद चंद्रपुरा इकदिल लखना नहर के निवासी थे, जो हर्षवर्धन होटल के सामने पांडेय ट्रांसपोर्ट वाली सड़क पर अग्रेजों के साथ रह रहे थे। वे कर्तव्य एवम अधिकार एक जनांदोलन नामक संगठन सहित अनेक सस्थाओं के साथ जनहित के मुद्दों पर क्रांतिकारी तेवरों के लिए जाने जाते थे। किसानों मजदूरों आदि की समस्याओं के लिए आए दिन उन्हे कचहरी में ज्ञापन देते और जनहित के प्रश्नों पर अधिकारियों से बहस करते और लोगों को अधिकार दिलाते हुए देखा जाता था। उनकी ईमानदारी और संघर्षशीलता के कारण वे समस्त पत्रकारिता वर्ग में भी खासे लोकप्रिय रहे। उनके आंदोलन के साथियों गणेश ज्ञानार्थी, डा. आशीष कुमार, दीपक राज, वीरू कठेरिया आदि सहित पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता संटू आदि ने उनकी सामाजिक सेवाओं का स्मरण करते हुए सबने उनके योगदान को भूरि भूरि प्रशंसा की। उनकी पत्नी और एक बेटी ग्वालियर में निवासित है।

### तेज रफ्तार ई-रिक्शा पलटा, एक की मौत

**पैलानी/बांदा, समृद्धि न्यूज।** जसपुरा थाना क्षेत्र के कुंडाडोल गांव के 13 वर्षीय मासूम बुद्धराज की शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक बुद्धराज अपने पिता मुन्नीलाल के साथ जसपुरा से ई–रिक्शा के जरिए घर लौट रहा था। सुबह करीब 10 बजे गौरीकला चौराहा के पास अचानक ई–रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें बुद्धराज उसके नीचे दब गया। परिजनों ने बताया कि ई–रिक्शा में पहले से ही करीब 15 पटरे लदे हुए थे और चालक तेज रफ्तार में वाहन चला रहा था। इसी बीच संतुलन बिगड़ने से रिक्शा पलट गया। हादसे के बाद घायल बुद्धराज को तत्काल सीएचसी जसपुरा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के दादा ओमप्रकाश ने बताया कि बुद्धराज पिता का इकलौता पुत्र था। उसकी मां उर्मिला और तीन बहनेंकृगुड़िया (विवाहित), खुशबू तथा रेशमा (दोनों अविवाहित)कृरो–रोकर बेहाल हैं। बुद्धराज तीनों बहनों में सबसे छोटा था। हादसे के समय पिता मुन्नीलाल परिवार के साथ पूर्व मंत्री दर्जा प्राप्त अच्छेलाल निशाद की पुत्री की शादी में बांदा गए हुए थे। वहीं से पिता–पुत्र आज सुबह जसपुरा लौटे थे और वहां से ई–रिक्शा पर बैठकर अपने गांव कुंडाडोल जा रहे थे। थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बांदा भेज दिया गया है। ई–रिक्शा को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस आगे की आवश्यक कार्रवाई कर रही है। मासूम की मौत से गांव में मातम पसरा है, परिवार का रो–रोकर बुरा हाल है।

### ट्रक चालक के साथ मारपीट करने वाले अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**पैलानी/बांदा, समृद्धि न्यूज।** पैलानी थाना पुलिस द्वारा ट्रक चालक के साथ मारपीट करने वाले 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है बुधवार को थाना पैलानी क्षेत्रान्तर्गत सिंधनकला के पास कुछ लोगो द्वारा ट्रक चालक के साथ मारपीट की घटना कारित कि गई थी तत्पश्चात ट्रक चालक की सूचना पर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे । इसी क्रम में बृहस्पतिवार को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति सिंधन जाने वाले घाट के पास बैठे है । सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर जाकर अभियुक्तों को पकड़ लिया गया । पूछताछ में बताया कि हम लोगो के द्वारा ही ट्रक चालक से मारपीट घटना कारित की गई थी । पुलिस द्वारा अभियुक्तों को गिरफ्तार करते न्यायालय भेजा गया तथा अन्य अभियुक्तों के गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है आनंद उर्फ शनि पुत्र राजू निवासी सिंधनकला थाना पैलानी जनपद बांदा ,सतीश उर्फ लूली पुत्र राजकरन निवासी सिंधनकला थाना पैलानी जनपद बांदा वही थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार वर्मा द्वारा बताया गया कि दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# नवविवाहिता ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

**पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**चकरनगर, इटावा, समृद्धि न्यूज।**

चकरनगर थाना के गांव ददरा में एक नव विवाहिता ने एमपी के ग्वालियर बिरला हॉस्पिटल में उपचार के दौरान गुरुवार दोपहर समय दम तोड़ दिया। मृतका के पिता ने दहेज उत्पीड़न करने और समय से सही उपचार न कराने का आरोप लगाते हुए संबंधित पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पति सास सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

एमपी के ऊमरी थाना के गांव मनभावन का पुरा निवासी वीरेश ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने अपनी 20 वर्षीय पुत्री रश्मि



की शादी 29 मई 2025 को थाना चकरनगर के गांव ददरा निवासी दीपेंद्र दोहरे के साथ की थी। आरोप है कि मृतका के ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित कर रहे थे, इस दौरान वह बीमार हो गई, तो ससुराली जन के द्वारा मृतका का उपचार भी सही तरीके से नहीं कराया गया। पिता का आरोप है कि पुत्री का उपचार पांच दिन पहले से ग्वालियर के बिरला हॉस्पिटल में शुरू कराया गया था, यहां गुरुवार दोपहर समय लगभग एक बजे रश्मि ने दम तोड़ दिया। तहसीलदार विष्णु दत्त मिश्र ने पंचनामा की कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति दीपेंद्र दोहरे ने बताया कि पत्नी शादी से पहले से ही बीमार थी, जिसका खूब उपचार कराया गया। लेकिन दिमांगी टीबी होने के कारण वह सही न हो सकी। दहेज व उत्पीड़न का आरोप लगत लगा रहे है, आज तक ऐसी कोई बात ही नहीं हुई। पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर पति दीपेंद्र पुत्र राम नरेश दोहरे, सास ऊषा पत्नी राम नरेश, जेठ पिंटू पुत्र राम नरेश, जेठानी सुमन पत्नी पिंटू, ननद सोनी पुत्री राम नरेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी। बृजेश सिंह इंचार्ज थानाध्यक्ष चकरनगर ने बताया कि महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है, पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा लिखकर कार्रवाई की जा रही है।

## नाबालिग लड़की का अपहरण, आरोपी पर मुकदमा दर्ज

**परिवार ने सुरक्षित बरामदगी की लगाई गुहार**

**जसवंतनगर, इटावा, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र में एक गाँव से नाबालिग किशोरी के अपहरण का मामला दर्ज होने से सनसनी फैल गई। पीड़ित पिता के अनुसार उनकी 17 वर्षीय पुत्री को 4 नवंबर की रात करीब 11 बजे नितिन उर्फभोलू पुत्र नरेंद्र सिंह, निवासी परसौआ ले गया। घटना के बाद से लड़की घर नहीं लौटी, जिससे परिजन गहरी चिंता में हैं। परिजनों ने बताया कि आरोपी दो दिन पहले भी घर के आसपास संदिग्ध रूप से मंडराता देखा गया था। लड़की के फोन के बंद होने से परिवार की बेचैनी और बढ़ गई है। पिता ने आशंका जताई कि आरोपी किसी अप्रिय घटना की नीयत से पुत्री को साथ ले गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अपहरण सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है। परिवार ने प्रशासन से बेटी को जल्द सुरक्षित बरामद कराने की गुहार लगाई है।

# नीरज दूबे की प्रथम पुण्यतिथि पर शांति हवन का हुआ आयोजन



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**


समाजसेवी स्व. नीरज दुबे जिला मलेरिया अधिकारी की प्रथम पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि देने के लिए शांति हवन का आयोजन गायत्री शक्ति पीठ हनुमान मन्दिर पक्का तालाब इटावा पर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर हवन पूजन के सरोज वृद्ध आश्रम विष्णुपुरम कालोनी महेरा चुंगी इटावा व जिला अस्पताल में वृद्धजनों एवं मरीजों को मिठाई व फल वितरित किये। इस मौके पर नीरज दुबे का पुत्र प्रज्जुल दुबे, ओम दुबे, राजेंद्र दुबे, अनिल शुक्ला, शिवहरि दीक्षित, गोविंद माधव शुक्ला, डॉ. जयकिशन तिवारी, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष आदित्य उर्फ बंटी बाजपेयी, परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट, मनीष उपाध्याय जसबंतनगर, पीसीसी सदस्य कांग्रेस प्रशांत तिवारी, संजय शर्मा, मयंक विधौलिया, दीपक पंडित, शिवाकांत चौधरी, राज कुमार मिश्रा, श्याम शर्मा उर्फ दादा, रोहित चौधरी, अनय बाजपेयी, संजीव दीक्षित, मनोज तिवारी, मनीष दीक्षित, अमित दीक्षित, क्षत्रिय महासभा की जिलाध्यक्ष महिला सभा शोभा चौहान, अक्षय सिंह एड., विकास वर्मा, रणवीर सिंह एड. उपस्थित थे।

# जुमे की नमाज पर कड़ी सुरक्षा

**बाबरी विध्वंस की बरसी से पहले पुलिस अलर्ट**

**जसवंतनगर, इटावा।** बाबरी मस्जिद विध्वंस की 33वीं बरसी से एक दिन पहले शुक्रवार को नगर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क दिखाई दी। जुमे की नमाज के दौरान नगर की सभी प्रमुख मस्जिदों, विशेषकर लुधपुरा क्षेत्र में, सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी रही। नमाजियों ने शांति और अनुशासन के साथ नमाज अदा की, वहीं पुलिस लगातार व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रही।

पुलिस प्रशासन हर वर्ष 6 दिसंबर को आने वाली बाबरी विध्वंस बरसी को लेकर अलर्ट मोड में रहता है। इस बार भी शुक्रवार को जुमे की नमाज के मद्देनजर नगर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सिपाहियों



की तैनाती बढ़ाई गई थी, ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह या अप्रिय स्थिति को पैदा होने से रोका जा सके। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने स्वयं मौके पर पहुंचकर सुरक्षा इंतजामों की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने जवानों को सतर्क रहते हुए संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए। पुलिस टीम लगातार गश्त करती रही और शांति व्यवस्था बनाए रखी।स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की सक्रियता की सराहना की और नगर में शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की।

# कोई भी मतदाता एसआईआर से वंचित न रहने पाए : अफसाना

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

निर्वाचन आयोग ने जहां बूथ लेवल ऑफीसर (बीएलओ) की नियुक्ति करके विशेष प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) का अभियान तेज कर रखा है, वहीं विभिन्न राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) एसआईआर में गड़बड़ी पर नजर रखने और मतदाताओं का मताधिकार बचाए रखने में मदद करने का काम कर रहे हैं।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफसाना शाह ने शुक्रवार को अपनी पार्टी के बूथ लेवल एजेंटों के साथ मोहल्ले-मोहल्ले जाकर मतदाताओं को उनके मताधिकार की जानकारी दी और एसआईआर का फार्म भरने का सही तरीका सिखाया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती शाह ने एसआईआर की ढुलमुल प्रक्रिया पर सवाल उठाए। कहा कि एसआईआर के नाम बीएलओ के रूप अनैतिक दबाव



बनाया जा रहा है, जिससे कहीं बीएलओ आत्महत्या कर रहे हैं तो कहीं डिप्रेशन व अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। कहा कि भाजपा की वोट चोरी की मंशा को कांग्रेसी पूरा नहीं होने देंगे। उन्होंने सभी मतदाताओं को आवश्यक कागजात प्रस्तुत करके अपना मताधिकार बचाने के लिए आगे आने का आह्वान किया। कहा कि जब तक एक-एक वोटर अपने मताधिकार के प्रति जागरूक नहीं होगा, तब तक एसआईआर के नाम सत्ताधारी वोट चोरी में सफल होते रहेंगे। श्रीमती शाह ने शुक्रवार को शहर के बूथ संख्या 18 डीआर पब्लिक स्कूल, पुलिस लाइन के अंदर प्राथमिक विद्यालय भाग संख्या 19 20 21 22 पहुंचकर मीटिंग भी लिए कई अधिकारियों के साथ बैठक हुई आदि इलाकों का भ्रमण किया और पार्टी के बीएलए के साथ मतदाताओं को एसआईआर फार्म भरने का सही तरीका बताया।

कहा कि कोई भी मतदाता एसआईआर का फार्म भरने से वंचित न रह जाए, इसके लिए कांग्रेस की कई टीमें बूथवार सक्रिय हैं। हालांकि उन्होंने एसआईआर की अंतिम तारीख बढ़ाकर कम से कम तीन माह का समय दिए जाने पर बल दिया।

## आनलाइन उपस्थिति प्रणाली के विरोध में ग्राम पंचायत अधिकारी संघ ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन




**नरैनी/बांदा, समृद्धि न्यूज।** आनलाइन उपस्थिति प्रणाली एवं मूल विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य कार्यों के थोपे जाने से नाराज ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एशोसिएशन ने अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु मुख्यमंत्री को संबोधित 10 सूत्री मांग पत्र खण्ड विकास अधिकारी को सौंपा है। सचिव चार दिसम्बर तक क्रमिक आंदोलन कर चुके है। उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन ने खण्ड विकास अधिकारी को दिए ज्ञापन में बताया है कि पूरे प्रदेश में क्षेत्रीय ग्राम सचिव अपना मूल कार्य नियमित ढंग से नहीं कर पा रहे हैं। क्योंकि उनके ऊपर गैर विभागीय कार्य जैसे फार्मर रजिस्ट्री, एग्रो स्टैक सर्वे, गौशाला प्रबंधन, आयुष्मान हेल्थ कार्ड, फैमिली आईडी, विभिन्न प्रकार के पेंशनों का सत्यापन, शिक्षा विभाग के ऑपरेशन कायाकल्प एवं बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी, गायों के लिए भूसा का प्रबंधन, सोलर पैनल लगवाने का लक्ष्य, पराली प्रबंधन आदि को करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए शासन प्रशासन दबाव बना कर उनसे कार्य कराता हैं।बताया है कि राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग पशुपालन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों का कार्यक्षेत्र तथा योजनाएं ग्राम पंचायत सचिवों की अपेक्षा सीमित है।बताया है कि ग्राम पंचायत सचिवों का कार्य वर्तमान में मांग आधारित न होकर पूर्ण रूप से लक्ष्य आधारित है।ज्ञापन के दौरान सचिव रमेश चंद्र कुशवाहा,अशोक कुमार यादव, सुशील कुमार द्विवेदी, सुरेश पटेल, सुरेश वर्मा, प्रमोद कुमार, अनुज कुमार, ध्यानचंद कुशवाहा, पूनम पांडे, शशि प्रकाश पांडे, सचिन प्रताप, अतुल अंजान मौर्य, रविंद्र कुमार, संतोष कुमार कुशवाहा, महेश कुमार, धीरेंद्र प्रताप सिंह, विंध्यवासिनी सिंह आदि सचिव मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति टीम ने बच्ची को सकुशल बरामद कर परिजनों के किया सुपुर्द



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** एसपी पलाश बंसल के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान आपरेशन मुस्कान के क्रम में आज थाना अतर्रा की मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा गुम हुई एक 04 वर्षीय बच्ची को 02 घण्टे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द। गौरतलब हो कि आज थाना अतर्रा पर मां के द्वारा सूचना दी गई कि मै सिविल लाइन कानपुर की रहने वाली हूं यहां अपने मायके आई हुई थी और मेरी बच्ची कुछ दूर पर टॉफी लेने गई थी लेकिन अभी तक नही लौटी है। सूचना पर मिशन शक्ति टीम द्वारा तत्काल बच्ची की मां को लेकर कस्बे में खोजबीन करना शुरु कर दिया गया। कुछ देर बाद एक बच्ची रेलवे फाटक बिसन्डा रोड कस्बा अतर्रा के पास बैठी दिखाई दी। जिसे मां द्वारा अपनी बेटी बताया गया। बच्ची से पूछने पर बताया कि वह रास्ता भटक गई थी। रास्ता भटक जाने के कारण रेलवे फाटक के पास बैठ गई थी। पुलिस टीम द्वारा बच्ची को जल्द से जल्द सकुशल उसकी मां को सुपुर्द किया गया । बच्ची के परिजनों ने पुलिस टीम का हृदय से धन्यवाद दिया ।

# बुंदेलखंड में भूजल पुनर्भरण प्रणाली पर प्रक्षेत्र दिवस आयोजित

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में फैले बुंदेलखंड क्षेत्र में पानी की गुणवत्ता और उपलब्धता से जुड़ी गंभीर चुनौतियाँ हैं। इस क्षेत्र का सूखा मौसम, अनियमित बारिश और पानी के खराब प्रबंधन की वजह से पानी की कमी और बढ़ जाती है, जिससे खेती, रोजी-रोटी और इंसानों की सेहत पर असर पड़ता है। बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय बांदा में इन्हीं बिंदुओं पर केंद्रित प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद (उपकार) द्वारा वित्त पोषित शोध परियोजना के अंतर्गत श्बुंदेलखंड में भूजल पुनर्भरण प्रणालीश् विषय पर आधारित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के सूखा प्रभावित क्षेत्रों मे जल संरक्षण एव भुजल स्तर मे सुधार हेतु आधुनिक एव वैज्ञानिक तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. अभय यादव उप निदेशक कृषि बांदा ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। निदेशक शोध प्रोफेसर जगन्नाथ पाठक, निदेशक पीएमएसी प्रोफेसर ए. के. श्रीवास्तव, अधिष्ठाता वानिकी महाविद्यालय प्रोफेसर संजीव कुमार एवम विभागाध्यक्ष डा. शरद कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। डा. यादव ने




अपने संबोधन मे कहा की बढ़ती जल की कमी से निपटने के लिए वैज्ञानिक शोध एवं सामुदायिक प्रयास और व्यवहारिक जल प्रबंधन तकनीकों का एक साथ अपनाया जाना आवश्यक है। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा विकसित रिचार्ज पिट परमोलेशन डैम, रुफ़ वाटर हार्वेस्टिंग माडल और फार्म जलाशय को क्षेत्रीय जल संरक्षण के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। विशेषज्ञों ने भुजल पुनः भरण के वैज्ञानिक उपायों जैसे रन आफ कैप्चर तकनीक, डिजिटल जल, म्रदा संरक्षण आधारित जल संचयन, भुजल गुणवत्ता विश्लेषण पर जानकारी दी। परियोजना अन्वेषक डा. अरविन्द गुप्ता, सहायक प्राध्यापक, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन ने बताया कि इस परियोजना से जल के नमूनों में आरएससी क्लोराइड, कार्बोनेट एवं बाइकार्बोनेट तथा एसएआर के मान में भारी परिवर्तन देखा गया है। पिछले वर्ष की तुलना में इसमें काफी सुधार पाया गया। सिंचाई के लिए जल गुणवत्ता मापदंडों (एफएओ 1994) के आधार पर, सिंचाई उद्देश्यों के लिए भूजल की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है। प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय परिसर में विकसित रिचार्ज मॉडल का प्रक्षेत्र भ्रमण कराया गया। प्रतिभागियों में क्षेत्र के प्रगतिशील किसान और कृषि विभाग बांदा के प्रसार कार्यकर्ता शामिल थे। अतिथियों ने परियोजनाओ की सराहना करते हुये कहा की जल संरक्षण की दिशा मे युवाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। समापन अवसर पर निदेशक शोध प्रोफेसर जगन्नाथ पाठक ने सभी वैज्ञानिकों, आधिकारियों, प्रतिभागियों एवम छात्रों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि विश्वविद्यालय जल प्रवर्धन से जुड़े अनुसंधान को और मजबूत करेगा तथा प्रदेश के किसानों को उपयोगी तकनीकों से लाभान्वित करने के लिये प्रयास जारी रखेगा।

कार्यक्रम का संचालन डा. अरविन्द गुप्ता ने किया। इस मौके पर निदेशक डा. राजीव उमराव, डा. देव कुमार, डा. अवनीश शर्मा, डा. चंद्रकान्त तिवारी, डा. दिनेश गुप्ता, डा. शशांक शेखर, छात्र-छात्राएं एवम प्रतिभागीगण मौजूद रहे।

## परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों ने ट्रैक्टर-ट्रालियों पर लगाये रिफ्लेक्टर



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** आगामी शीत ऋतु के दृष्टिगत घने कोहरे में दृश्यता कम होने के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु आज परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा कालु कुँआ मण्डी समिति पहुँचकर मण्डी में आने वाले 31 ट्रैक्टर ट्रालियों में रिफ्लेक्टर लगाया गया। इस अवसर पर वाहन चालकों। स्वामियों को सुरक्षित यात्रा हेतु यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया।इसके पूर्व में भी दिनांक 03 दिसंबर 2025 को भीआगामी शीत ऋतु के दृष्टिगत घने कोहरे में दृश्यता कम होने के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव हेतु सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) चित्रकूटधाम सम्भाग, बाँदा के नेतृत्व में परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा बबेरू मण्डी पहुँचकर मण्डी में आने वाले 35 ट्रैक्टर ट्रालियों में रिफ्लेक्टर लगाया गया। उक्त अवसर पर उदयवीर सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), श्यामलाल, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी बाँदा, राम सुमेर यादव, यात्री कर अधिकारी (प्रथम) बाँदा व वीरेन्द्र नाथ राजभर, यात्रीकर अधिकारी (द्वितीय) बाँदा द्वारा वाहन चालकों। स्वामियों को सुरक्षित यात्रा हेतु यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया।